e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 355
रविवार
31.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
यदि आप सफल होना चाहते हैं, तो अपने अंदर की प्रतिभा को पहचानिए।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### अनुराग ठाकुर ने भारत सरकार के नए साल 2024 का कैलेंडर जारी किया

**नई दिल्ली** : भारत सरकार का नये साल का कैलेंडर शनिवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर जारी कर दिया। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान अनुराग ठाकुर ने नए साल के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत सरकार ने बहु-प्रतीक्षित 2024 का वार्षिक कैलेंडर लांच किया है। उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर पिछले 12 महीनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मोदी सरकार की उपलब्धियों को दर्शाता है।इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि तारीखें और महीने बदल गए, साल बीत गए लेकिन एक चीज जो नहीं बदली है, वह है काम के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, विकसित भारत का संकल्प। उन्होंने यह भी कहा है कि यही कारण है कि आज देश कहता है भरोसा बराकरार, मोदी सरकार।

### राजस्थान : 22 मंत्रियों ने ली शपथ

**जयपुर** : राज्यस्थान मंत्रिमंडल का विस्तार शनिवार को किया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंत्रियों को शपथ दिलाई। भजनलाल सरकार में दो डिप्टी सीएम के अलावा 22 मंत्रियों ने शपथ ली है। इसमें 12 कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। इसके साथ ही दस राज्यमंत्री बनाए गए हैं, जिसमें पांच को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। भजनलाल मंत्रिपरिषद में बनाए गए 22 मंत्रियों में से 16 पहली बार मंत्री बने हैं। सीएम और दो डिप्टी सीएम को भी मिला लिया जाए तो 25 में से 20 पहली बार के मंत्री हैं।

### विदेशी हथियार के साथ टीएसपीसी संगठन के 2 उग्रवादी गिरफ्तार

**टंडवा** : पिपरवार थाना क्षेत्र में आगजनी एवम् फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर एवं सक्रिय सदस्य को हथियार,गोली,नक्सली पर्चा एवं मोबाइल इत्यादि सामानों के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। कोयलांचल क्षेत्र में कोल व्यवसाईयों एवं संवेदकों के लिए भय एवं आतंक का परिचायक बन चुके टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर नीरज गांझू उर्फ जय मंगल एवं सक्रिय सदस्य धनेश्वर करमाली उर्फ डीके को गिरफ्तार किया गया है। विगत 19 दिसंबर को पिपरवार थाना के ग्राम बिलारी में जय मां अंबे ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के दो कोल हाईवा वाहन में इन अपराधियों के द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के महज दस दिनों के अंदर ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तारी में इनके पास से एक देसी करवाईन, 7.62 का एक मैडिन यूएसए पिस्टल, एक देशी पिस्तौल, पांच चक्र जिंदा गोली,टीएसपीसी संगठन का लेटर पैड 25 तथा विभिन्न कंपनियों के मोबाइल बरामद किए गए हैं। इस छापामारी अभियान में टंडवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी केदारनाथ राम, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी टंडवा विजय कुमार सिंह सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

### मुख्यमंत्री ने अयोध्या के लिए छत्तीसगढ़ का 300 मीट्रिक टन सुगंधित चावल किया रवाना

**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सुगंधित चावल अर्पण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रीराम मंदिर परिसर से 300 मीट्रिक टन चावल से भरे 11 ट्रकों को झंडी दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया। सुगंधित चावल अर्पण समारोह में राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से जन्मभूमि अयोध्या के लिए सुगंधित चावल भेजा गया है।श्रीराम मंदिर में मुख्यमंत्री साय ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ भगवान श्रीराम, माता जानकी और भगवान लक्ष्मण की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री दयाल दास बघेल, मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

### अगले दो दिनों तक घने कोहरे का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली** : भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को रेड अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तर पश्चिम और उससे सटे मध्य भारत के मैदानी इलाकों के कई हिस्सों में बहुत घना कोहरा जारी रहने की संभावना है।आईएमडी ने यह भी कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान घने कोहरे के पूर्वी भारत तक बढ़ने की संभावना है।आईएमडी ने दिल्ली,पंजाब,हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 30 और 31 दिसंबर को कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $22^0$ |
| न्युनतम | $10^0$ |

## पीएम मोदी ने अयोध्या में दी 16 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट की सौगात

# 22 जनवरी को पूरे देश में मनाएं दिवाली : मोदी

**एजेंसी**

**अयोध्या** : पीएम ने अयोध्या में 16 हजार करोड़ की लागत से 46 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया.उन्होंने यहां नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट और पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन समेत अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन किया. दो अमृत भारत और छह नई वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई. पीएम अयोध्या में चार नव पुनर्विकसित,चौड़ी और सौन्दर्यीकृत सड़कें- रामपथ,भक्तिपथ, धर्मपथ और श्री राम जन्मभूमि पथ का उद्घाटन किया. इससे पहले पीएम ने अयोध्या में रोड शो किया. पीएम मोदी ने 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर देशवासियों से विशेष आग्रह किया. पीएम ने कहा,मैं 140 करोड़ देशवासियों से प्रार्थना कर रहा हूं कि 22 जनवरी को जब अयोध्या में प्रभु श्री राम विराजमान हों, तब अपने घरों में श्री राम ज्योति जलाएं, दीपावली मनाएं. 22 जनवरी की शाम पूरे हिंदुस्तान में जगमग होनी चाहिए.उस दिन सबको अयोध्या आना संभव नहीं है.अयोध्या में सबका पहुंचना बहुत मुश्किल है.सभी राम भक्तों को हाथ जोड़कर प्रणाम के साथ प्रार्थना है कि 22 जनवरी को एक बार विधि पूर्वक कार्यक्रम हो जाने के बाद 23 जनवरी के बाद अयोध्या आएं.पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है. अयोध्या वासियों में यह उत्साह और उमंग स्वभाविक है.भारत की मिट्टी के कण-कण और जन-जन का मैं पुजारी हूं. मैं भी आपकी तरह उतना ही उत्सुक हूं. हम सभी का यह उत्साह और उमंग अयोध्या की सड़कों पर पूरी तरह नजर आ रहा है. ऐसा लगा कि पूरी अयोध्या नगरी ही सड़क पर उतर आई है. इस प्यार और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं.

### श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी की शाम पूरा हिंदुस्तान जगमग होना चाहिए




### 14 जनवरी से 22 जनवरी तक हर मंदिर में चलाएं स्वच्छता अभियान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के सभी तीर्थ क्षेत्रों से और मंदिरों से मेरा आग्रह है कि भव्य राम मंदिर के निर्माण के निमित्त, 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन से पूरे देश के सभी तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता का बहुत बड़ा अभियान चलाना है। हर मंदिर में सफाई का अभियान हमें 14 से 22 जनवरी तक चलाना है।

### अयोध्या को भारत का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है

पीएम मोदी ने कहा कि 23 के बाद सभी लोग अयोध्या आएं। साढ़े पांच सौ साल इंतजार किया तो कुछ दिन और कर लें। कुछ खास लोग ही 22 को आएंगे। आयोध्या को भारत का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है। 14 जनवरी से सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाना है। उज्जला की दस करोड़वी लाभार्थी के घर मुझे चाय पीने का मौका मिला।

### पीएम ने निषाद परिवार को दिया न्योता

पीएम मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने के लिए अयोध्या के निषाद समुदाय को न्योता दिया है. पीएम यहां निषाद परिवार से जुड़े रविंद्र मांझी के घर पहुंचे और 22 जनवरी को कार्यक्रम में आने का न्योता दिया है. पीएम मोदी ने निषाद परिवार के घर पर चाय पी. वहां एक बच्ची ने पीएम के साथ सेल्फी ली. इस दौरान राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपात राय भी मौजूद रहे. राम मंदिर के परिसर में भगवान निषाद राज का भी मंदिर बनाए जाने का प्लान है

# नववर्ष को लेकर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में नववर्ष को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को अलर्ट कर दिया है। सभी एसपी को पार्क, फॉल, मंदिर सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने को कहा गया है। आम लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस की गश्त विशेष रूप से की जायेगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ जांच के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया गया है। जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा, ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो। सभी रेंज डीआइजी को निर्देश दिया गया है कि वे सुरक्षा को लेकर अपने कार्य क्षेत्र के अधीन आने वाले एसएसपी और एसपी को आवश्यक निर्देश देंगे। रांची में पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में नववर्ष को लेकर लगभग 2000 अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में सभी जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा एसपी, डीएसपी और सभी थाना प्रभारी को

**भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस की गश्त विशेष रूप से की जायेगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ जांच के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया गया है। जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा, ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो।**

अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। साथ ही सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।खासकर होटलों और रेस्टोरेंट जहां पर न्यू ईयर की लेट नाईट पार्टी आयोजित होगी वहां भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। एसएसपी ने अपील कि है कि खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी ना लें, डूबने वाले इलाके में स्नान के लिए न उतरें। नये साल में शराब पीकर यदि कोई वाहन चलाता मिला तो उसकी खैर नहीं है। इसके लिए ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाने को कहा है। साथ ही महिलाओं और युवतियों से छेड़खानी करने वालों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने फिर किया तलब

### * ईडी ने सीएम को सातवीं बार भेजा समन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को सातवीं बार समन भेजकर तलब किया है।

ईडी ने उन्हें सात दिन के अंदर बयान दर्ज कराने को कहा है। साथ ही दो दिन के अंदर ऐसी जगह बताने को कहा है, जो उनके और एजेंसी के लिए उपयुक्त हो। ईडी ने मुख्यमंत्री सोरेन को पहली बार इस साल 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था।

इसके बाद 24 अगस्त, नौ सितंबर, 23 सितंबर, चार अक्टूबर और 12 दिसंबर को समन भेजकर पूछताछ के लिए रांची जोनल कार्यालय बुलाया था।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में ईडी ने कहा है कि बड़गाई अचंल के राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप के मामले में दर्ज ईसीआईआर संख्या आरएनजेडओ/25/23 की जांच चल रही है। यह जांच सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ और जालसाजी से संबंधित है। इसमें बयान दर्ज करने के लिए इससे पहले छह समन भेजे जा चुके हैं। आप एक बार भी ईडी कार्यालय में हाजिर नहीं हुए। इसके लिए आपने निराधार कारण बताए।

इससे जांच में अड़चन आ रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी के समन को मुख्यमंत्री दुर्भावना और राजनीति से प्रेरित बताते हुए परेशान करने का आरोप लगाये हैं। साथ ही समन वापस नहीं लेने पर कानूनी रास्ता अपनाने की बात कह चुके हैं। मुख्यमंत्री सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटा चुके हैं।

# गिरिडीह : 20 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लाख 38 हजार नकदी जब्त किया गया है। साथ ही दो लग्जरी गाड़ी के साथ चार बाइक, छह एटीएम कार्ड, 50 सिम कार्ड, 27 मोबाइल फोन भी जब्त किये गये हैं। पुलिस ने गिरिडीह और देवघर के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर गिरफ्तारी की है।गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा एवं साइबर डीएसपी संदीप सुमन ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सभी आरोपित 20 से 25 साल के उम्र के हैं।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह** : पुलिस ने 20 साइबर अपराधियों को दबोचा है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लाख 38 हजार नकदी जब्त किया गया है। साथ ही दो लग्जरी गाड़ी के साथ चार बाइक, छह एटीएम कार्ड, 50 सिम कार्ड, 27 मोबाइल फोन भी जब्त किये गये हैं। पुलिस ने गिरिडीह और देवघर के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर गिरफ्तारी की है।गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा एवं साइबर डीएसपी संदीप सुमन ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सभी आरोपित 20 से 25 साल के उम्र के हैं। इनमें गिरिडीह जिले के जमुआ थाना इलाके के बेहराडीह गांव निवासी विकास मंडल, मनोहर मंडल, अजय मंडल, जमुआ के ही बगेहडीह निवासी अजनबी मंडल, देवघर के पत्थरूल निवासी मेराजुदीन अंसारी, गांडेय के प्रहरीडीह निवासी शराफत अंसारी, बेंगाबाद के साठीबाद निवासी भिखलाल मंडल और सुरेंद्र मंडल के साथ कृष्णा मंडल, ओमप्रकाश मंडल, और प्रदीप मंडल, गांडेय निवासी दीपू साहू मोहनडीह निवासी सुमन शर्मा, सोनबाद निवासी सुभाष राय, देवघर के मधुपुर के लखना मौहल्ला निवासी इकराम अंसारी के साथ सारवा थाना इलाके के डौंडिया गांव निवासी रियाज अंसारी, काशितांड निवासी जावेद अंसारी, जाबिर अंसारी, गांडेय के ओझाडीह निवासी शेखगुड्डु और गांडेय के रसकुट्टो गांव निवासी डबलू तूरी शामिल हैं। एसपी बताया कि जब्त दोनों लग्जरी गाड़ियों में एक टाटा नेक्सो का मालिक प्रदीप मंडल है जबकि ब्रेज्जा गाड़ी का मालिक शराफत अंसारी है। इन दोनों के खिलाफ पहले से साइबर अपराध के कई केस दर्ज हैं। दोनों अपराधियों ने पिछले छह माह के अपराध में ही दोनों महंगी गाड़ियों को खरीदा है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में एक को शहर के सिहोडीह से ही दबोचा गया है। वह किराए के मकान में रहकर साइबर अपराध की घटना को अंजाम दे रहा था।

# झारखंड : बारिश से होगी नए साल की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य में फिर पश्चिमी विक्षोभ के आने से मौसम तेजी से बदलेगा। नए साल की शुरुआत हल्की बारिश के साथ हो सकती है। नये साल के आगमन के साथ ही राज्य के मौसम में भी बदलाव देखा जायेगा। एक जनवरी की शाम से जहां राज्य के पश्चिमी हिस्से में बारिश की संभावना है, वहीं दो जनवरी से राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश के आसार हैं। राज्य के पश्चिमी हिस्से पलामू, लातेहार, गढ़वा, कोडरमा, चतरा, लोहरदगा जिलों में एक जनवरी की देर शाम से बारिश की



संभावना व्यक्त की गयी है। दो जनवरी से राज्य के अन्य हिस्सों गुमला, रांची, खूटी, रामगढ़ बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा में बारिश में की संभावना जतायी गयी है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर राज्य में देखा जायेगा। विक्षोभ कमजोर होने के कारण राज्य के कुछ हिस्सों में ही इसका असर देखा जायेगा। विक्षोभ का असर राज्य में चार जनवरी तक देखा जायेगा। हालांकि, चार जनवरी की शाम से बारिश की संभावना कम है। इस दौरान राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। साथ ही बारिश के बाद ठंड के बढ़ने के पूर्वानुमान हैं। रांची में 31 दिसंबर तक राजधानी में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। इस दौरान सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाये रहेंगे। 31 दिसंबर तक खूंटी, रामगढ़, गुमला, लोहरदगा जिला में भी आंशिक रूप से बादल छाये रह सकते हैं। दो से तीन जनवरी के बीच राजधानी में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। बारिश के साथ ही गर्जन होने की संभावना भी है।

# पहलवान विनेश फोगाट ने लौटाए मेडल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट ने अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार वापस कर दिया है। उन्होंने 26 नवंबर को पुरस्कारों को लौटाने का एलान किया था। शनिवार (30 दिसंबर) को विनेश ने प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर कर्तव्य पथ पर खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार को रख दिया। इसे बाद में पुलिस ने उठा लिया। बजरंग पूनिया ने एक्स लिखा,यह दिन किसी खिलाड़ी के जीवन में न आए। देश की महिला पहलवान सबसे बुरे दौर से गुजर रही हैं।विनेश और उनके साथी प्रधानमंत्री कार्यालय जाना चाह रहे थे, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। उसके बाद विनेश ने कर्तव्य पथ पर अपने पुरस्कारों को रख दिया। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे। इसमें संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया था। इसके बाद साक्षी मलिक ने यह कहते हुए कुश्ती से संन्यास ले लिया कि फिर से बृजभूषण जैसा ही चुना गया है तो क्या करें? इसके बाद बजरंग ने पद्म श्री लौटाया और अब विनेश ने अपना खेल रत्न लौटा दिया है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## संक्षिप्त खबरें

### पलामू फोटो एसोसिएशन ने किया वर्कशॉप का आयोजन

**मेदिनीनगर :** पलामू फोटो एसोसिएशन के तत्वावधान में मेदिनीनगर जेलहाता स्थित एसोसिएशन के सदस्यो के कौशल विकास के लिए एक वर्क शॉप का आयोजन किया गया है। इस वर्क शॉप में सोनी कैमरा कंपनी के सरोज कुमार डोडा एंड सरफराज अहमद ने कैमरा के नई तकनीकों के बारे में जानकारी दी। रांची से आई मॉडल रुचिका की लाइव फोटोग्राफी कर फोटोग्राफरों को तकनीक के बारे में जानकारी दी। एसोसिएशन के द्वारा पूर्व में भी फोटोग्राफरो को नये तकनीक की जानकारी देने तथा कठिन परिस्थितियों मे भी हम अपने ग्राहकों को कैसे संतुष्ट कर सके इसका ट्रेनिंग दिया गया। वर्कशॉप का मुख्य उदेश्य अपने ग्राहकों से कैसे डील करें, काम पीआर किस तयारी से जाए इसकी भी जानकारी दी गई। पलामू, गढ़वा, लातेहार इत्यादि जगहो से 100 से अधिक फोटोग्राफर सामिल हुए। इस वर्क शॉप के आयोजन में अध्यक्ष विनय सिन्हा, सचिव प्रेम गुप्ता, अनुज कुमार, प्रेम प्रकाश, उमेश कुमार, जितेंद्र कुमार, बिंदा, राजा, संजय सोनी, बसंत् विश्वकर्मा, प्रमोद, धर्मेंद्र इत्यादि उपस्थित हुए।

### जपला रेलवे स्टेशन से बाइक चोरी

**हुसैनाबाद (पलामू) :** पलामू जिला के हुसैनाबाद क्षेत्र में बाइक चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय है,जपला रेलवे स्टेशन के समीप बीती रात्रि एक हीरो स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल को चोर ले कर फरार हो गए, चोरी हुए मोटरसाइकिल का रंग काला व उजाला है जिसका वाहन संख्या जेएच 03 यू 2704 है। ये मोटरसाइकिल पिपरा निवासी जितेंद्र प्रजापति का था, रात्रि में मोटरसाइकिल से रांची सासाराम इंटरसिटी से आ रहे एक व्यक्ति को लेने गया था बाइक खड़ी कर के अंदर स्टेशन में गया उसी क्रम में चोर ले उड़े।

# पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण रूप से सशक्त बने पीवीटीजी समूह : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को सतबरवा प्रखंड अंतर्गत दुलसुलमा पंचायत के हुड़मुड़ गांव में शिविर का आयोजन किया गया.इस शिविर में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पलामू उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, जिला परिषद सुधा देवी, मुखिया ब्रह्मादेव सिंह,उप मुखिया समेत बड़ी संख्या में पीवीटीजी समुदाय के लाभुक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू सांसद, उपायुक्त समेत अन्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मौके पर बोलते हुए सांसद श्री राम ने कहा कि यह कार्यक्रम सीधे-सीधे



आदिम जनजाति के पिछड़े समूह को लाभान्वित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है.उन्होंने कहा कि समाज की जो संरचना है उसमें मेरा मानना है कि विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह जिसको कि पीवीटीजी कहते हैं समाज के अंतिम पायदान पर बैठा हुआ समूह है और ये लोग सबसे ज्यादा पिछड़े हुए हैं ऐसे में इन समूहों पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है.उन्होंने कहा कि जो भी योजनाओं का अभाव यहां है उसे धरातल पर उतारा जाएगा। विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण,आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा.उन्होंने कोरवा और परहिया जाति के लोगों की घटती संख्या पर भी चिंता जाहिर की।

**पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य संपूर्ण रूप से सशक्त बनें पीवीटीजी समूह : उपायुक्त**

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पीएम जनमन योजना का मुख्य उद्देश्य पीवीटीजी समूह को पूर्ण रूप से सशक्त बनाने का है.इसी उद्देश्य से जिले के अन्य स्थानों जहां पीवीटीजी समूह आवास करते हैं वहां यह शिविर लगाया जा रहा है.इन शिविरों के माध्यम से पीवीटीजी समूह के लोगों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति के वंचित लोगों का आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड,राशन कार्ड,जनधन खाता, केसीसी,वन अधिकार पत्र,जाति प्रमाण पत्र,ई श्रम कार्ड सहित अन्य योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ दिलाया जा रहा है.इसके अतिरिक्त ठंड के मद्देनजर कंबल का वितरण किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी लोगों को रोजगार से कैसे जोड़ा जा सके, इस दिशा में भी कार्य योजना बनायी जा रही है। उन्होंने कहा कि आज जिले के सभी वरीय पदाधिकारी यहां पहुंचे हैं आगे भी हमलोग आते रहगें। उन्होंने शिविर में आये कई लोगों से सीधा संवाद किया।

**शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये थे काउंटर,परिसंपत्तियों का हुआ वितरण**

शिविर में मुख्य रूप से आधार काउंटर, जाति प्रमाण पत्र काउंटर, जनधन बैंक एकाउंट काउंटर, आयुष्मान कार्ड, केसीसी कार्ड, पीएम किसान सामान्य निधि व वन पट्टा से संबंधित काउंटर लगाए गए थे.इसके अलावे अन्य काउंटर लगाकर पीवीटीजी समूह के लोगों का विभिन्न तरह के कार्यो का निष्पादन किया गया।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी आम जनों के बीच ईवीएम एवं वी वी पैट को लेकर जागरूकता एवं जानकारी उपलब्ध कराने के लिये प्रखंडों से नामित 10-10 कर्मियों को शनिवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार मे ईवीएम और वीवीपैट अवेर्नेस का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित प्रखंडों में चिन्हित स्थलों पर ईवीएम और वीवीपैट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें सभी आम जनों को ईवीएम और वीवीपैट के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया जायेगा. उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षक विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहायक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, जनसेवक प्रशांत कुमार एवं सहायक शिक्षक अविनाश कुमार सहाय ने सभी को प्रशिक्षण दिया। मौके पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के केतार, खरौंधी, भवनाथपुर, कांडी अंश भाग, नगर ऊंटरी, बिशनपुरा, रमना, धुरकी, सगमा एवं डंडई प्रखंड के दस-दस नामित कर्मी उपस्थित थे।

## अबुआ आवास को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** अबुआ आवास के योग्य लाभुकों का चयन को ग्राम पंचायत प्रांगण कजरी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें कुल जमा 726 आवेदन में से योग्य 312 व अयोग्य 414 आवेदन का छटनी किया गया। पंचायत सचिवालय में सभी का सूची प्रकाशन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता कर रही मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने बताया की की आठ जनवरी तक योग्य और अयोग्य के विरुद्ध ग्रामीण आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। श्रीमती सिंह ने ग्रामीणों से कहा की ग्राम सभा ही तय करे की असली योग्य लाभार्थी कौन है. उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ने कहा की किसी ग्रामीण को अगर लगता है की योग्य के सूची में वैसे व्यक्ति का नाम है जिसे सरकारी आवास मिल गया है या आवास का अहर्ता नही रखता है उसका आपत्ति पंचायत सचिवालय में दें. जिनका नाम अयोग्य के सूची में है और वह आवास का लाभार्थी का योग्य है उसका भी ग्रामीण आपत्ति दें ताकि सही लाभुकों को अबूआ आवास का लाभ मिल सके. पंचायत सचिव कुशुमलता कुमारी ने योग्य और अयोग्य कटेगरी का पैमाना के बारे में विस्तार से ग्रामीणों को बताया।

## पांचवे दिन रानीताल डैम में डूबे युवक का बरामद हुआ शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपूर :** 25 दिसंबर को 5 से 7 युवक रानीताल डैम में पिकनिक मनाने गए थे इसी दौरान एक युवक धर्मेंद्र प्रसाद कमलापुरी पिता शिवनाथ प्रसाद कमलापुरी चैनपुर निवासी की मौत डैम में डूबने से हो गई थी। यह घटना 26 दिसंबर को हुई थी जिसके बाद लगातार प्रशासन के द्वारा शव को खोजने का प्रयास किया गया था दो दिनों तक तेरा को के द्वारा व स्पेशल टीम के द्वारा शव को खोजने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन शव नहीं मिल पाया था। आज स्थानीय चरवाहों के द्वारा शव मिलने की पुष्टि की गई। जिसके बाद दो युवक डैम में जाकर शव को निकालने का काम किया है डेम में एनडीआरएफ की टीम ने 3 दिन सर्च ऑपरेशन चलाया एनडीआरएफ की टीम के जाने के बाद चौथे दिन रानीताल डैम से अपने आप तैरता हुआ निकला शव। मौके पर प्रशासन पहुंच गई है मामले की छानबीन जारी है। शव नहीं मिलने के बाद जितनी मुंह इतनी बातें हो रही थी बैठकों का दौर भी चल रहा था लेकिन आज शव। मिलने के बाद मामले का पटाछेप हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अत्यंत परीक्षण के लिए भेज भेज दिया है। पुलिस ने शव को लिया कब्जे में। वही शव को भेजा जाएगा पोस्टमार्टम के लिए।

# भाजपा युवा मोर्चा मंडल के अध्यक्ष बने रविंद्र सोनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** शनिवार को लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में भारतीय जनता युवा मोर्चा का मण्डल सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक किया गया। जिसमे केतार मण्डल प्रभारी जितेंद्र दीक्षित शामिल रहे। इस दौरान केतार मण्डल के सभी युवाओं की सर्वसहमति से रविंद्र सोनी को केतार मण्डल का अध्यक्ष बनाया गया। वही केतार मण्डल के महामंत्री विमलेश पासवान, अमित चंद्रवंशी, मण्डल उपाध्यक्ष गौरव सिंह, गौतम पाल, मण्डल मंत्री प्रमोद सिंह, चन्दन पासवान, कोषाध्यक्ष सोनू सिंह, मिडिया प्रभारी हिरालाल ठाकुर, इंदल पटेल, सोशल मिडिया प्रभारी अभिषेक विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा सहित 25 सदस्य युवा मण्डल कार्यसमिति नियुक्त किया गया। मौके पर जिला मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान, सीताराम जायसवाल, विजय गुप्ता,रामाशीष यादव, मनोज कुमार फौजी, उमेश सिंह, संजय ठाकुर सहित अन्य भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## नाबालिक को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के सिंहपुर गांव निवासी ललन कुमार रजक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने दिया कि 17 दिसंबर को धारा 366/34 के प्राथमिक अभियुक्त ललन कुमार रजक पिता रामेश्वर बैठा को नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भागा ले जाने के आरोप में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। जिसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर



जेल भेज दिया गया।

# अबुआ आवास में अस्थाई प्रतीक्षा सूची तैयार करने को लेकर हुआ ग्राम सभा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को उप विकास आयुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार उपर्युक्त पात्रता मापदंड के अनुसार लाभार्थियों की अस्थाई प्रतीक्षा सूची तैयार करने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण संबंधित जनप्रतिनिधि एवं प्रतिनियुक्ति कर्मियों के बीच गहमागहमी की स्थिति बनी जिस पर उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया के सूची में अंकित सभी



लाभुको का नाम ग्राम सभा रजिस्टर में सिलसिलेवार से चढ़ा दिया जाए। ज्ञात हो की झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम से प्राप्त अबुआ आवास का एक हजार सात आवेदन को प्रतिनियुक्ति जांच टीम के द्वारा सत्यापन के पश्चात अस्थाई प्रतीक्षा सूचित तैयार करने को लेकर पंचायत स्तरीय ग्राम सभा में भेजा गया जहा पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी के अध्यक्षता में ग्राम सभा के कार्यवाही संपन्न कराया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चंद्रावती देवी, उप प्रमुख शंभू सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, आरजेडी के प्रखंड अध्यक्ष जगनारायण यादव, मनोज फौजी सुशील यादव, बिस सूत्री सदस्य सुनील राम, मनीष कुमार गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब के एक्जक्यूटिव कमेटी मेम्बर निर्वाचित होने पर अरविंद को लोगों ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** रांची प्रेस क्लब के एक्जक्यूटिव कमेटी मेम्बर निर्वाचित होने पर वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द कुमार गुप्ता को लोगों ने बधाई दिया है लोगों ने कहा है कि छतरपुर निवासी अरविंद कुमार गुप्ता उर्फ चुनमुन ने रांची प्रेस क्लब का चुनाव जीतकर छतरपुर का नाम रोशन किया है आपको बता दें कि रिटायर्ड जज की अगुवाई में हर दो साल पर रांची प्रेस क्लब का चुनाव सम्पन्न होता है जिसमें रांची ज़िलें के पत्रकार अपने मतों का प्रयोग करते है। कमेटी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री शिरकत करते रहे हैं। प्रेस क्लब के एक्जक्यूटिव कमेटी मेम्बर निर्वाचित होने पर छतरपुर वासियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से खुशी जाहिर करते हुए सुनील कुमार, चन्दन कुमार, पंचम कुमार, मंटू कुमार,सुरेंद्र कुमार, पपु यादव, अरुण ठाकुर, मृणाल गुप्ता, निरंजन सिन्हा, डॉक्टर ताहिर हुसैन, मार्तण्ड सर, नीरज गुप्ता मितुल सिंह, असगर हुसैन, छोटू सहित लोगों बधाई दिया है।

## अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर चला ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में शनिवार को एनएच 139 मेदिनीनगर- औरंगाबाद मुख्य पथ पर थाना के समीप स्थित इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया गया। नववर्ष को देखते हुए प्रशासन अभियान चला रही है।चेकिंग के दौरान सड़क से गुजरने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन के चालक व सवारो की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि



पलामू एसपी के निर्देश पर तीन घंटे से अधिक समय तक अभियान चलाया गया, उन्होंने कहा कि नशे की स्थिति में गाड़ी चलाने से हादसे होते हैं, और कई परिवार इस वजह से आहत होते है, सभी वाहन चालकों से शराब नही पीकर वाहन चलाने की अपील की है।शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस वाहन जब्त करते हुए न्यायालय में अभियोजन समर्पित करेगी। वहीं उन्होंने कहा कि चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। मालूम हो कि नव वर्ष को लेकर एसपी के निर्देश पर पूरे जिले में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शराब का सेवन कर कोई नव वर्ष के रंग में भंग नहीं कर दें, इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका सीएम का पुतला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड में महिलाओं पर बढ़ते अपराध व दुष्कर्म की घटना पर रोक में विफल रहने पर भाजपा महिला मोर्चा की पलामू जिला इकाई सदस्यों ने स्थानीय छहमुहान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सीटू गुप्ता ने किया। इस दौरान महिला सदस्यों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने कहा कि राज्य की भ्रष्ट हेमंत सरकार में महिलाएं



असुरक्षित हैं। प्रत्येक दिन प्रदेश के किसी न किसी शहर या गांव में महिला एवं बच्चियों के साथ दुष्कर्म, गैंगरेप, हत्या जैसी की घटनाएं हो रही है। वहीं, अपराधी भी बिना भय के सरेआम घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। गुरूवार को ही मेदिनीनगर में महिला के साथ सामूहिक रेप की घटना हुई। रक्षक ही भक्षक बनकर अपराधियोंवाला काम कर रहे हैं। मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की गिरती विधि व्यवस्था से लोगों में असुरक्षा की भावना है। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाएं चिंताजनक है। रेणुका पांडे ने कहा कि बीमार महिला शहर में इलाज कराने आती है और उसके साथ घनी आबादीवाले शहरी क्षेत्र में दुष्कर्म की घटना सरकार और प्रशासन को चुनौती देना है। पुतला दहन मौके पर सरिता सिन्हा, रेखा देवी, राजलक्ष्मी तिवारी, अनुप्रिया पांडे समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## हरिहरगंज शहर के न्यू सब्जी बाजार से पूर्णाडीह गांव तक सड़क जर्जर, लोग परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज नगर पंचायत अंतर्गत न्यू सब्जी बाजार से पूर्णाडीह गांव तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है। इस सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस कारण इसमें चलने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी सड़क से डेमा, पूर्णाडीह ,पिपरघाट, पउरापर ,खरबन गांव के अलावे बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत देव प्रखंड के जगदीशपुर, बिशनपुर, गोलहा, केवलहा आदि गांव के लोग हरिहरगंज बाजार प्रखंड मुख्यालय, छतरपुर अनुमंडल तथा पलामू,तथा औरंगाबाद जिला मुख्यालय जाने का मुख्य सड़क है। इसी सड़क से छात्र-



छात्राएं विद्यालय आते जाते हैं । इसके कारण हरिहरगंज बच्चों एवं अभिभावकों का आना जाना लगा रहता है । बीमार पड़ने या प्रसव के लिए रास्ते में गुजरने पर लोगों को काफी परेशानी को सामना करना पड़ता है। 21वीं सदी बीतने के बाद भी विकास की कोई किरण नजर नहीं आती है। हरिहरगंज नगर पंचायत में रहने के बावजूद सड़क की स्थिति काफी जर्जर व हो गई है। सड़क का निर्माण 23 वर्ष पहले 2000 में हुआ था। शनिवार को जर्जर सड़क से परेशान डॉ शालिग्राम प्रसाद वर्मा, मुनेश्वर मेहता, सुदर्शन मेहता, अनुज कुमार शर्मा, अवधेश ठाकुर, प्रकाश मेहता आदि ग्रामीणों ने क्षेत्रीय सांसद, विधायक तथा जिला प्रशासन से जांच कराने की मांग करते हुए अविलंब उक्त सड़क का निर्माण करवाने की मांग की है।

## ओवरलोड पत्थर लदे हाईवा के परिचालन से ग्रामीणों में रोष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत मनदोहार, मंजुराही, माकूनाटांड से संचालित होने वाले माईस से प्रतिदिन जरूरत से ज्यादा ओवर लोड पत्थर लदे हाइवा का परिचलन किया जा रहा है। लेकिन अधिकारियों और स्थानीय पुलिस प्रशासन आखिर क्यों मौन है देखते-देखते ग्रामीण आज आग बाबुल हो गए और अचानक उनका गुस्सा फुट उठा। इनलोगों ने ओवर लॉडिंग हाइवा को रोक दिया। नौड़ीहा बाजार प्रखण्ड के मुखिया संघ के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारती ने कहा कि अगर ओवर लोड पत्थर से लदें हाइवा के परिचलन पर प्रतिबंध नहीं किया गया तो हमलोग सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगें। मुखिया संघ उपाध्यक्ष श्री भारती ने तत्काल माईस मालिक और हाइवा मालिक से दूरभाष के माध्यम बातचीत किया और कहा कि इस पर सार्थक पहल किया जाए। अन्यथा हमलोग अधिकारियों और स्थानीय पुलिस प्रशासन व माईस मालिक के खिलाफ आंदोलन के लिए सड़क पर उतर जायेगें।इस मौके पर संतोष कुमार ठाकुर, उमेश कुमार, अजय चौधरी, विजय राम समेत काफी संख्या मे ग्रामीण शामिल थे।

## जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने बीडीओ को सौंपा मांगपत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के आहवाहन पर जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर आगामी एक जनवरी से राशन दुकान बंद रखने की जानकारी मांग पत्र सौंप कर दिया है. बीडीओ को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में अपनी मांगों के समर्थन में ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के आहवाहन पर गढ़वा जिला के राशन विक्रेताओं द्वारा आगामी एक जनवरी से देश व्यापी राशन की दुकान अनिश्चित काल के लिये बंद रखने की सूचना दी जा रही है.आवेदन में कहा गया है कि इसकी जानकारी मुख्यमंत्री के मुख्य



सचिव को भी समर्पित कर दिया गया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि जैसे ही हड़ताल की वापसी की घोषणा होगी सभी दुकान पूर्णता खुलेगी और राशन वितरण भी जारी कर दिया जायेगा. मौके पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार दीनदयाल शुक्ल, रविंद्र प्रताप देव, अशोक कुमार, अजीत कुमार पांडेय, हरिहर राम, सत्येंद्र कुमार सिंह, मुन्नू कुमार, अमरनाथ गुप्ता, सलीम अंसारी, शमीम अंसारी, राजकुमार, रेणु देवी, वृंदा देवी,कृपा कुजूर, उर्मिला देवी, जितनी देवी, रीमा देवी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है.

## राय जमा मस्जिद के ईमाम हज ऐ उमरा के लिए हुआ रवाना, लोगो ने किया विदा



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय जमा मस्जिद के ईमाम और मदरसा गौसिया रिजविया के कारी गुलजार मिस्बाही शनिवार को हज ऐ उमरा के लिए रवाना हुआ।इस मौके पर राय अंजुमन सहित स्थानीय ग्रामीणो के द्वारा उन्हे विदा किया गया।इस संबंध मे कारी गुलजार मिस्बाही ने बताया कि हज ऐ उमरा पर जाना गौरव की बात है।उन्होंने कहा कि राय अंजुमन सहित स्थानीय लोगों ने सम्मान के साथ हज ऐ उमरा के लिए उन्हें विदा किया है।उन्होंने कहा कि हज ऐ उमरा मे वह कोयलांचल सहित राज्य एंव देश की अमन,चैन,खुशहाली और आपसी भाईचारगी के लिए दुआ करेंगें।इस मौके पर राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली,हाजी सरफूदीन, हाफिज आलमगीर आलम, नासिर अंसारी,सादिक अंसारी,नसीम आलम,शोएब आलम,पप्पू खान,राजु खान, शहनवाज़ आलम,इरफान आलम,गुडडु हुसैन,साबिर अंसारी,रजा अख्तर,मुर्तजा अंसारी,अनवर मंसूरी, मोहम्मद नन्हे,इमतियाज अंसारी,बसीर अंसारी,अमीन अंसारी,नसीम आलम, मोहम्मद युनुस,मोहम्मद जावेद,अब्दुल,शाहीद, दिलशाद,सद्दाम हुसैन,मेराज अंसारी,जिशान,गुलाम, असरफ,बबलु सहित राय अंजुमन के कई लोग मौजूद थे।

## परासी महिला संकुल संगठन ने फुटबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया




**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिले के तमाड़ प्रखण्ड अन्तर्गत परासी आजिविका महिला संकुल संगठन के द्वारा फुटबॉल मैच और कबड्डी मैच का आयोजन जरगो पंचायत के कुबासल गांव पटड़ा मैदान में लिंग आधारित हिंसा के विरोध आयोजन किया गया।जिसमें आरहंगा, रडगांव और जारगो पंचायत के महिला मंडल की दीदीयों ने लोगों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता में आरहंगा का बुरहाडीह और अराहंग का मुकरूमडिह के बीच फुटबॉल खेला गया जिसमें अरहंगा के बुरहाडीह 3 - 2 से विजयी रहा। कबड्डी में जारगो चुटिया बेड़ा और रड़गांव तड़ाई के बीच खेला गया जिसमें चुटिया बेड़ा विजयी रहा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य तमाड़ पूर्वी भवानी सिंह मुंडा,जिला परिषद प्रतिनिधि कलोशाशी सिंह मुंडा, सीएलएफ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाधयक्ष, जेंडर सीआरपी अलका देवी, आश्रिता हेमरोंब, सीता देवी, सरिता देवी रानी प्रवीण, रिंकी कुमारी, फुलेश्वरी देवी, रेफरी जय नंदन सिंह मुंडा के साथ ही साथ सैकड़ों महिलाएं उपस्थित हुई।

## विधायक ने की घायलो की मदद



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र भ्रमण के दौरान अचानक दुर्घटना की सूचना पाकर खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर बच्चों को मदद पहुंचाये। आपको बता दें कि कोडरमा जिले यूनिक प्रोग्रेसिव हाई स्कूल टरवन जैनगर कोडरमा के छात्रों ने हुण्डरु पर्यटन स्थल आने के दौरान स्कूल बस सिकिदीरी डॉक्टर मोड़ के समीप दुर्घटना ग्रास्त हो गई। सूचना मिलने पर शीघ्र घटना स्थल पर पहुंचकर छात्रों से मिल हाल चाल जाना। घायल छात्रों को महेश्वरी अस्पातल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है साथ ही बेहतर इलाज हेतु चार छात्राओं को रिम्स ले जाया गया। रिम्स के अधीक्षक को तुरंत चिकित्सा की निर्देश दिया।

## जरुरतमंद परिवारों के बीच कंबल का वितरण



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कराँजी गांव में शनिवार को गरीब, वृद्ध, जरुरत मंद परिवारों के बीच पंचायत अध्यक्ष शहबान अंसारी ने कम्बल वितरण किया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश पर पंचायत के असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण कर रहे हैं। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हैं लेकिन यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व वेवश हों।मौके पर समाजसेवी इस्माइल अंसारी, विजय तिर्की, गुडु तिर्की खालिद अंसारी, सरफराज अंसारी, जस्ता खातून, निशा तिर्की सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन सह समापन समारोह एवं 2 दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम बैंक सखी बैच का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अथिति श्री सुब्रतो नायक केनरा बैंक सिल्ली शाखा प्रबंधक राज्य के विभिन प्रखंड से आए 43 प्रशिक्षणार्थियों को संदेश दिया की कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बहुत अवसर है ।प्रमाण पत्र दिया और को खुद का स्वरोजगार करने का मार्गदर्शन दिया । संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि अपने अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ाने के लिए आप बैंक से भी लोन ले सकते है । मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीचा चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रूही दास, सुनिल मुंडा उपस्थित रहे।

# पंचायत व गांव के द्वारा पंचघाघ में किए गए कार्य अनुकरणीय : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पंचघाघ में बने स्टॉल का उदघाटन शनिवार को डीसी लोकेश मिश्रा फीता काटकर किया। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, बीडीओ सुलेमान मुंडरी, मुखिया मरियम होरो व ग्रामप्रधान अर्जुन मुंडा व पर्यटक मित्र मुख्य रूप से उपस्थित हुए। ग्रामीण महिलाओं ने अतिथियों का पारंपरिक ढ़ंग से स्वागत किया। पंचघाघ पहुंचे डीसी लोकेश मिश्रा ने संपुर्ण पंचघाघ का भ्रमण कर स्थितियों का जायजा लिया। सैलानियों की सुविधा और लोगों को रोजगार की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लेमनग्रास के लगाए गए स्टॉल का जायजा लिया तथा उत्पादों लेमनग्रास ऑयल पौधों और पत्तों की हो रही बिक्री से संबंधित जानकारियां ली। डीसी ने पंचघाघ परिसर में बने बोरीबांध को देखा और उसमें बच्चों के जलक्रीड़ा के लिए चलाए जा रहे ट्यूब को देखा। डीसी ने बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान देने को कहा। मौके पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि स्थानीय ग्रामीणों व कोड़ाकेल पंचायत की मुखिया के द्वारा पंचघाघ में सराहनीय प्रयास किया गया है। इससे सैलानियों की सुविधा के साथ ग्रामीणों को रोजगार की भी सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि यहां ग्रामीणों के द्वारा कुछ अपनी तरफ से अस्थाई दुकानें बनाई गई है। बोरीबांध बनाकर पानी के संरक्षण का अच्छा प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि हम चाहेंगे कि हर प्रखंड, पंचायत और गांव इसका अनुकरण करे। डीसी ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर भी बातचीत की, जिसमें पंचघाघ में लगे सोलर लाईट के खराब होने और बिजली की सुविधा नहीं होने की जानकारी दी गई। इस मौके पर मुखिया मरियम होरो, ग्रामप्रधान अर्जुन मुंडा, सुशील सोय, रिंकू महतो, पर्यटक मित्र दुर्गा भेंगरा, देवेंद्र सिंह, दसाय भेंगरा, विलियम बोदरा, धर्मदास बोदरा, सुलेमान ढ़ोढ़राय, संजय ढ़ोढ़राय, दिलीप सिंह, सलोमी बोदरा, सुचिता ढ़ोढ़राय, कृष्णा सिंह समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। पंचघाघ के स्टॉलों में उपलब्ध हैं इस नए साल में पंचघाघ आने वाले सैलानियों के जरूरत के सभी सामान पंचघाघ परिसर में ही उपलब्ध हैं। देसी चिकन, किराने के सभी सामान, जलावन, चाय-नास्ता के अलावा मड़ुआ के बने उत्पाद, जेएसएलपीएस की दीदीयों के द्वारा तैरूार बेकरी समेत अन्य खाद्य पदार्थ, फास्ट फुड, आईस्क्रीम की दुकानें, लेमनग्रास ऑयल, ग्रास और पौधे, मशरूम, गन्ना के जूस, कालमेग समेत अन्य सभी आवश्यकता के सामान पंचघाघ में उपलब्ध हैं। पंचघाघ में सैलानियों के लिए इस वर्ष पिकनिक मनाने की अच्छी व्यवस्था है। पार्किंग के साथ बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क, एडवेंचर पार्क भी लोगों को रिझा रहा है।

## शहीद जीतराम जयंती पर अनगड़ा के बिसा में लगा मेला





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अमर शहीद जीतराम बेदिया की 221वीं जयंती के मौके पर बीसा में जीतराम मेला का आयोजन किया गया। मेला का आयोजन सहिद जीतराम बेदिया स्मारक समिति बीसा ने किया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि कल्यान मंत्री चम्पाय सोरेन विशिष्ट अतिथि राजेश कच्छप ने किया। आयोजन समिति द्वारा सहित जीतराम बेदिया के वंशज को सॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। जयपुर सहित जीतराम के आदमकत प्रतिमा पर अतिथियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित बेदिया और संचालन जयराम बेदिया ने किया। मौके पर प्रसिद्ध नागपुरी कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर क्लायन मंत्री चम्पाय सोरेन विधायक राजेश कच्छप ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद के आदर्श और विचारों, साहस और संघर्ष का आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव पूर्व रजिस्टॉर अमर चौधरी पूर्व सांसद रामटहल चौधरी विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा प्रमुख दीपा उरांव भाजपा नेता सत्यदेव मुंडा गेतलसूद मुखिया शांति मुंडा मुखिया मंजूती देवी ग्राम प्रधान उमेश बड़ाईक पंचायत समिति मनेसर बेदिया भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो जोन्हा पंचायत समिति दिलीप बेदिया उप मुखिया संजय भोगता समाजसेवी फागुराम बेदिया जयराम महली जलानाथ चौधरी साकिर अंसारी श्यामसुंदर बेदिया शिवदास गोस्वामी साहिल लोहरा वार्ड सदस्य अनिल बड़ाईक महेश बेदिया उपस्थित थे।

## महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने झारखंड प्रभारी से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखण्ड प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर से दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में मुलाकात किया।इस दौरान गुंजन सिंह ने बुके देकर एंव शालॅ प्रदान कर प्रभारी का स्वागत करते हुए आगामी नव वर्ष की बधाई दी।इस दौरान पार्टी को मजबूत बनाने और झारखंड के वर्तमान राजनीति पर चर्चा की।इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी को झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालात से अवगत कराया गया,साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्या के बारे में जानकारी दी गई।इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने जल्द ही झारखंड राज्य का दौरा कर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिलने का आश्वासन दिया।

## कराँजी गांव के जराटोली मदीना मस्जिद के सामने विधायक के प्रयाश से लगा नया ट्रांसफारमर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखण्ड के करांजी गांव में पिछले तीन महिना से ट्रांसफारमर खराब पड़ा हुआ था जिसका सूचना मांडर विधान सभा के विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को गांव के बहुत से लोगों के द्वारा दिया गया। मुख्यतः समाजसेवी रूस्तम अन्सारी ने सर्व प्रथम इसके बारे संबंधित विभाग, विधायक प्रखंड प्रतिनिधि और विधायक को कॉल कर के इस संबंध में अवगत कराते हुए जल्द से जल्द नया ट्रांसफारमर लगाने हेतु निवेदन किया। तत्पश्चात कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव और उपप्रमुख मोदस्सीर हक ने इस संबंध में अपना रूची दिखाते हुए विधायक को इसकी पुष्टि कर जल्द लगवाने हेतु अपनी बात रखी थी। उक्त सभी समाजसेवियों के प्रयाश से दिनांक 30/12/2023 को नया 200 केवी का ट्रांसफारमर पहुंचा। समाजसेवी रूस्तम अन्सारी ने मिस्त्री मेराज अन्सारी को लेकर नया ट्रांसफारमर को सही से लगवाया और फिता काट के उद्घाटन कर दिया। मौके पर वार्ड सदस्य जाकिर अंसारी, जमाल अन्सारी, क्यामुद्दीन, नाजिर, ईमामुद्दीन, मोख्तार, नेसार एवं कई ग्रामिण उपस्थित थे।

## पिपरवार पुलिस ने टीएसपीसी एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादी को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी चौक के समीप लेवी की मांग को लेकर दो कोल वाहनो मे आगजनी और फायरिंग की घटना का पिपरवार पुलिस ने 10 दिनों के भीतर खुलासा करते हुए टीएसपीसी के एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादियो को पिपरवार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने हथियार गोली संगठन का लेटर पैड और मोबाइल भी बरामद किया है।गिरफ्तार उग्रवादियों में टीएसपीसी का एरिया कमांडर नीरज गंझु उर्फ जयमंगल पिता नारायण गंझु और सक्रिय सदस्य धनेश्वर करमाली उर्फ ढेला उर्फ डीके पिता स्व. धतुर करमाली दोनो साकिन बरवाटोला बेंती थाना पिपरवार जिला चतरा का नाम शामिल है।चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि 19 दिसम्बर को पिपरवार थाना क्षेत्र के बिलारी चौक के समीप टीएसपीसी के उग्रवादियों ने लेवी की मांग को लेकर जय अम्बे कम्पनी के कोयला लदे दो हाईवा डम्पर मे आग लगाकर फायरिंग कर दहशत फैलाया था।जिसके बाद उग्रवादियों के गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था।एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली की पिपरवार थाना क्षेत्र के बरवाटोला जंगल के समीप टीएसपीसी के उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।एसपी के निर्देश पर डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम और पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।टीम ने अभियान चलाकर दोनों उग्रवादी को गिरफ्तार किया।गिरफ?तार उग्रवादियों ने टीएसपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने एवं भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से दो हाईवा में आग लगाने की बात स्वीकार की।गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक देशी कार्बाइन,7.62 एमएम का एक युएसए पिस्टल,7.62 एमएम का एक देशी पिस्टल, 05 चक्र जिंदा गोली, टीएसपीसी संगठन का लेटर पैड,विभिन्न कंपनियों के मोबाईल एवं अन्य सामान बरामद किया गया।गिरफ्तार उग्रवादियों के खिलाफ खलारी,पिपरवार और बालूमाथ थाना मे काण्ड दर्ज है।पिपरवार पुलिस ने थाना मे कांड सं0-55/23, धारा-341/342/385/386/387/435/436/427/504/506/120 (बी)/34 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनो को जेल भेज दिया है।छापामारी दल में डीएसपी केदार नाथ राम,पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार, टंडवा थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह,सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार, पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो,दिलीप कुमार बास्की, टिकवानंद भगत सहित पिपरवार थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## सुदेश महतो ने गूंज महोत्सव के स्वयं सेवकों को सम्मानित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली स्टेडियम परिसर में शुक्रवार को गूंज परिवार के स्वयं सेवकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गूंज परिवार के संरक्षक सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने गूंज परिवार का लोगो लगा जेकेट देकर स्वयं सेवकों को सम्मानित किया। मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पिछले 18 से 20 दिसम्बर तक तीन दिवसीय गूंज महोत्सव का शांति पूर्ण समापन हो गया। जिसमे गूंज परिवार के हर एक स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। स्वयं सेवकों के मेहनत के बदौलत ही मेले में अतिथि, दर्शक, क्षेत्रीय कलाकार, देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार, बॉलीवुड झॉलीवुड के कलाकार, सिल्ली हाट में लगे विभिन्न स्टॉल के संचालक आदि क्षेत्र के बारे में अच्छी छवि लेकर गए हैं। उन्होंने कहा, महोत्सव को लेकर सभी स्वयं सेवकों का समर्पण भाव व प्रयास सराहनीय है। इस मौके पर गूंज परिवार के संरक्षक जयपाल सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, मुखिया सोमरा मांझी, पंसस अनिल मांझी, पुर्व मुखिया डबलु महली, मनोज कोइरी धीरज महतो समेत गूंज के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)
अति अल्पकालीन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय के संचालन हेतु कार्यालय संबंधी सामग्री की आवश्यकता है। उक्त के निमित वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा। आपूर्ति की जानेवाली सामग्री की सूची संलग्न।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्ता/एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था अति अल्पकालीन निविदा के अन्तर्गत आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए, जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक– 10/01/2024 को पूर्वाहन/अपराह्न 12.00 बजे तक हाथो–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है। उक्त अति अल्पकालीन निविदा उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक 10/01/2024 को 3.00 बजे पूर्वाहन/अपराह्न में खोला जायेगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट **www.koderma.nic.in** पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 314797 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D

**STATE WATER & SANITATION MISSION, JHARKHAND**
**Drinking Water And Sanitation Department**
**Government Of Jharkhand**
**Programme Management Unit**
Water Tower Campus, Besides Doranda Thana, Ranchi Ph. 18003456502, Website-dwsd.jharkhand.gov.in

**Short Notice of WALK-IN-INTERVIEW**

State Water & Sanitation Mission (SWSM), Drinking Water and Sanitation Department, Government of Jharkhand invites applications from eligible candidates in the prescribed form for selection through walk-in-interview to be held on 19th January 2024 from 11.00 am to 05.00 pm for the post of Director, Vishweshwaraiya Sanitation and Water Academy (ViSWA) on contract basis initially for one year (extendable upto total service of three years based on performance). The application form, duly filled in, will be received upto 4:00 pm on 16th January 2024 at e-mail:- swsm.jharkhand@gmail.com

The application, received thereafter, will not be considered. Consolidated monthly remuneration will be Rs. 1,00,000 – 1,25,000 (negotiable). In case of retired Government officers, remuneration will be fixed as per Planning–cum-Finance Department, Govt. of Jharkhand's संकल्प संख्या : 6/एस–5 (भत्ता)–03/2011-1243/ वि. दिनांक 28.04.2016

Interested candidates may appear for interview on above mentioned date and time along with their testimonials in original with one set of self-attested photocopies. Application form and the complete details regarding eligibility criteria, experience, Job description, remuneration and venue of the interview are available on our website mentioned above. Candidates are advised to go through these details carefully for determining their eligibility before appearing for the interview.

Chief Engineer-cum-Executive Director

PR.NO.314817 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

**Office of The Executive Engineer**
**Planning & Investigation Division, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, Third Floor, Doranda, Ranchi-834002**
**Email id :- eercdpiranchi-jhr@nic.in**

**Letter No-1055** **Dated -29.12.2023**

**Date & Time Corrigendum**

**Name of Work:-** Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of road from Dumriya – Kowali Main Road of Harina Panchayat under Potka Block to Odissa Border including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under East Singhbhum District in the State of Jharkhand.

**e-Tender reference No.:-RCD/PI Div./67/2023-24(2nd Call)**

| Sl. No. | PR No. | Reference /Location where the Erroneous Data is Published | Erroneous Published Data | | Corrected Data to adopt/read | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PR 314221 Road (23-24): D | NIT & RFP | Last Date and Time of Bid Submission | 02.01.2024, 12:00 Noon | Last Date/Time of Bid Submission- | 08.01.2024, 12:00Noon |
| | | | Date and Time of Financial Bid opening | 03.01.2024, 12:30 PM | Date and Time of Financial Bidopening | 09.01.2024, 12:30 PM |

Note:- All other terms and conditions will remain unchanged. For more information Please visit the Site-: http://jharkhandtenders.gov.in

Sd-
Executive Engineer, Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.
Road Construction Department, Ranchi.

PR 314802Road(23-24)#D

## कुणाल षाड़ंगी ने उपर पावड़ा गांव में सबरो के बीच किया कंबल वितरण



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला प्रखंड के उपर पावड़ा गांव में शनिवार को पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने बढ़ती ठंड को देखते हुए 100 से ज्यादा सबर औरतों के बीच किया कंबल वितरण। इस अवसर पर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद की कोशिशें जारी रहेगी। कंबल पाकर सबरो के चेहरे खिल उठी। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, पूर्व मुखिया पोल्टु सरदार, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हीरा सिंह, विक्रम साव, विजेश सोरेन, रानी मुर्मू, अजय सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कुचाई में निकला अक्षत कलश शोभा यात्रा



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या से भिजवाए गए पूजीत अक्षत कलश का भव्य कलश शोभा यात्रा शनिवार को कुचाई में निकाली गई। इसका आयोजन विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया। कुचाई थाना शिव मंदिर से शुरू हुई। भव्य कलश शोभा यात्रा दुर्गा मंदिर तक पहुंची,जहां मंदिर में कलश को विराजमान किया गया। मौके पर जिला महामंत्री अजय मिश्रा ने बताया कि यह पूजित अक्षत श्री राम जन्मभूमि से आए इस समय पूरे देश दुनिया में पूजित अक्षत भिजवाए गए हैं। रक्षक कलश यात्रा में मुख्य रूप से जिला महामंत्री अजय मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद साहू, जीप सदस्य जींगी हेंब्रम, प्रमुख गुड्डी देवी, कुचाई प्रखंड अध्यक्ष भरत पांडे, प्रखंड संयोजक मधुसूदन दास आदि उपस्थित थे।

## राजनगर में झारखंड आंदोलनकारी स्व. सहदेव महतो की मनाई गई पुण्यतिथि




**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहदेव महतो स्मारक समिति की ओर से शनिवार को राजनगर के ब्लॉक चौक में झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता व महान शिक्षाविद स्वर्गीय सहदेव महतो की 33वीं पुण्यतिथि मनाई गई. चौक पर स्थापित स्वर्गीय सहदेव महतो की प्रतिमा पर सर्वप्रथम उनकी धर्मपत्नी उमा महतो ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया. इसके बाद बारी बारी से समिति के लोग एवं समाजसेवी व विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान सहदेव की पत्नी उमा महतो, भाई महादेव महतो, भतीजा डोमन महतो, साला निरंजन महतो, दिलीप कुमार महतो, अशोक महतो, दिनेश महतो, कमलेश्वर महतो, घनश्याम महतो, भूतपूर्व शिक्षक महदेव महतो, सीताराम महतो,ग्रामप्रधान रवि महतो, उदित महतो, नकुल महतो, दीपक महतो, चंडीचरण महतो, प्रेम मारडी, हरि उरांव, बासुदेव राउत, राजकापूर प्रधान, कालीचरण तांती, अजित महतो, शंकर महतो, डॉ. आनंद महतो, बिदेश्वर महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नई वृद्धा पेंशन की घोषणा पर झामुमो नेता समीर महतो ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के झामुमो नेता सह प्रखंड



बीस सूत्री सदस्य समीर महतो ने राज्य सरकार के 4 साल का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है। साथ ही झामुमो नेता समीर ने मुख्यमंत्री की ओर से शुक्रवार को रांची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसटी, एससी समुदाय के लोगों के लिए 50 वर्ष की आयु में ही वृद्धा पेंशन स्वीकृति करने की घोषणा का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आज से 4 साल पहले जब झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन वाली सरकार बनी थी तो खजाना खाली मिला था। समीर ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है कि राज्य की जनता को बचाने के लिए सरकारी प्रयास सफल साबित हुआ और कोरोना काल में बेहतर प्रबंधन के मामले में झारखंड को पूरे देश में जाना गया। कहा गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, किसानों की ऋण माफी, समय पर खाद, बीज व कंबल का वितरण, 100 यूनिट मुफ्त बिजली, बिजली विभाग की एकमुश्त समझौता योजना समेत जनहित की दर्जनों योजनाएं लागू की गई है।

## भारत बचाओ आंदोलन के बैनर तले राखडीह में गर्म वस्त्रों का वितरण

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिवंगत राजीव दीक्षित के प्रेरणा स्रोत



को आगे बढ़ाते हुए अरविंद प्रसाद के नेतृत्व में शनिवार को भारत बचाओ आंदोलन के बैनर तले पटमदा प्रखंड की राखडीह गांव में 29 बुजुर्ग महिला -पुरूषों के बीच ऊनि कंबल एवं 50 बालक - बालिकाओं के बीच ऊनि स्वेटर का वितरण किया गया। इसके पहले राजीव दीक्षित के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। कड़ाके ठंड में कंबल तथा स्वेटर मिलने के ऊपरांत वृद्धजनों एवं बच्चों ने बहुत ही खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबीन जग्गी, सीमा जग्गी, ओमप्रकाश मुनका, अरुण अरोड़ा, गुंजन भारती, श्रीमंत मिश्र आदि उपस्थित थे ।

## माहलीपाड़ा में डहरे टुसु परब को लेकर बैठक संपन्न, गाजेबाजे के साथ शामिल होंगे लोग

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की कमलपुर पंचायत अंतर्गत माहलीपाड़ा शहीद निर्मल महतो चौक में शनिवार को डहरे टुसु परब को सफल बनाने के लिए एक बैठक छोटानागपुर कुड़मी कला संस्कृति मंच के बैनर तले बिकल महतो की अध्यक्षता में की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंच के सदस्य बिरेन महतो ने बताया कि डहरे टुसु परब 7 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाली है। जिसमें शहीद सुनील महतो के समाधि स्थल से विशाल रैली निकाल साकची आमबागान मैदान तक पहुंचेंगे और अपनी आदिवासी मूलवासी की संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए महिला व पुरुषों ने झारखंडी संस्कृति का झलक भी दिखाएंगे। बैठक में पंचायत वासियों ने निर्णय लिया कि गाजे बाजे के साथ भारी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# आदिवासी सेंगेल अभियान के आह्वान पर भारत बंद का कोल्हान में दिखा असर, सड़क किया जाम, कई ट्रेंने रोकी








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/जगन्नाथपुर/ईचागढ़ :** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू के आह्वान पर शनिवार को भारत बंद किया गया है. भारत बंद कर सरना धर्म कोर्ड को लागू करने कीमांग की गयी है. वहीं इसका वापक असर कोल्हान समेत दूसरे राज्यों में भी देखने को मिला. करनडीह में टाटा- हाता मुख्य मार्ग को आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से जाम कर दिया. प्रदर्शनकारियों ने झंडा बैनर के साथ सड़क पर प्रदर्शन किया. इस दौरान कई ट्रेनों को ड्राइवर्ट और रद्द भी किया गया. इस अभियान का नेतृत्व आदिवासी सेंगेल अभियान के वरीय नेता बिमो मुर्मू कर रहे थे. इस दौरान सरना धर्म को अलग से कोड देने की मांग की गयी है. वहीं इस दौरान परसुडीह थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा भी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे.

### 6 घंटे सिल्ली- रांगामाटी सड़क रहा जाम

दूसरी ओर सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में भी सरना कोड लागू करने की मांग को लेकर पूर्व घोषित भारत बंद को सफल बनाने को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठन सड़क पर उतरे। शनिवार को केन्द्रीय सरना समिति के आह्वान पर विभिन्न आदिवासी संगठन के कार्यकर्ताओं ने ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ मोड़ पर हाथों में सरना झंडा लहराते हुए सड़क पर बांस लगाकर जाम कर दिया। सड़क जाम करने से सिल्ली रांगामाटी सड़क पर दोनों ओर भारी वाहनों का लंम्बी कतार लग गई। केन्द्रीय सरना समिति, कुड़ुक विकास परिषद, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद,सेंगेल अभियान सहित विभिन्न आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने ईचागढ़ डुमटांढ़, लावा ईचागढ़ व सिल्ली रांगामाटी सड़क को जाम कर आदि कोड लागू करने का मांग पर नारेबाजी करते रहे। केन्द्रीय सरना समिति के सदस्य सह कुकड़ु विकास परिषद के अध्यक्ष अभिराम उरांव ने हम प्राकृतिक के पुजारी हैं और सरना को मानने वाले समुदाय है। उन्होंने कहा कि सरकार सरना कोड लागू करें। मौके पर विश्वनाथ उरांव, राजेन सिंह मुण्डा, पशुपति सिंह, मृत्युंजय,आदर्श सिंह मुण्डा, अनिल, दिनेश उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### जगन्नाथपुर में बंद का दिखा आंशिक असर

वहीं आदिवासी सेंगेल अभियान के सांकेतिक भारत बंद का आंशिक असर जगन्नाथपुर क्षेत्र में दिखाई दिया. हालांकि जगन्नाथपुर प्रखंड में दुकानें खुली रही.जबकि अभियान के सदस्यों ने शनिवार को तोड़गहातु रेलवे पाठक को पुरी तरह से जाम कर दिया. बंदी के कारण सड़क के दोनो छोर पर जाम लग गया. काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे. हालांकि रेलवे आरपीएफ थाना के इंस्पेक्टर संतोष कुमार व जगन्नाथपुर थाना प्रभारी राकेश रंजन,अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा सहित रेलवे व जगन्नाथपुर के पुलिस बल मौके पर मौजूद थे. जाम का नेतृत्व कर रहे आदिवासी सेंगेल अभियान के जगन्नाथपुर संयोजक जयसिंह सिंकु को काफी समझा बुझाकर डेढ़ घंटा के बाद जाम को हटाया गया. जिसके बाद जयसिंह सिंकु को पुलिस ने गिरफ्तार कर अपने गाड़ी से थाना लाया गया. जिसके बाद शाम को बॉन्ड पर छोड़ा गया. वही मुख्य संयोजक जयसिंह सिंकु ने बताया कि सरना देश के 15 करोड़ आदिवासी (जनजातीय समुदायों) की पहचान है. आदिवासियों के धर्म को मान्यता नहीं देना उनके साथ अन्याय है. 2011 की जनगणना में 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखाया था, जबकि जैन की संख्या 44 लाख थी. आदिवासियों को मौलिक अधिकार से वंचित करना संवैधानिक अपराध जैसा है. सरना धर्म कोड के बगैर आदिवासियों को जबरन हिंदू, मुसलमान, ईसाई आदि बनाना धार्मिक गुलामी को मजबूर करना है.



### राजनगर में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर घंटो रहा सड़क जाम

**राजनगर :** सरना धर्म कोड की मांग को लेकर भारत बंद राजनगर में असरदार रहा. राजनगर बाजार के सभी दुकानें सुबह से ही बंद रहा. वहीं दूसरी ओर हाता चाईबासा मुख्य मार्ग के रोला गांव में आदिवासी सेंगेंल अभियान की ओर से झारखंड पोनोत सेंगेंल परगाना सुगनाथ हेम्ब्रम के नेतृत्व में आदिवासी सेंगेंल अभियान के कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्ग पर आकर सुबह आठ बजे से दो बजे तक बैठे रहे. जिसमें आवागमन पुर्ण रुप से ठप रहा. रोला गांव में बंद इतना जबरदस्त था कि दो पहिया वाहन को भी पार नहीं होने दिया. दोनों ओर गाड़ियों की लम्बी कतारें लग गई. दोपहर दो बजे प्रशासन पहुंचे और प्रर्दशनकारियों से वार्ता के बाद जाम को हटा दिया गया तथा आवागमन पुर्ण रुप से चलने लगा.

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने 783 लाभुकों के बीच पेंशन सर्टिफिकेट के साथ कंबल वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को अपने कदमा स्थित कार्यालय में झारखंड सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत कदमा,सोनारी,बिष्टुपुर के रहने वाले वृद्धावस्था और विधवा पेंशन के 783 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया.अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा. इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों के बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का भी वितरण किया. इस दौरान संजय तिवारी, मनोज झा, बबुआ झा , बबन शुक्ला, माजिद अख्तर, इरशाद हैदर, अमित कुमार, तुला सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## टाटा स्टील के नेचुरल रिसोर्सेस डिवीजन ने गोल्डन पीकॉक इनोवेशन मैनेजमेंट अवार्ड 2023 जीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के नेचुरल रिसोर्सेस डिवीजन को मुंबई में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए 18वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में वर्ष 2023 के लिए गोल्डन पीकॉक इनोवेशन मैनेजमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और भारतीय संविधान सुधार के लिए राष्ट्रीय आयोग के पूर्व अध्यक्ष, न्यायमूर्ति एम.एन. वेंकटचलैया की




अध्यक्षता में एक प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स जूरी द्वारा प्रदान किया गया। टाटा स्टील के रॉ मटेरियल के वाइस प्रेसिडेंट डी. बी. सुंदरा रामम ने कहा कि, गोल्डन पीकॉक इनोवेशन मैनेजमेंट अवार्ड पाकर हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो नवाचार और उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज का एक प्रमाण है। ड्रोन प्रौद्योगिकी और उन्नत डेटा विश्लेषण का लाभ उठाने के लिए हमारा अभिनव दृष्टिकोण माइन मैपिंग ने खानों की निगरानी करने की हमारी क्षमता में काफी वृद्धि की है, जिससे सुरक्षा, अनुपालन और उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित हुई है। गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स सर्वश्रेष्ठ संगठनों को मान्यता देते हैं, जिन्होंने अपने संचालन और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण रूप से जोखिम प्रबंधन रणनीतियों और नवाचार को शामिल किया है, जिससे कंपनी के प्रदर्शन में सुधार हुआ है।

## गैस कनेक्शन के लिए ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 तक, अपडेट कराने को लग रही लंबी कतार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय ने 31 दिसंबर तक सभी कंपनियों के घरेलू गैस उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी अपडेट कराने का निर्देश जारी किया है। लेकिन वर्तमान समय धान कटनी एवं फसलों को सुरक्षित घर लाने का होने की वजह से लोग पिछले एक माह से जारी अपडेट कराने के काम में समय निकाल नहीं पाए थे और पिछले 3 दिनों से लगातार करीब आधे किमी तक उपभोक्ताओं की लंबी लाइन कार्यालयों में लग रही है। शनिवार को भी पटमदा बाजार स्थित एचपी गैस के कार्यालय के बाहर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया



पटमदा शाखा तक सैकड़ों लोगों की भीड़ कतारबद्ध दिखीं। इसमें शामिल अधिकांश महिलाएं उज्ज्वला योजना की लाभुक थीं जो सुबह से देर शाम तक अपनी बारी का इंतजार करती देखी गईं। इस संबंध में एचपी गैस वितरक नरेन महांती ने बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से करीब एक माह पहले ही उपभोक्ताओं के लिए निर्देश जारी किया गया था। उन्होंने बताया कि पिछले 3 दिनों से प्रतिदिन लगभग 600 से अधिक लोगों का काम हो रहा है। हालांकि इसमें तिथि बढ़ने की पूरी संभावना है और प्रत्येक उपभोक्ताओं को यह काम करवाना है अन्यथा उनके खाते में सब्सिडी की राशि आनी बंद हो जाएगी।

## इंडिया गठबंधन की ताकत देखकर बेहद डर गए हैं नरेंद्र मोदी : सुधीर कुमार पप्पू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश में लोकसभा चुनाव निकट आ चुका है चुनाव का आगाज देखकर और इंडिया गठबंधन की ताकत देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद डरे हुए हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल सीट शेयरिंग पर अंतिम मुहर लगाने जा रहे हैं, इस कारण से मोदी जी डरे हुए हैं। जमशेदपुर के अधिवक्ता और सामाजिक न्याय के समर्थक सुधीर कुमार पप्पू ने एक बयान जारी कर उक्त बातें कही है। उन्होंने आगे कहा कि इस बार देश भर में भाजपा विरोधी हवा चल रही है जनता सत्ता परिवर्तन चाहती है। महंगाई और



बेरोजगारी के कारण देशवासी और युवा वर्ग खासे नाराज है। इसका असर आगामी लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। यह अंदाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी है। सत्ता जाने के भय से मोदी जी हताश और भयभीत है। उन्होंने पिछले 10 वर्षो में देश को गर्त में डाल दिया, दो चार बड़े कॉरपोरेट हाउस और पूंजीपतियों के कारण देश में मोदी सरकार विरोधी लहर चल रही है। खासकर युवा वर्ग रोजगार नहीं मिलने के कारण मोदी सरकार को सबक सिखाने के मूड में है। मोदी सरकार की कार्यशैली को लेकर भाजपा के अंदर भी उबाल है। नरेंद्र मोदी अपने कैबिनेट के सहयोगियों और भाजपा के दिग्गज नेताओं को कोई महत्व नहीं देते हैं और उन्हें काम करने की छूट नहीं है। हर जगह अपने लोगों को बैठा रखा है। इससे कैबिनेट के सहयोगियों और भाजपा के दिग्गज नेताओं में नाराजगी है। आलम यह है कि नरेंद्र मोदी आरएसएस वाले को भी कोई महत्व नहीं देते हैं।

## हेमंत सरकार के चार साल की विफलताओं पर आधारित आरोप पत्रों की भाजपा ने लगाई प्रदर्शनी

### सांसद विद्युत महतो व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने किया प्रदर्शनी का लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन सरकार ने अपने सफलता के चार वर्ष पूर्ण का जश्न मना रही है। वही सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा सरकार पर हमलावर है। इसी क्रम में भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा शनिवार को हेमंत सरकार की विफलता पर आधारित आरोप पत्र की प्रदर्शनी का विमोचन किया गया। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, जिला परिषद अध्यक्ष बारी



मुर्मू समेत अन्य वरीय नेताओं के संग सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष लगाए गए इस प्रदर्शनी में हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर किया गया है। मुख्य शीर्षक फाइल, फोल्डर बॉस की सरकार के 4 साल ठगबंधन मालामाल और झारखंड बदहाल, क्या हुआ तेरा वादा प्रमुखता से दर्शाते हुए सरकार की आलोचना की गई है। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि 4 वर्षों के शासन में वर्तमान सरकार ने राज्य के युवाओं, किसानों, मजदूर, महिला, दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज को सिर्फ धोखा दिया है। वहीं अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि आरोप पत्र पर आधारित प्रदर्शनी के जरिये हेमंत सरकार की विफलताओं को उजागर करते हुए आमजनों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, अनिल सिंह, जटाशंकर पांडेय, राकेश सिंह, अनिल मोदी, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, प्रेम झा, राजीव रंजन सिंह, अमित अग्रवाल, अजीत कालिंदी, निसार अहमद समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिल्व पत्र के पूजन से सभी पापो का नाश होता है : वृजनंदन शास्त्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन शनिवार को कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने महादेव को अर्पित विल्वपत्र, ओंकारेश्वर, विश्वनाथ महाकाल कथा का विस्तार से वर्णन किया। बेल पत्र महिमा का बखान करते हुए महाराज श्री ने भक्तों से कहा कि सावन माह, शिवरात्रि या साप्ताहिक सोमवार को भगवान शिव जी की आराधना में बेल पत्र यानि बिल्व पत्रों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि शिवलिंग पर सिर्फ बिल्व पत्र ही अर्पित किये जाएं तब भी भगवान भोले अपने भक्त की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। बिल्व पत्र के वृक्ष को 'श्री वृक्ष' और 'शिवद्रुम' भी कहते हैं। बिल्वाष्टक और शिवपुराण के अनुसार भगवान शिव को बेलपत्र अत्यंत प्रिय हैं। मान्यता है कि बेल पत्र के तीनो पत्ते त्रिनेत्रस्वरूप् भगवान शिव के तीनों नेत्रों को विशेष प्रिय हैं। बिल्व पत्र के पूजन से सभी पापो का नाश होता है।

## मिल का पत्थर साबित होगा उल्फा के साथ शांति समझौता

**राजधानी** दिल्ली में पिछले दिनों हुई बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अरबिंद राजखोवा की अध्यक्षता में शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। वार्ता के दौरान मौजूद रहे अधिकारियों ने कहा कि इस समझौते का लक्ष्य पूर्वोत्तर में दशकों पुराने उग्रवाद को समाप्त करना है। इस समझौते से असम में चार दशक लंबे उल्फा विद्रोह खत्म हो सकता है।इससे पहले इस विद्रोह ने असम में लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। उल्फा शुरू में एक आंदोलन के रूप में शुरू हुआ,लेकिन जल्द ही इसने अपहरण, जबरन वसूली, हत्याओं और बम विस्फोटों के साथ सशस्त्र संघर्ष का रूप ले लिया। इस बीच कई विवादास्पद मुद्दे थे, जिनका शांति बहाली के लिए समाधान आवश्यक था। अब तक परेश बरुआ के नेतृत्व वाला उल्फा (इंडेपेंडेंट) गुट के बातचीत के लिए तैयार नहीं होने के बावजूद,यह समझौता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 1991 के बाद से संगठन के साथ बातचीत के कई प्रयासों के बावजूद, कोई समाधान नहीं निकला। ऐसे में यह समझौता ऐतिहासिक है। उल्फा ने कई मौकों पर बातचीत की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन %संप्रभुता% पर अपने रुख पर अड़ा रहा था। 2011 में संगठन के विभाजन के बाद ही अध्यक्ष अरबिंद राजखोवा सहित शीर्ष नेतृत्व पड़ोसी देश से असम लौटा, जिसके बाद वे संप्रभुता वाली मांग के बिना बातचीत की मेज पर आने के लिए सहमत हुए। केंद्र और उल्फा (वार्ता समर्थक) गुट के साथ समय-समय पर बातचीत होती रही, उल्फा ने 2012 में सरकार को 12 सूत्री मांगों का चार्टर सौंपा था। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 2021 में पदभार संभालने के बाद इस समझौते के लिए दिल्ली तक पहल की। केंद्र ने इस साल अप्रैल में वार्ता समर्थक गुट को प्रस्तावित समझौते का मसौदा भेजा। वहीं, अगस्त में नई दिल्ली में गुट के साथ चर्चा का एक और दौर आयोजित किया गया था। अक्तूबर में वार्ता समर्थक गुट ने मसौदा प्रस्तावों के संबंध में अपने सुझाव केंद्र को भेजे थे। अंततः समझौता पूरा हो गया। अमित शाह ने कहा कि यह असम के लोगों के लिए बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि असम लंबे समय तक उल्फा की हिंसा से त्रस्त रहा और वर्ष 1979 से अब तक 10 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुआ है। समझौते के तहत असम को एक बड़ा विकास पैकेज दिया जाएगा। शाह ने कहा कि समझौते के प्रत्येक खंड को पूरी तरह से लागू किया जाएगा। अब असम में हिंसा की घटनाओं में 87 प्रतिशत, मौत के मामलों में 90 प्रतिशत और अपहरण की घटनाओं में 84 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री सरमा ने समझौते को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन और नेतृत्व के कारण संभव हो सका है। अधिकारियों ने बताया कि अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा गुट और सरकार के बीच 12 साल तक बिना शर्त हुई वार्ता के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस शांति समझौते से असम में दशकों पुराने उग्रवाद के खत्म होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि उल्फा का गठन अप्रैल 1979 में हुआ था। उस वक्त के पूर्वी पाकिस्तान आज के बांग्लादेश से आए अवैध प्रवासियों के खिलाफ आंदोलन के बाद इस गुट का जन्म हुआ था। ऊपरी असम के जिलों के 20 युवाओं के एक समूह ने 7 अप्रैल, 1979 को शिवसागर के ऐतिहासिक अहोम-युग के एम्फीथिएटर रंग घर में उल्फा की शुरुआत की थी। गठन के बाद से इस संगठन ने %संप्रभु असम% की मांग शुरू कर दी। बाद में यह विध्वंसक गतिविधियों में शामिल हो गया। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने 1990 में इसे प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया। 1992 में नेताओं और कैडरों के एक वर्ग द्वारा बातचीत की इच्छा व्यक्त करने के साथ यह संगठन बंट गया था। हालांकि, अरबिंद राजखोवा और परेश बरुआ दोनों तब %संप्रभुता% वाली मांग पर दृढ़ थे। बातचीत की इच्छा रखने वालों ने सरकार के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और खुद को सल्फा के रूप में संगठित किया। इस गुट ने 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में राज्य में जबरदस्त प्रभाव डाला। फरवरी 2011 में यह गुट फिर दो भाग में बंट गया। तब अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट ने हिंसा छोड़ दी थी। यह गुट बिना शर्त सरकार के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गया। वार्ता समर्थक गुट ने असम के मूल निवासियों की जमीन के अधिकार समेत उनकी पहचान और संसाधनों की सुरक्षा के लिए सुधारों की मांग की। यह गुट चीन-म्यांमार सीमा के पास एक जगह पर रहता है। वहीं, दूसरे उल्फा गुट का नेतृत्व करने वाले परेश बरुआ बातचीत के खिलाफ था। 2011 में जब गुट का बंटवारा हुआ तब भी यही वजह बनी थी। ताजा समझौता भी राजखोवा गुट के साथ ही हुआ है।

### आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की लोकसभा की सीटों का आपस में बांट कर अपनी मंशा साफ कर दी

# आपसी शह-मात के खेल में उलझा विपक्षी गठबंधन

**विकास सक्सेना**

> पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जिस तरह कांग्रेस की नीतियों और नेताओं पर निशाना साध रहे हैं, उससे राजनैतिक हलकों में इस बात की चर्चा होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन के ये नेता भाजपा को हराने के लिए एकजुट हुए हैं या फिर उनका उद्देश्य कांग्रेस को खत्म करना है।

**लोकसभा** चुनाव में भाजपा को हरा कर मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने से रोकने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन के नेता फिलहाल एक-दूसरे के खिलाफ ही षड़यंत्र रचने में जुटे हैं। सामान्य तौर पर राजनीति में भितरघात कुशल रणनीति माना जाता है, लेकिन इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता इस सामान्य परम्परा का भी पालन करने को तैयार नहीं हैं। वे खुले मंचों से एक- दूसरे के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों के निशाने पर सबसे ज्यादा कांग्रेस और उसके नेता हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जिस तरह कांग्रेस की नीतियों और नेताओं पर निशाना साध रहे हैं, उससे राजनैतिक हलकों में इस बात की चर्चा होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन के ये नेता भाजपा को हराने के लिए एकजुट हुए हैं या फिर उनका उद्देश्य कांग्रेस को खत्म करना है। लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल और नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड को विपक्षी गठबंधन का सबसे मजबूत साथी माना जा रहा था क्योंकि ये पहले से यूपीए का हिस्सा थे लेकिन इंडी गठबंधन में चर्चा के बिना ही इन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की लोकसभा की सीटों का आपस में बांट कर अपनी मंशा साफ कर दी है। बिहार की लोकसभा की कुल 40 सीटों में से राजद और जदयू ने 17-17 सीटें आपस में बांट ली हैं। बाकी बची छह सीटें कांग्रेस और वामपंथी दलों के लिए छोड़ी गई हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में जदयू भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल थी और उसने अपने हिस्से की 17 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर 16 पर जीत हासिल की थी। इसलिए जदयू 17 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है। अब यह देखना काफी रोचक होगा कि क्या कांग्रेस और वामपंथी दल महज छह सीटें पाकर संतुष्ट रह पाएंगे। राजद और जदयू ने जिस तरह बिहार की लोकसभा सीटों को आपस में बांट लिया इसे कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल विपक्षी गठबंधन की बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रख दिया। उनके प्रस्ताव का अरविन्द केजरीवाल ने समर्थन कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दलित समाज से आते हैं इसलिए कोई भी




नेता उनके इस प्रस्ताव का विरोध करने का साहस नहीं जुटा सका। लेकिन इस प्रस्ताव पर कोई सहमति भी नहीं बन सकी। फिर भी उनके इस दांव से गठबंधन के तमाम नेता चारों खाने चित हो गए। ममता बनर्जी के इस प्रस्ताव ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे हुए देखने के सोनिया गांधी के सपने को ही नहीं तोड़ा बल्कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव को भी गहरी चोट दे दी। पटना में पहली बैठक करवा कर विपक्षी गठबंधन की आधारशिला रखने वाले नीतीश कुमार को उम्मीद थी कि उनको विपक्षी गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार या गठबंधन का संयोजक चुन लिया जाएगा, पटना के बाद कई बैठकें हो चुकी हैं लेकिन अभी तक गठबंधन का संयोजक चुनना तो दूर उनके नाम पर गंभीर चर्चा तक नहीं हुई है। लालू प्रसाद यादव को भी उम्मीद थी कि गठबंधन का नेता बन जाने के बाद नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे और बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके पुत्र तेजस्वी यादव को स्वाभाविक तौर पर मिल जाएगी। लेकिन ममता बनर्जी और अरविन्द केजरीवाल ने उनकी सारी योजना पर पानी फेर दिया। इसके अलावा ऐसा नहीं है कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव के बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं। खबरें तो यहां तक आ रही हैं कि लालू प्रसाद यादव की तरफ से जदयू में सेंधमारी की कोशिशें की जा रही है। राजनैतिक और वैचारिक तौर पर भाजपा और संघ के धुर विरोधी वामपंथी दल भी अब इस विपक्षी गठबंधन में सहज महसूस नहीं कर रहे हैं। सबसे बड़े वामपंथी दल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने तो सीधे तौर पर कांग्रेस पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। वामपंथी दलों का सबसे ज्यादा प्रभाव पश्चिम बंगाल और केरल में है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी किसी भी कीमत पर माकपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है इसके वे कई बार साफ संकेत दे चुकी हैं इसलिए पश्चिम बंगाल में माकपा की गठबंधन में बने रहने की संभावना काफी कम हो गई है। इसके अलावा केरल में इस समय माकपा के नेतृत्व वाले वाममोर्चा की सरकार है। यहां के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और केरल माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविन्दन लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। वे नहीं चाहते कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल के वायनाड से दोबारा लोकसभा का चुनाव लड़ें। उनका कहना है कि कांग्रेस को भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में मजबूती से चुनाव लड़ना चाहिये, वायनाड के सांसद को राज्यों की प्रतिद्वंद्विता में नहीं पड़ना चाहिए। दरअसल लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़े थे। मुस्लिम लीग से उनका गठबंधन था। इसका नतीजा यह हुआ कि केरल की कुल 20 लोकसभा सीटों में से 19 पर कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन जीत गया था और वामदलों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। केरल की राजनीति में पकड़ मजबूत करने को कांग्रेस के नेता भी माकपा पर हमलावर हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केरल की पुलिस और माकपा कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करने और उनकी हत्या करने के आरोप लगाए हैं। इसके जवाब में माकपा की तेजतर्रार नेता वृंदा करात ने कांग्रेस पर भाजपा और संघ से मिलीभगत कर केरल षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए है। विपक्षी दलों के नेता एक-दूसरे के खिलाफ कोई गुपचुप पैंतरेबाजी नहीं कर रहे हैं बल्कि वे खुलेतौर पर एक-दूसरे के खिलाफ मीडिया में बयान दे रहे हैं। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की उपेक्षा से आहत उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने तो अपनी चुनावी सभाओं में कांग्रेस को धोखेबाज पार्टी बताते हुए मतदाताओं से अपील की थी कि वे कांग्रेस को वोट न दें। दरअसल, कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में मुस्लिम मतदाताओं ने जिस तरह जनता दल सेक्यूलर, बीआरएस और टीएमसी का साथ छोड़ कर कांग्रेस का दामन थामा है, उससे तमाम क्षेत्रीय दलों की नींद हराम हो गई है। वे भलीभांति जानते हैं कि अगर मुस्लिम मतदाता कांग्रेस के पाले में चले गए तो उनका राजनैतिक अस्तित्व खत्म हो जाएगा। इधर कांग्रेस के नेताओं को भी पता है कि अपनी राजनैतिक हैसियत दोबारा हासिल करने के लिए उन्हें मुस्लिम मतदाताओं को अपने खेमे में लाना ही होगा और इसके लिए वे पूरी शिद्दत से जुटे हुए भी हैं। इसीलिए इंडी गठबंधन के नेता भाजपा के खिलाफ रणनीति बनाने से ज्यादा एक दूसरे को शह-मात देने के खेल में उलझे हुए हैं।

**दृष्टि कोण**

## यूपी कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर हो रहे हैं सकारात्मक प्रयास

**देश** के सबसे बड़े राज्य में यूपी जोड़ो यात्रा को जो अपार जनसमर्थन मिल रहा है, उससे ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि यूपी में कांग्रेस पिछले 34 सालों से सत्ता से बाहर है। गठबंधन की राजनीति से उसकी कमर टूट चुकी है, जिसके चलते वह केंद्र में भी मजबूती से नहीं जम पा रही है। बदलते दौर में यूपी कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं, जिसके सुखद परिणाम जल्द ही सामने आएंगे। कहना न होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव की सूबाई गठबंधन नीति से यूपी समेत हिंदी पट्टी के जमे-जमाये नेताओं ने पार्टी के कार्यक्रमों से जो किनारा करना शुरू किया, उसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के दस वर्षीय कार्यकाल को यदि छोड़ दिया जाए तो पुराना सिलसिला अब जाकर थमने के आसार प्रबल हुए हैं। वहीं, यूपी में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को एड़ी-चोटी एक करनी होगी। वजह स्पष्ट है कि यदि कांग्रेस को प्रदेश में मजबूत बनाना है तो हमें राष्ट्रीय नीति के साथ-साथ क्षेत्रीय नीति और स्थानीय नेता विकसित करके उनमें तारतम्य



बिठाने की समुचित पहल करनी होगी। वहीं, विभिन्न कार्यक्रमों के सहारे लगातार उनकी मॉनिटरिंग भी करनी होगी। खास बात यह कि हमें राजनीतिक प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने में नए-पुराने के तफरके में संतुलन बिठाना होगा। साथ ही नेतृत्वगत अधिकारों का विकेंद्रीकरण करना होगा और चरणबद्ध रूप से जिम्मेदारी तय करनी होगी, ताकि पार्टी संगठन में जान फूंकी जा सके। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं कि गत दिनों लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में हमारे नेता राहुल गांधी यूपी कांग्रेस के नेताओं से नाखुश दिखे। जैसी की मीडिया रिपोर्ट आई है। बताया गया है कि यूपी में पार्टी के अंदर उत्साहित नेताओं की कमी है। यूपी कांग्रेस के नेता केंद्रीय नेतृत्व के भरोसे रहना चाहते हैं, जिसकी वजह से ना तो वहां पार्टी खड़ी हो पा रही है और ना ही जीत मिल रही है, जबकि तेलंगाना के नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के सहयोग से पार्टी खड़ी कर ली और चुनाव भी जीत लिया। वहां चार नेता ऐसे थे जो सीएम बनना चाहते थे, इसलिए सबने मेहनत की और सबकी मेहनत से पार्टी जीती। वहीं, यूपी में ऐसे तीन नेता नहीं हैं जो मुख्यमंत्री बनने का सपना देखते हों और उसे पूरा करने के लिए कुछ कर गुजरने का माद्दा रखते हों। एक अन्य टिप्पणी पर गौर करें तो पता चला है कि पार्टी का हर सदस्य चाहता है कि गांधी परिवार के सदस्य यूपी में पार्टी के अभियान का नेतृत्व करें, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि आगामी लोकसभा चुनाव में वे राज्य में कितने सक्रिय होंगे। यह ठीक है कि मुसलमान इस चुनाव में कांग्रेस की ओर देख रहे हैं, लेकिन पार्टी को मजबूत सीटों पर मजबूत उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना होगा और उन सीटों को अपने गठबंधन में सपा से लाना होगा। जबकि कुछ लोगों ने सोचा कि वे बसपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं, जबकि बसपा के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। इस दौरान कई अलग-अलग मुद्दे सामने आए, लेकिन सभी की राय थी कि पार्टी को कड़ी सौदेबाजी करनी चाहिए और न केवल सम्मानजनक हिस्सेदारी बल्कि मजबूत सीटें भी हासिल करनी चाहिए। ऐसे में सीधा सवाल है कि जब प्रदेश में पार्टी अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है और अपने नए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में एक नई टीम बनाकर आगे बढ़ रही है। तो फिर हमें पिछले 34 साल की उपलब्धियों-अनुपलब्धियों पर भी एक सरसरी नजर डाल लेनी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यूपी में अपने सबसे खराब दौर में भी पार्टी ने कई प्रयोग किए। अकेले चुनाव भी लड़ी और गठबंधन का साथ भी लिया। लेकिन कोई बड़ा कारनामा नहीं कर सकी, आखिर ऐसा क्यों? यह यक्ष प्रश्न है। बहरहाल, लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने अपने नए अध्यक्ष अजय राय के हाथ में कमान सौंपने के बाद यूपी जोड़ो यात्रा का आगाज कर चुकी है।

**कुछ अलग**

## तीस मार से पचास मार खां

**वह** उनके करीब कहीं नहीं रहे, लेकिन सदा सबको यही बताना उन्हें अच्छा लगता है कि वे उससे पूछ कर ही पानी पीते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा कहने से उनके आसपास धमाके होने लगते हैं और रहगुजर बहुत श्रद्धा से उन्हें देख कर कहते हैं, 'देखिए यही वह सज्जन हैं जिनसे पूछ कर वे पानी पीते हैं।' अचानक कई दिनों से वह इस नगरी में चले आए थे। यह आरामपसंद लोगों की एक ऐसी नगरी थी, जहां कुछ तीसमार खां और बहुत से भुक्खड़ लोग रहते थे। बात भुक्खड़ों की पहले कर लो, क्योंकि पूरी उम्र हाडतोड़ मेहनत करने के बाद भी इनकी कोई पूछ-प्रतीत नहीं होती। दिन-रात खेतों में काम किया। महामारी को अपने बदन पर सहने की परवाह किए बगैर, बंजर धरती के छोटे-छोटे टुकड़ों को ऊसर बना दिया। लहलहाती फसलें खड़ी कर दीं। उनके ओसारों को इन फसलों से भर दिया। चश्माधारी विशेषज्ञों ने बताया कि अरे यही तो वे लोग हैं, जिनकी भरपूर मेहनत ने इस मारक रोग का एक कारण भुखमरी नहीं बनने दिया। रोग पीड़ितों को अकाल पीड़ित होने से बचाया। अब इन लोगों की क्या बात करें, साहिब? ये वही लोग हैं जो हमेशा बेहतर जिंदगी की कतार से टूट गए लगते हैं। आजकल आखिरी आदमी भी उन्हें कहना बंद कर दिया गया है। ऐसा होना ही था, क्योंकि जबसे ऐसे लोगों के कल्याण के लिए अन्त्योदय योजनाओं के बैनर सजने लगे, उसके अलम्बरदार अपनी-अपनी कतार के आखिरी आदमियों के झुण्ड को लेकर चले आए, कि जिनमें राहत अनुदान के पहले कौर से लेकर आखिरी कौर तक बंट गया, और दशकों से इन कतारों में खड़े आखिरी लोग, अब और जगह नहीं है, और नौकरी नहीं, और राशन नहीं है, की नियति झेलने लगे। इस नियति के बावजूद बहुत दूर-दूर तक फैले हुए हैं। कभी सुना था इस देश में, इस नगरी में कोई भी बिना काम नहीं रहने दिया जाएगा। कम से कम परिवार के एक सदस्य को वर्ष में सौ दिन काम अवश्य मिलेगा, जिससे लोगों को काम से कम अन्न के चन्द दाने अपने पेट में डालने में दिक्कत न हो। दुर्दिनों का प्रकोप बढ़ा तो यह संख्या डेढ़ सौ दिन कर दी गई। सुना है आजकल खजाने की भायं-भायं बढने के कारण यह फिर सौ दिन हो गई है। जो मनरेगा कार्ड कहलाते थे, वे कतार के किन आखिरी लोगों में बंट गए, कुछ खबर नहीं, क्योंकि इधर इस कतार से छिटक गए लोगों की कतार और भी लम्बी हो गई। और इस देश की बहुत सी नगरियों के अलम्बरदार इन योजनाओं की पूर्णतः और सफलता की घोषणाएं करते अब थकते नहीं। ऐसी राहत और अनुदान घोषणाओं के कितने कारनामे आपको और सुना दें? कारनामे सुनाने वाले इन कल्याणकारी मसीहाओं की कमी नहीं। चुनावों के करीब आने की जब आहट होने लगती है तो ऐसे ही अलम्बरदार आपके शहरों में प्रगट हो जाते हैं, जो अपने आपको शहर के तीसमार खां लोगों के अंतरंग चोबदार बताते हैं। समझा देते हैं कि वह तो पानी भी पूछ कर उनसे पीते हैं। इसलिए कभी भी आपको हथेली पर सरसों जमाने जैसा कोई कठिन काम करवाना हो, तो उन्हें अवश्य याद कर लें, पलक झपकते ही आपका काम हो जाएगा, और तीस मार खां का कुनबा बढ़ कर पचास सौ मार खां हो जाएगा। लेकिन कुछ बातें इन लम्बी कतारों से निकाल दिए गए लोगों को आज भी समझ नहीं आई कि अगर तीस मार खां और उनके चोबदारों द्वारा घोषित स्वर्णयुग वास्तव में ही उनकी निर्वासित धरा पर आ गया है, तो दुनिया भर के भ्रष्टाचारी देशों के सूचकांकों में उनके देश के भ्रष्टाचारी होने का रुतबा और कैसे बढ़ गया? रिश्वतखोरों का यह देश तो शुरू से ही कहलाता था, अब यह रिश्वतखोरी जीने का एक ऐसा अनिवार्य ढंग कैसे बन गई।

**देश दुनीया से**

## डाकिए का झोला भारी, झोली खाली

> भारत में किसी समय सरकारी क्षेत्र को बेहतरीन रोजगार प्रदाता सेवा क्षेत्र माना जाता था, लेकिन जैसे-जैसे केंद्र एवं राज्य सरकारों का बजट बढ़ रहा है और सरकारी सेवाओं में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सरकारें रोजगार के नाम पर कच्ची नौकरियां देकर औने-पौनी तनख्वाहों पर अपने कर्मचारियों के जायज हक न देकर उनका शोषण करती नजर आ रही हैं। यही वजह है कि सेवा शर्तों में तमाम विसंगतियों और खामियों को लेकर भारत में इन दिनों जहां सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं तो कुछ-कुछ इन्हीं की तर्ज पर अपनी सेवा शर्तों में सुधार, पक्की नौकरी, वेतन बढ़ोतरी और पेंशन की गारंटी के लिए अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले ग्रामीण डाक सेवक संघर्षरत हैं।

**डाक** कर्मचारी जिस झोले में चिट्ठियां रखकर डाक बांटने जाते हैं, वह काफी भारी है, लेकिन उनकी झोली खाली है। झोला भारी होने से मतलब यह है कि उनके पास काम काफी ज्यादा है, लेकिन झोली खाली है क्योंकि वेतन कम मिलता है। कम से कम भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डाक कर्मियों की यही हालत है। भारत में किसी समय सरकारी क्षेत्र को बेहतरीन रोजगार प्रदाता सेवा क्षेत्र माना जाता था, लेकिन जैसे-जैसे केंद्र एवं राज्य सरकारों का बजट बढ़ रहा है और सरकारी सेवाओं में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सरकारें रोजगार के नाम पर कच्ची नौकरियां देकर औने-पौनी तनख्वाहों पर अपने कर्मचारियों के जायज हक न देकर उनका शोषण करती नजर आ रही हैं। यही वजह है कि सेवा शर्तों में तमाम विसंगतियों और खामियों को लेकर भारत में इन दिनों जहां सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं तो कुछ-कुछ इन्हीं की तर्ज पर अपनी सेवा शर्तों में सुधार, पक्की नौकरी, वेतन बढ़ोतरी और पेंशन की गारंटी के लिए अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले ग्रामीण डाक सेवक संघर्षरत हैं। पिछले दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में डाक कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण डाकघर की सेवाएं गड़बड़ा गई थीं। डाकघरों में बुढ़ापा, अपंगता पेंशन सहित कई कार्यों को निपटाने के लिए लोग पहुंचते हैं। कई लोगों के महत्वपूर्ण चिठी-पत्र और नौकरी, इंटरव्यू पत्रों सहित पार्सल भी डाक से आते हैं। जाहिर है कि डाक उपभोक्ताओं को असुविधा तो हुई ही होगी। लेकिन इसी विभाग में सेवारत डाक सेवकों की सेवा शर्तों और वेतन-भत्तों का यदि मानवीय दृष्टिकोण से जायजा लें तो लगता है कि केंद्र सरकार विगत कई दशकों से डाक सेवकों की सेवाओं का न केवल जमकर दुरुपयोग कर रही है, बल्कि शोषण करने के मामले में भी सबसे आगे है। आज महंगाई के जमाने में अच्छे वेतन की आस सभी को रहती है। डाक सेवकों में बारहवीं पास से लेकर स्नातकोतर उपाधि धारक युवा अपनी सेवाएं दे रहे हैं और निर्धारित 3 घंटों के बजाय 8-9 घंटों तक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन बदले में जिंदा रहने के लिए उन्हें कच्ची नौकरी और मामूली वेतन मिल रहा है। चिठीयों से लेकर ई-पोस्ट तक के सफर को पूरा करते-करते लगभग 500 साल पुरानी भारतीय डाक प्रणाली आज दुनिया की सबसे विश्वसनीय और बेहतरीन डाक प्रणाली में अव्वल स्थान पर है। भारत में 155015 पोस्ट ऑफिस (डाकघर) हैं। कई उतार-चढ़ावों से गुजरते कई सौ साल पहले जब आजकल की तरह खत पहुंचाने के संसाधन और व्यवस्था नहीं थी, तब कबूतरों द्वारा खत एक से दूसरी जगह पहुंचाए जाते थे, अथवा घुड़सवारों के जरिए खत पहुंचाए जाते थे। भारत में डाक सेवा की व्यवस्था साल 1766 में स्थापित की गई और भारत में पहला डाकघर 1786 में मद्रास में स्थापित किया गया। 1877 में पार्सल सेवा, 1879 में पोस्ट कार्ड, 1880 में मनी आर्डर और 1911 में इलाहाबाद से पहली एयरमेल सेवा शुरू की गई। इसी तरह 1935 में पहला इंडियन पोस्टल आर्डर शुरू हुआ। 1972 में पिन कोड की शुरुआत, 1986 में स्पीडपोस्ट का शुभारंभ किया गया। वर्तमान में औसतन एक भारतीय पोस्ट ऑफिस सात हजार से ज्यादा लोगों को सेवाएं देता है। ग्रामीण अंचलों में ग्रामीण डाक सेवक ही डाक संकलन, दूरस्थ क्षेत्रों (बीट) में डाक वितरण सहित कार्यालय कार्य आरडी और एफडी सहित बैंकिंग से जुड़े लेन-देन के कार्यों को बखूबी संभाल रहे हैं, वो भी कच्ची नौकरी करते हुए। पिछले दिनों अखिल भारतीय गामीण डाक सेवक संघ ने सम्पूर्ण भारत में स्थायी नौकरी, पेंशन और वेतन-भत्तों में सुधार की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी, लेकिन सामान्य नागरिकों को होने वाली असुविधा के दृष्टिगत अपनी हड़ताल वापस ले ली। अब यह केंद्र सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि वह भी न्याय की मांग और ग्रामीण डाक सेवकों की जायज मांगों को शीघ्र पूरा करे, ताकि ये कर्मचारी भी सम्मानजक तरीके से अपने परिवारों की देखभाल कर सकें। ग्रामीण डाक सेवकों की प्रमुख मांगें हैं कि भारत सरकार उन्हें पक्की नौकरी, आठ घंटे काम, इसी के अनुसार वेतन और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करे। नियमित कर्मचारियों के समान पहली जनवरी 2016 से समग्र संबंधित निरंतरता भत्ता मिले, 12, 24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तर्कसंगत निर्धारण, वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए वेटेज वृद्धि, समयबद्ध वित्तीय उन्नयन सहित कमलेश चंद्र समिति की सभी सकारात्मक सिफारिशों को लागू किया जाए। समूह बीमा कवरेज को पांच लाख तक बढ़ाया जाए।

**आप का नजरीया**

## पुलिस की अपनी अदालत

**अपनी** तरह के मार्गदर्शक फैसले ने आपराधिक जांच के दायरे से हिमाचल के पुलिस मुखिया और कांगड़ा की एसपी से उनका वर्तमान किरदार छीन लिया। माननीय हाईकोर्ट ने पालमपुर के व्यापारी की अरदास को सुनते हुए राज्य सरकार को दिशा निर्देश दिए हैं कि जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता के लिए पुलिस महकमे के ओहदेदार परिदृश्य से हटाए जाएं। ऐसे कड़े निर्देश की वजह समझें तो यह कानून व्यवस्था के आलम में हिमाचल की शर्मिंदगी है। जिन परिस्थितियों में पालमपुर के व्यापारी को पुलिस से वास्ता पड़ा, उससे द्विपक्षीय मामले में सारी कानून व्यवस्था का तामझाम तार-तार हुआ है। कारोबारी निशांत के अपने निजी मसले, व्यापारिक क्लेश या कानूनी पेचीदगियां हो सकते हैं और उनके निपटारे के लिए अदालती प्रक्रिया और न्याय प्रणाली की अहम भूमिका सुनिश्चित है, लेकिन यहां यह व्यक्ति पुलिस प्रणाली के खौफ के सामने अपनी लाचारी-मजबूरी का जिक्र करता हुआ गुहार लगा रहा है कि उसे नाहक डराया-धमकाया जा रहा है। वह शिमला और कांगड़ा पुलिस के प्रमुखों से अपनी शिकायत दर्ज करवाता है। आश्चर्य यह कि एक ही राज्य में शिमला के एसपी और कांगड़ा की एसपी के बीच कानून की दृष्टि, एफ आई आर की कापी और संज्ञान बदल जाता है। आश्चर्य यह कि डीजीपी स्तर का टॉप ब्रास अधिकारी एक व्यवसायी को पंद्रह बार क्यों मिस्ड काल दे रहा है या उसके मातहत पालमपुर के अधिकारी क्यों निशांत पर दबाव डालकर संवाद करवाना चाहते हैं। क्या पुलिस की अदालतें अब राज्य की अपनी कानून व्यवस्था का दिशा परिवर्तन है। हम यह नहीं कहते कि निशांत का माजरा क्या है और इस मामले की परतें कितनी भोली, ईमानदार या वीभत्स हैं, फिर भी यह कतई नहीं मान सकते कि पुलिस महकमे का आला अधिकारी अपने प्रभाव को अदालत बनाकर, अदालत के बाहर खुद अदालत बन जाए। कांगड़ा पुलिस मुखिया के रूप में एसपी महोदया ने कानूनी प्रक्रिया के आधारभूत ज्ञान को क्यों गिरवी रखा और किसके इशारे पर अपनी भूमिका के उज्ज्वल पक्ष को गौण कर दिया, यह संशय पैदा करता है। जाहिर तौर पर हाईकोर्ट के सख्त निर्देश के बाद सरकार को सख्त होना पड़ेगा। यह एक मामला नहीं, बल्कि राज्य की पुलिस मशीनरी का हुलिया है और चारित्रिक गिरावट भी। यह सुशासन की लोकतांत्रिक आस्था के बिलकुल विपरीत राज्य का अंधा और बहरापन है। अगर सुक्खू सरकार व्यापारी की प्राथमिक शिकायत पर ही कार्रवाई करती तो अदालत के लिए संदेह प्रकट करने की जरूरत नहीं होती। यहां हम पुलिस महकमे से इतर भी व्यवस्था को नाको चने चबाने पर मजबूर करने वाले कई अन्य विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाना चाहेंगे। यह राज्य अब भोला नहीं, बल्कि ऐसी मिली भगत का पर्याय है जहां चंद नेता, अधिकारी, नौकरशाह, मीडिया के लोग, ठेकेदार व कर्मचारी संगठनों के ओहदेदार व्यवस्था को अपने स्वार्थी इरादों की वसीहत में बदल रहे हैं। हिमाचल में प्रशासनिक, राजनीतिक व सामाजिक भ्रष्टाचार से एक अजीब सा नाता विकसित हो रहा है, जो विकास की अग्रिम पंक्ति पर निजी तौर पर वांछित उपहार पा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्यारह हजार वोल्ट तार में सटने से हाईवा चालक की स्थिति गंभीर

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य सड़क बलबल में हाईवा धोने के क्रम में चालक ट्राली को ऊपर उठाया। जहां 11000 वोल्ट की तार गुजरी हुई थी। जिस तार में गाड़ी का ट्राली सट जाने से पूरे गाड़ी में करंट आ गई।और हाइवा जलने लगी। तथा चालक की हाथ पैर जल गया। जिसकी स्थिति गंभीर बताई जा रहा है। ग्रामीणों के तत्परता से बेहतरीन इलाज के लिए हजारीबाग भेजा गया है। साथ ही साथ हाईवा में आग लग गई। जिसे ग्रामीणों के तत्परता से बुझाई गई है।

### निशुल्क नेत्र जांच का लगा शिविर, लगभग 500 लोगों ने कराया इलाज



**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत मंझगावा पंचायत के सिंदवारी कला में स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में निशुल्क नेत्र जांच का शिविर लगाया गया। जहां लगभग 500 लोग आंख की जांच करवाएं। यह नेक कार्य चतरा लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय भावी सांसद प्रत्याशी डॉ0 अभिषेक कुमार सिंह द्वारा किया गया। जहां निशुल्क दवा चश्मा व मोतियाबिंद मरीजों को निशुल्क आने-जाने और ऑपरेशन करने की खर्च उठाने की बात कही है।इसके लिए मोतियाबिंद मरीजों को मीनाक्षी नेत्रालय रांची जाना होगा। जिसके लिए सारी व्यवस्था निशुल्क है।एवं इसकी व्यवस्थापक मंझगावा पंचायत के मुखिया सरिता देवी समाजसेवी नमो नारायण सिंह मुखिया प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह ने किया।

# कुन्दा डीलर संघ ने किया बैठक, एक जनवरी से हड़ताल पर जाने का लिया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा जनवितरण प्रणाली संघ ने केंद्रीय संघठन के आह्वान पर एक जनवरी 2024 से हड़ताल पर जाने का मन बनाया है। आह्वान पर दर्जनों मांगो को लेकर प्रखंड के सभी जनवितरण दुकानदार सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। ये सभी बातें बाजार टांड़ परिसर बैठक में हुई।बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद यादव ने किया। इन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में अपनी मांगों के समर्थन मे एक जनवरी 2024 से बंद रखेगें। आगे बताया कि जनवितरण दुकानदारों को तीन रुपये प्रति किलो राशन पर कमीशन देने, 35 हजार रुपये मानदेय, अनुकंपा, केरोसिन तेल पर तीन रुपये कमीशन देने आदि की



मांग को लेकर संघ की हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार एक जनवरी से पूरे प्रखंड के जन वितरण दुकानदार ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का मन बनाया है।डीलर संघ के कहना है कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगी। जनवितरण दुकानदारों के हड़ताल पर चले जाने से गरीबो को राशन नही मिलने से भुखमरी की स्तिथि उत्पन्न हो सकती है। वहीं हड़ताल के समर्थन में जन वितरण दुकानदार ने अपनी एकजुटता प्रकट करते हुए मांगों को पूरा होने तक हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया है। बैठक के बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ज्ञापन शौपा गया है। इस मौके पर नागेंद्र पासवान, नागेंद्र यादव, योगेंद्र पासवान, सुधीर गुप्ता, मानिकचंद यादव, सुनैना देवी, शालिग्राम गंझू, सतेन्द्र यादव, उदेसर गंझू, संतोष यादव, मनोज यादव, शिवकुमार यादव, गंदौरी साव, दिनेश साव सहित सभी डीलर उपस्तिथ थे।

# रॉयल स्टार सोपारम ने गाड़ीलौंग प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का जीता फाइनल मुकाबला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित गाड़ीलौंग प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को रॉयल स्टार सोपारम बनाम आम्रपाली चंद्रगुप्त चैलेंजर के बीच खेला गया। रॉयल स्टार सोपारम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में पांच विकेट खोकर 119 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी आम्रपाली चंद्रगुप्त चैलेंजर की टीम ने 111 रनों की स्कोर पर ही ढेर हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल स्टार सोपारम के कप्तान सतीश कुमार ने 45 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली वहीं विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन दिखाते हुए विकास पांडे ने 20 गेंद में 45 रन अपने टीम के नाम जोड़ दिए। इस पूरे टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज एवं बेहतर बल्लेबाजी के लिए सतीश कुमार को सामिल किया गया। इस टूर्नामेंट के फाइनल



मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधानसभा के विधायक किशुन कुमार दास उपस्थित रहे। विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल, कप तथा नगद बीस हजार रूपए पुरस्कार देते हुए विधायक श्री दास ने कहा कि टंडवा प्रखंड क्षेत्र में प्रतिभा मान युवाओं की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें सही दिशा की जरूरत है। उन्होंने इस सफल टूर्नामेंट की समाप्ति पर कहा कि एक समय ऐसा आएगा जब टंडवा प्रखंड के खिलाड़ी झारखंड लेवल एवं देश लेवल पर खेलेंगे। मौके पर उपस्थित विधायक जिला प्रतिनिधि अच्छेवट पांडे ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला अफजाई किया। इस पूरे टूर्नामेंट को शांतिपूर्ण सफल बनाने में युवा समाजसेवी सह युवा खेल टीम के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र पांडे ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर कोयद पंचायत के मुखिया किशून राम, भाजपा नेता जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता सहित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं ने किया गोद भराई का रस्म, कई प्रतिनिधि हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नारियल तोड़ फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुमीरा देवी ने किया।एवं संचालन पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने किया। मुख्य रूप से उपस्थित उप प्रमुख प्रीतम यादव पंसस प्रियांशु देवी प्रखंड भाजपा अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी सांसद प्रतिनिधि मनोज कुशवाहा उपस्थित थे। कार्यक्रम में गोद भराई व मुंह जुठी किया गया। जिसमें दो महिलाओं का गोद भराई की गई। जहां बच्चा एवं उसकी मां को सर्व सामग्री के साथ चुनरी ओढाकर गोद भराई का रस्म किया गया। उसके बाद बैठक को संबोधन करते हुए लोगों ने पंचायत वासियों को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी बताए।उनके साथ 2047 ईज़्तक भारत विकसित देश कहलायेगा। लोगों को जागरूक किया गया। इसके बाद लोगों ने शपथ भी लिया।इस कार्यक्रम में शामिल वार्ड सदस्य रजनी देवी मनोज रविदास लक्ष्मण रजक अजय रविदास रोजगार सेवक पार्वती देवी निर्मल कुमार दांगी जेएसएलपीएस से अभिषेक कुमार दिलीप कुमार उप मुखिया बिकास पान्डेय बिजय रजक भेखलाल रविदास प्रसादी पासवान उषा देवी उर्मिला देवी निलम देवी सेविका दीदी समेत महिलाएं व सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें द्य इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार भी जताया।

# कार्यकारिणी की हुई बैठक लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत सचिवालय सभागार में शनिवार को कार्यकारणी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने किया संचालन पंचायत सेवक प्रियंका कुमारी ने किया। जहां सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि पुराने एवं लंबित सभी योजना जल्द से जल्द निष्पादन करना है। उसके बाद नई योजनाओं को भी पारित करना है। मौके पर उपस्थित उपमुखीया मंजु देवी वार्ड सदस्य कैलाश उर्फ इन्द्र जित दांगी मुशाफिर कुशवाहा रामदेव यादव ममता कुमारी रंजु देवी सुनीता देवी बैठक में उपस्थित थे।

# मानव कल्याण संस्था के द्वारा दस किसानों के बीच किया गया सौर पंप का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के उरैली में एनजीओ मानव कल्याण संस्था के द्वारा दस किसानों के बीच सोलर एवं समरसेबल पंप तथा 30 असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के सचिव सह संस्थापक विंध्याचल मिश्रा एवं अध्यक्ष बल्लभ मिश्रा के हाथों दिया गया। इस मौके पर उरैली पंचायत के मुखिया संजय कुमार सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि सरयू यादव मौजूद थे। वितरण किए गए लाभुकों में बिजेंद्र कुमार, सरवन कुमार पांडेयपुर कला, बुधन महतो, त्रिलोकी भुईयां, और विजय साहू पांडेयपुर खुर्द, जयराम प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, काजल कुमारी, मुकेश सिंह पंडरी कला इन सभी किसानों के बीच वितरण किया गया। मौके पर जरूरतमंद वृद्ध लोगों को 30 कंबल का भी वितरण किया गया। इस संस्था के सचिव द्वारा बताया गया कि मानव कल्याण के लिए हमारी संस्था ने वृद्धा आश्रम, बेटियों की शादी भी हमारी संस्था द्वारा की जाती है। मौके पर उपस्थित पंचायत के उप मुखिया पिंटू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अनिल कुमार शर्मा अमित पाठक, दानी यादव, विजय यादव, अखिलेश यादव, मुकेश कुमार सिंह के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## लातेहार की खबरें

# भाजपा ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर राज्य सरकार कि गिनाई कमियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के समीप होटल द ब्लिस में झारखंड सरकार के 4 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि आलोक चौरसिया डाल्टनगंज विधायक शामिल हुए।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य सरकार के 4 साल के कार्यकाल को पूरी तरह से विफल बताया। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए श्री चौरसिया ने कहा कि महागठबंधन के नेतृत्व में राज्य सरकार अपने उपलब्धियां को गिनाते हुए पीठ थपथपाने का कार्य कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अशांति और अराजकता का माहौल है। चुनाव का नजदीक आते




ही राज्य की सरकार घोषणाऐं कर भोली भाली जनता को लुभाने का काम कर रही है। जबकि इसके पूर्व सरकार ने जेपीएससी और जेएसएससी के माध्यम से पांच लाख युवाओं को नौकरी, बेरोजगारी भत्ता और अन्य लाभ देने का वादा किया था। वहीं इनके कार्यकाल में पंचायत स्तर और स्वास्थ्य कर्मी को स्थाई करने का वादा किया था, ज़ो फेल साबित हुआ। आगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के संरक्षण में गठबंधन के लोग पत्थर बालू और कोयला माफिया बन बैठे हैं। गठबंधन के कई लोगों पर भ्रष्टाचार का आरोप है। साथ ही क्षेत्र के युवा बेटी महिलाएं और आम अवाम बेरोजगार हैं। वहीं जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि गठबंधन की सरकार अखबारों की सरकार है, असहाय गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकारी लाभ से वंचित रखा जा रहा है। कहा कि यह सरकार गठबंधन नहीं ठगबंधन कि सरकार है। 4 साल के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की जनता टकटकी निगाहों से देख रही थी,लेकिन क्षेत्र की जनता को सरकार ने सिर्फ भटकाने का कार्य किया है। प्रदेश की हालत बहुत खराब है गरीबों को मिलने वाला निवाला को लोग बंदरबांट कर ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुव्यवस्था कि सरकार में बिजली विभाग द्वारा क्षेत्र में कुछ काम नहीं हुआ। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गये 108 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ के बारे में बताया। मौके पर भाजपा नेता रामकृत चौरसिया प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजधानी यादव, उपाध्यक्ष राकेश दुबे, महामंत्री पंकज सिंह, बंसी यादव, विष्णु देव गुप्ता समेत भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने विकास परामर्श यात्रा के दौरान गांव का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कांग्रेस नेता सह पूर्व ग्रामीण विकास विभाग मंत्री के एन त्रिपाठी विकास परामर्श यात्रा के दौरान प्रखंड के सुदूर ग्राम का दौरा किया।श्री त्रिपाठी ने प्रखंड के बालू, मासीयातू, होलंग, रजवार आदि ग्राम का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनका विचार जाना। मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि गांव हो या शहर मौजूदा चतरा लोक सभा के सांसद न दिखाई देते हैं। और ना ही क्षेत्र में उनकी कोई विकाश योजना। सरकार अपने 10 साल के कार्यकाल में सिर्फ जनता को झूठे वादे करते आई हैं। जो कभी पूरा नहीं हो सकता है। श्री त्रिपाठी ने यह भी कहा की आने वाला लोकसभा चुनाव में जानता इसका जवाब देगी। साथ ही श्री त्रिपाठी ने यह भी कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता का बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रहा है। अगर चतरा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले तो गांव गांव तक विकास करके दिखाएंगे। मौके पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अमीर हयात, लातेहार भावी प्रत्याशी सजन कुमार, प्रिंस अजय उरांव, प्रिंस, रहमूल, कामिल इत्यादि उपस्थित हुए।

# बीएस डीएवी स्कूल लातेहार में नए प्राचार्य ने लिया प्रभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के जलता स्थित भोला शरण डी ए वी पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यालय के नए प्राचार्य के रूप में घनश्याम सहाय ने प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय कार्यालय में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने नए प्राचार्य को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और पदभार सौंपा। प्रभात रंजन ने प्राचार्य के स्वागत में कहा कि आपकी आभा से यहाँ के छात्रों को वैश्विक ख्याति प्राप्त होगी। इस अवसर पर विद्यालय के नए प्राचार्य घनश्याम सहाय ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको डी ए वी परिवार के सदस्य होने पर गर्व होना चाहिए । डीएवी लातेहार से पूर्व में वो डीएवी स्कूल (बक्सर), डुमराँव, बिहार में प्राचार्य के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास और विद्यालय का एकेडमिक एक्सीलेंस उनका मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने अपने कई वर्षों की शिक्षण कार्यानुभव की भी चर्चा की। उन्होंने विद्यालय परिवार को आने वाले नए वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार पांडेय, रवि प्रकाश तिवारी, अजीत कुमार, बसंत कुमार, कुंदन कुमार मौजूद थे।

# जल मजदूर संघ कार्यालय में त्रिपाठी का हुआ आगमन, कई बिंदुओं पर हुए विचार विमर्श

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के डीही पंचायत के समीप मूरूप ग्राम में शनिवार को पूर्व मंत्री केंद्र त्रिपाठी का जन मजदूर कार्यालय में आगमन हुआ जहां क्षेत्र के विकास से संबंधित होने वाली समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया वहीं जन मजदूर संघ के सदस्यों ने श्री त्रिपाठी के समक्ष डीवीसी कंपनी के द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे हैं मनमानी। क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिलने के साथ कई समस्याओं से अवगत कराया वहीं समस्याओं



को सुनने के बाद श्री त्रिपाठी के द्वारा आश्वासन दिया गया। कि हम जन मजदूर परिवार संघ के साथ हमेशा खड़े हैं आप लोगों को जब भी हमारी जरूरत पड़े तो हम हमेशा आपके साथ हैं आपके हक अधिकार को दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर शमशेर आलम खलील अंसारी शिवपूजन सिंह सुरेंद्र सिंह मंजर हुसैन सतीश सिंह अमीर हम्ज़ा अत्ताउल्लाह अंसारी नूर आलम कुर्बान समेत कई लोग मौजूद थे।

# कुडू एवं जिंगी पंचायत में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन आज कुडू प्रखण्ड के कुडू एवं जिंगी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का



लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने,देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने,भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की

# जलमिनार छह माह से खराब, ग्रामीण परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखण्ड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत सीसीएल प्रभावित क्षेत्र गोलीटांड ग्राम में लघू ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत हर घर नल का जल के उद्देश्य से छ माह पूर्व लाखो की लागत से सोलर जलमिनार लगाया गया था। जो लगने के तुरंत बाद ही ख़राब पढ़ा हुआ है। जिसके कारण आज भी लोग खुले कुआँ की पानी




पिने पर मजबूर है। ग्रमीण भुनेश्वर गंझु, अमरीत गंझु, रमया देवी, तिलकी मसोमात, मोहरी गंझु, अनीता देवी, सितमनी देवी, बिनोद गंझु, बैजनाथ गंझु, भुनेश्वर गंझु, सहित अन्य ग्रामीणों ने बातया की गोलीटांड के उपर टोला मे हम गंझु समाज के 40 से 50 घरों से लगभग 250 लोग निवास करते हैं। जो बीते छ माह पूर्व लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पिएचडी विभाग से सोलर जलमिनार लगाया गया था। संवेदक द्वारा सोलर जलमिनार का ट्रायल किया। और वह पांच मिनट के बाद खराब हो गया जो आज तक खराब पड़ा है.जलमिनार लगने से हम सभी गाँव के लोग काफी खुश थे की। अब हम लोगो को हर घर नल का जल मिलेगा.पर वह सपना अधुरा ही रह गया. जिस कारण हम सभी लोग आज भी खुले कुआँ के पानी पिने पर मजबूर हूं.एसा लगता है कि सरकार का कोई योजना हम लोगो के लिए नही है. सोलर जल मीनार खराब की सूचना स्थानीय मुखिया, को कई बार दिया पर कोई लाभ नहीं हुआ। और ना हमलोगों को सीसीएल प्रभावित क्षेत्र मे रहने के बावजूद सीसीएल के द्वारा को कोई लाभ मिल रहा है.थक हार कर इस ठंड मे भी बच्चों सहित सभी लोग कुआँ के पानी पि रहे है। ग्रामीणों ने बीडीओ व डीसी से अविलम्ब सोलर जलमिनार को दुरुस्त करवा पेजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

# हेरहंज पुलिस ने 2 एकड़ में लगे अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत कटांग ग्राम से सटे कुरांग टोले के अमानत नदी के किनारे लगे अवैध पोस्ते की खेती को हेरहंज पुलिस के द्वारा नष्ट किया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर लगातार पोस्ते की खेती को नष्ट किया जा रहा है।शुक्रवार को भी कांचा के जंगलों में लगभग 3 एकड़ में लगे पोस्ट की



खेती को नष्ट किया गया था। अभियान के दूसरे दिन शनिवार को कटांग ग्राम से सटे कुरांग के अमानत नदी के किनारे लगे लगभग 2 एकड़ भूमि पर पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया ।इस अभियान में मुख्य रूप से थाना प्रभारी नीतीश कुमार, पु अ नि विश्वजीत तिवारी, सहित आई आर बी एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# सरना धर्म कोड तथा झारखण्ड को आदिवासी राज्य की माँग को लेकर विष्णुगढ़-बगोदर मार्ग घंटो जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** सेंगेल अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखान मुर्मू के पूर्व घोषित रेल रोड चक्का जाम भारत बंद का आह्वान किया गया था,जिसको अमलीजामा पहनाते हुए सेंगेल अभियान जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा के नेतृत्व में सातमिल चौक एनएच-522 तथा गोमियाँ विष्णुगढ़ मार्ग को घंटो तक जाम कर दिया गया।सैकड़ों आदिवासी महिला एवं पुरुष सेंगेल अभियान का झंडा बैनर एवं तख्ती के साथ डुगडुगी बजाते हुए सरना धर्म कोड को अविलम्ब लागु करो,झारखंड को आदिवासी राज्य बनाना होगा, जो सरना धर्म कोड देगा आदिवासी उसी को वोट देगा,सेंगेल अभियान जिंदाबाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखान मुर्मू जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे। सातमिल मोड़ में रोड जाम होने से यात्रियों की आवाजाही घंटों बाधित रही, तीनो तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी द्य इस बाबत जिलाध्यक्ष बहराम हांसदा कहा कि आजाद भारत मे आदिवासी धार्मिक गुलामी मे है द्य देश आजाद होने से पहले आदिवासी की



अलग धार्मिक पहचान थी,जब देश आजाद हुआ और 1951मे पहली जनगणना हुआ तो आदिवासी की धार्मिक पहचान को षड्यंत्र के तहत हटा दिया गया जो आदिवासियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। 2011की जनगणना मे सरना धर्म कोड आदिवासियों ने 50 लाख लिखाया है द्य जबकी जैन धर्म मानने वाले मात्र 44लाख है,जिसको धर्म कोड मिला हुआ है,ये आदिवासियों के साथ अन्याय ही नहीं बेईमानी भी है द्य सरकार को अबिलम्ब सरना धर्म कोड की घोषणा केंद्र सरकार को करना चाहिए। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की जन्मदिन पर झारखण्ड अलग राज्य की स्थापना आदिवासियों के लिए हुआ आज आदिवासी शोषित एवं पीड़ित है, हमारी दूसरी माँग अविलम्ब झारखण्ड को आदिवासी राज्य बनाया जाय। अभी तो सांकेतिक भारत बंद है,जब पूरा आदिवासी समाज उठकर अपने हकोंहूकूक लिए खड़ा होगा तो राज्य एवं केंद्र की सरकार हिल जायेगी। विष्णुगढ़ पुलिस-प्रशासन ने जाम की स्थिति को देखते हुए जाम में आये लोगो को समझा-बुझाकर जाम को हटायाइस मौके पर मुख्य रूप से सेंगेल माझी परगना लालजी सोरेन, सेंगेल सरना धर्म मडवा अध्यक्ष बहराम मरांडी प्रखंड अध्यक्ष सोहन हांसदा, बेरमो सेंगेल परगना महा किस्कू इचाक प्रखंड सेंगेल अध्यक्ष जगदीश हांसदा, देविरम हेम्ब्रोम सोमर हेम्ब्रोम, मोतीलाल हांसदा लालजी मुर्मू, श्यामलाल हेम्ब्रोम, पूर्व मुखिया शिबू सोरेन, हेमंती हांसदा, पनवती किस्कू, सेरागी किस्कू, आंसू किस्कू,गीता किस्कू समेत सेकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

# डॉ गोविंद मुनीश ने लॉन्च की कार्यक्रम, आईसेक्ट के कृषि वैज्ञानिक आपके गांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग की ओर से सदर प्रखंड के अमनारी पंचायत के अमनारी गांव में स्थायी खाद्य सुरक्षा के आधुनिक व बेहतर समाधान को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया कृष्ण देव प्रसाद मेहता ने की। दीप प्रज्वलन के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने +आईसेक्ट के कृषि वैज्ञानिक आपके गांव+ कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि उन्नत कृषि तकनीक न केवल आम किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बनेगा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी इससे मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि समय समय पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से कृषि की उन्नत तकनीकों को लेकर अलग-अलग गांवों में सेमिनार या अन्य माध्यमों से संबंधित जानकारियां साझा की जाएगी, ताकि आसपास के क्षेत्रों में इसका लाभ मिल सके। विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रभात किरण ने मौके पर मौजूद किसानों व स्थानीय लोगों को मिट्टी जांच की अहमियत



बताते हुए मृदा स्वास्थ्य की जानकारी दी। वहीं कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने मांग आधारित खेती की बारीकियों से मौजूद ग्रामीणों को अवगत कराया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ सत्यप्रकाश, प्रिया कुमारी व फरहीन सिद्दीकी ने भी कृषि से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से लोगों को अवगत कराया और फसलों में लगने वाले कीट से बचाव व जैविक खेती के लाभ को लेकर जानकारियां दी। विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के विद्यार्थियों कौशल, संगीता व विकास ने भी पढ़ाई के दौरान सिखाए गए केंचुआ खाद की तरकीब मौजूद लोगों को बताते हुए इसकी महत्ता से भी लोगों को रूबरू कराया।

# आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में स्टार एलुमनाई कनेक्ट व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** टीवी टावर समीप बड़कागांव रोड स्थित आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत स्टार एलुमनाई कनेक्ट व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यूएनडीपी व जेएसडीएमएस परियोजना सहायक दीपक कुमार मौजूद रहे, जिनके हाथों कौशल केंद्र के स्टार एलुमनाई सोनी कुमारी व उर्मिला कुमारी को सम्मानित किया गया। बता दें कि सोनी कुमारी व उर्मिला कुमारी चेन्नई स्थित स्टैनफैब अपैरल्स प्रा. लि. में बीते छः महीने से कार्यरत हैं। सोनी व उर्मिला ने कहा कि आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में पाए प्रशिक्षण की वजह से ही आज एक बड़ी फैक्ट्री में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के दौरान स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र से



प्रशिक्षण पाए सभी प्रशिक्षुओं को रोजगार के अवसर तो मिलेंगे ही, साथ ही आने वाले समय में स्वरोजगार के माध्यम से भी प्रशिक्षु एक नया मुकाम हासिल कर सकते हैं। प्लेसमेंट समन्वयक दीपेंद्र कुमार ने छात्रों के लिए उपलब्ध प्लेसमेंट अवसरों की जानकारी साझा करते हुए विभिन्न कंपनियों में कार्यरत प्रशिक्षुओं की तस्वीरें प्रदर्शित कीं। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किये गये, जिसमें प्रशिक्षण पा रहे विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य व गायन की प्रस्तुति दी।

# क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी बड़कागांव को नोडल पदाधिकारी बनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी परीक्षा के तनाव को कम करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का 7 वॉ संस्करण जनवरी/फरवरी, 2024 में तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली के टाउन हॉल में आयोजित किया जाना है। यह आयोजन स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पिछले 6 वर्षो से लगातार आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पंजीकृत एवं चयन करने के लिए दिनांक 12 दिसम्बर, 2023 से दिनांक 12 जनवरी, 2024 तक https://innovateindia.mygov.in/ppc-2024 पर एक ऑनलाईन बहुविकल्पीय प्रश्न (स्र्ष्टक्त) प्रतियोगिता करायी जा रही है जिसमें कक्षा 06 से 12 तक पढ़ने वाले छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक भाग ले सकते है। इसके अंतर्गत प्रतिभागी ऐसे प्रश्न भी पूछ सकते है, जो इंटरैक्टिव कार्यक्रम से संबंधित हो। सभी प्रतिभागियों को निदेशक, NCERT द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। विभाग द्वारा चयनित




छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को अपने प्रश्न के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के पिछले संस्करणों में प्रश्न पूछने वाले प्रतिभागियों को मीडिया चैनलों द्वारा अपने कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसी तर्ज पर इस वर्ष भी कुछ चुनिंदा प्रतिभागियों को मीडिया से बातचीत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए राज्य स्तर पर निदेशक छ्वष्टश्वक्रञ्ज, राज्य नोडल पदाधिकारी है। वहीं श्री बादल राज, स्ष्टश्वह्र, सिमडेगा (मो :8826350323) इस कार्यक्रम के सहायक राज्य नोडल पदाधिकारी नामित किये गये हैं।

# समरिटन वेलफेयर फाउंडेशन ने नशा मुक्ति पर चलाया जागरूकता अभियान

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समरिटन वेलफेयर फाऊंडेशन के द्वारा के विभिन्न चौक चौराहों पर नशामुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कर युवाओं को जागरूक करने का कार्य किया। इस नाटक के माध्यम से आज के युवाओं को नशा न करने के हिदायत दी गई और स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन जीने की अपील की गई साथ ही यह संदेश दिया गया की नशा हमारे लिए कितना घातक एवं खतरनाक है और यह हमारे जीवन को किस तरह से नष्ट कर देता है द्य इस तरह के जागरूकता अभियान की शुरुआत करने के पहल पर संस्था के अध्यक्ष सह राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित अशोक कुमार ने बताया कि समरिटन वेलफेयर फाउंडेशन की स्थापना महात्मा नारायण दास ग्रोवर जो भारत में दो सौ से अधिक डीएवी विद्यालयों के संस्थापक थे, उनके ही प्रेरणा एवं सुझाव से 2007-8 में की गई। संस्था का एक मात्र उद्देश्य है कि गरीब, दलित आदिवासी, पिछड़ी जाति और समाज के दबे हुए लोगों को आगे बढ़ने के साथ उन्हें निशुल्क कोचिंग,नौकरी के लिए कौशल प्रशिक्षण देना एवं इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जागरूक करना ताकि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके । आज से पांच वर्ष पूर्व हजारीबाग के पूर्व उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने पिछड़ी जाति बालिका विद्यालय, मटवारी जो कल्याण विभाग,झारखंड सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय हैं में गरीब और वंचित वर्ग की बालिकाओं के शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने का कार्य बतौर शिक्षक दिया। जिसमे उन्होंने लगातार चार वर्षो निःशुल्क परीक्षा की तैयारी करवाई। उनके इस कार्य के लिए तत्कालीन सचिव,कल्याण विभाग, हिमानी पांडे एवं पूर्व उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया। चार साल में उन्होंने विद्यालय को 12वें रैंक से रैंक 1 पर ला दिया । इस तरह के और कई सामाजिक कार्यो के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के राष्ट्रपति पुरूस्कार से भी सम्मानित किया गया ।संस्था द्वारा हजारीबाग के सरकारी और गैर सरकारी विद्यार्थियों में विज्ञान में अभिरुचि जगाने विद्यार्थी विज्ञान मंथन को सभी जिलों में प्रसारित करने के साथ पीएम कौशल विकास अभियान एवं भौतिक विकास के लिए निरंतर कार्य करते आ रही है। आज के इस नुक्कड़ नाटक की तैयारी तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता के द्वारा की गई थी जिसमे इस नुक्कड़ नाटक में प्रमुख रूप से शशिकांत कुमार, अमित कुमार कुशवाहा, कृष्ण कुमार दांगी, इंद्रजीत कुमार भारती, महेश, विक्रम, अनुप्रिया, गणेश, भीम आदि कई कलाकार उपस्थित थे ।

# विष्णुगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा में खरना एवं गैड़ा में उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को पंचायत खरना तथा गैडा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में एलईडी के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुनाया गया तथा अतिथियों के द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनाकर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है,कहा कि इस अधिनियम से भारत में महिला नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा। केंद्र सरकार ने तीन तलाक पर कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है।कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी गैस कनेक्शन देकर, मातृत्व अवकाश में 12 से 26 सप्ताह बढ़ाकर,जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवारों को नल से जल देकर, मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को



उद्यमी बनाकर महिलाओं के जीवन में सुधार लाने का काम किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं की सार्थकता की जानकारी ली गई। महिला समूह के द्वारा एकाकी नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बीमार व्यक्तियों का इलाज कर दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में लाभुकों के बीच जॉब कार्ड किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया।

# हजारीबाग के तिरंदाजों को एक और मौका, फिर होगा तीरंदाजी ट्रायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला में खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर शुरू हो चुका है। यहाँ पर तीरंदाजी का शौक रखने वाले बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। यहाँ खेलो इंडिया स्कीम के तहत कुल 30 सीट हैं जिसके लिए पहले भी ट्रायल हो चुका है। ट्रायल में सभी बच्चों का चयन भी हो गया था। हालांकि एक गलतफहमी के कारण कुछ ऐसा हुआ कि कई खिलाड़ियों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। अब करीब 15 खिलाड़ी ही रह गए हैं जिससे बाकी बचे 15 सीट खाली हैं। सेंटर से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि बहुत जल्द बाकी बचे हुए सीटों के लिए ट्रायल प्रोसेस चालू किया जाएगा। यहाँ बच्चे हुनर दिखा कर अपनी सीट पक्की कर सकते हैं। कोच ने कहा कि हजारीबाग में तीरंदाजी को मजबूत करना उनका लक्ष्य है। वो पहले राष्ट्रीय पुरुस्कार विजेता बिरसा मुंडा आर्चरी अकादमी में कोचिंग देने का काम कर रहे थे। वहाँ पहले से अच्छे



खिलाड़ी आते रहे हैं। ऐसे में हजारीबाग के बच्चों को नंबर वन बनाना उनके लिए एक चुनौती है जिसे वो सहर्ष स्वीकार करते हैं। कहा, कि खेलो इंडिया स्कीम में चयनित होने पर बच्चों को दिन में 3 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा जो अमूमन स्कूल के बाद के वक्त में होगा, इसलिए बच्चे विद्यालय की पढ़ाई के बारे में नहीं सोचे, उसमें बाढ़ नहीं आएगी। इसके इतर सरकार की ओर से कई तरह की सुविधाएं भी मिलेंगी जैसे अपना तीर-कमान, स्पोर्टिंग आउट्फिट आदि।

# बड़कागांव में कांग्रेस ने वन भोज कार्यक्रम का किया आयोजन

**विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेता जुटे**



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के तलसवार पंचायत के जोभिया में कांग्रेस परिवार मिलन समारोह सह वन भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे व मंच संचालन चंदर साव ने किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओ का जुटान हुआ। मौके पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए और सभी ने साथ साथ घाटी का आनंद लिया और वन भोज का आनंद उठाया। वन भोज कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव बड़कागांव प्रखंड के सभी साथी- सहयोगियों से मिलकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मेरी अनुपस्थिति में मेरे साथी समर्थको ने न सिर्फ चुनाव लड़ा बल्कि मेरी बेटी अंबा प्रसाद को अभिभावक के तौर पर मार्गदर्शन देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के हर कार्यकर्ता ने योगेंद्र साव बनकर क्षेत्र को संभालने का काम किया है। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हम लोगों के लिए परिवार के समान है। मैं बडकागांव की बेटी, बहन बनकर कार्य कर रही हूं, पूरे विधानसभा के लोगों ने अभिभावक बनकर मार्गदर्शन देने का काम किया है। क्षेत्र वासियों के प्यार और आशीर्वाद से दिन-रात कड़ी मेहनत कर रही हूं। विधायक ने इस दौरान विपक्षी पार्टियों पर भी तंज कसते हुए कहा कि जो लोग कोरोना के बुरे दौर में कभी नजर नहीं आए वे समाज सेवा का ढोंग दिखा रहे हैं जिनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। इंटक सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने कहा कि हमारा एक-एक कार्यकर्ता खरा सोना है जो सदैव पार्टी के प्रति समर्पित रहता है, हम सभी को अपना परिवार मानते हैं। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती से जिला में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है। बड़कागांव के लोगों का पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं विधायक अंबा प्रसाद के प्रति लगाव और प्रेम देखकर यह निश्चित है कि आगामी चुनाव में जीत कांग्रेस पार्टी की होगी। इस दौरान दूसरे दलों से कई लोग विधायक अंबा प्रसाद के कार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले में मुजफ्फर हुसैन, तुलेश्वर महतो, शिवदयाल महतो, सीता मरांडी, संजय महतो, उर्मिला देवी सहित कई लोग थे। सभी को विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, शैलेंद्र यादव ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि पार्टी का हर एक सच्चा कार्यकर्ता चट्टान की तरह मजबूत है। आगामी चुनाव में पहले से भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ललितेश्वर चौधरी, केडी सिंह, जिला सचिव जावेद मलिक, मुखिया चरका करमाली, मो इलयास अंसारी, लीलावती देवी, तकरीमुल्लाह खान, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष दशरथ प्रसाद मेहता, पंसस गणेश साव, समाजसेवी दीपू साव, पंसस फयुम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, पूर्व मुखिया

# हजारीबाग यूथ विंग के सचिव ने अपने जन्म दिवस पर किया रक्तदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार ने रक्त दान कर मिसाल पेश किया उन्होंने कहा कि जन्मदिवस पर रक्तदान करना यह मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य की बात रहा है। हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।बरही निवासी अशोक कुमार गुप्ता 58 वर्षीय जो की शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में इलाजरत है। चिकित्सकों के द्वारा परिजनों को रक्त उपलब्धि करने का आग्रह किया गया। परिजनों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया गया, जिसके बाद यूथ विंग के सचिव संजय कुमार ने रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश किया। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, विकाश तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने संजय कुमार का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जीवन के महत्वाकांक्षी पल पर ऐसी सेवा करना काफी सराहनीय है, हर लोगों को अपने जीवन के महत्वाकांक्षी पल पर ऐसी सेवा अवश्य करनी चाहिए। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता।

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आदिवासियों का प्रदर्शन, कहा धर्म कोड नहीं तो वोट नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झिंझरिया पुल के करीब भारत माता चौक पर शनिवार को जिले आदिवासी समुदाय के लोगों ने चक्का जाम कर दिया। अनेक मांगों जिसमे धर्म कोड मुख्य, को लेकर राज्य भर में सुनियोजित तरीके से आदिवासियों का धरणा प्रदर्शन था। इसी कड़ी में हजारीबाग के आदिवासियों ने भी हाइवे सड़क पर जाम लगा कर अपनी मांगों को रखा। इस दौरान केन्द्रीय आदिवासी संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश में उनलोगों को भी अलग धर्म कोड मिला हुआ है जो आदिवासियों की तुलना में बहुत कम हैं, ऐसे में आदिवासियों का अपना धर्म कोड नहीं होना देश के राजनीतिज्ञों की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। आदिवासी हर दौर में छले गए हैं। बहुत मुश्किल से एक राज्य मिला वहाँ भी उनकी कद्र नहीं हो रही है। झारखण्ड में जाती प्रमाण पत्र बनवाते वक्त उन्हें जाती एवं धर्म में अन्य कॉलम का सहारा लेना पड़ता है। इससे उनका अस्तित्व खतरे में है। प्रदर्शन के दौरान कई तरह के नारे लग रहे थे जिसमे धर्म कोड नहीं तो वोट नहीं, कैसे लिए झारखण्ड- लड़ के लिए झारखण्ड, मानवता को शर्मशार करना बंद करो सहित मणिपुर के आदिवासियों के प्रति संवेदना जताने वाले नारे शामिल थे।

# खिचड़ी वस्त्र एवं दीप वितरण का सहभागी बना नव झारखंड फाउंडेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नारी सेवा शक्ति एवं नव झारखंड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में श्री हनुमान मंदिर में खिचड़ी, पुराने कपड़े सहित आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन समारोह को देखते हुए मिट्टी के दीप का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारी सेवा शक्ति की अध्यक्ष प्रियम्वदा ने करते हुए कहा 22 जनवरी को हमारे रामलला अयोध्या के मंदिर में विराजमान होंगे इसी खुशी में हमलोगों ने प्रत्येक शनिवार को खिचड़ी वितरण करने के साथ हीं मिट्टी के दीये का भी वितरण किया है। नव झारखंड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा ने कहा कि भगवान श्री राम 6 सौ साल के वनवास के बाद पुनः अयोध्या में स्थापित हो रहे है,इस ऐतिहासिक क्षण की दिव्यता हर सनातनी के दिल में स्थापित होनी चाहिए। कार्यक्रम में नारी शक्ति सेना की सावित्री देवी, पूनम मिश्रा, श्वेता सिंह, नगिना तिवारी, बीनासेन गुप्ता सहित कई अन्य उपस्थित थें।

# विधायक मनीष ने पेश किया वार्षिक रिपोर्ट कार्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :**सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को हुड्हुडू स्थित निमंत्रण पैलेस सभागार में प्रति वर्ष की भांति अपने बतौर विधायक कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे होने और के उपलक्ष्य में सेवा वर्ष-2023 का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने प्रेस- वार्ता में सेवा पुस्तिका -2023 का लोकार्पण कर इसकी पूरी जानकारी दी। मौके पर विशेषरुप से ये रहें मौजूद मौके पर विशेषरूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, कैलाशपति ओझा, सुदेश चंद्रवंशी, अनिल मिश्रा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह, सुनील साहू, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, मीडिया प्रभारी जयनारायण मेहता, सदर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र कुशवाहा, रणधीर पांडेय, कटकमसांडी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, दारु मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, सदर विधनसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, विधानसभा के सह विधायक प्रतिनिधि विशाल वाल्मिकी, नगर विधायक प्रतिनिधि




आशीष सोनी, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, दारु विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, कृषि एवं पीडीएस विभाग के विधायक प्रतिनिधि इन्द्रनारायण कुशवाहा, मत्स्य, कल्याण और पशुपालन विभाग के विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव, महिला विधायक प्रतिनिधि ज्योत्सना देवी, सोनी कुशवाहा, लीलावती देवी, पूनम चौधरी, राजकरण पांडेय, समाजसेवी नारायण गुप्ता, प्रीतपाल कालरा, अनूप अग्रवाल, कुणाल उर्फ़ हैप्पी, अनीश यादव, राजेश राणा, जितेंद्र, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# अबुआ आवास के लिए कई लाभुक अब तक रह गए अछूते, प्रखंड कार्यालय में लगा रहे हैं चक्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड सरकार ने बरही प्रखंड के सभी पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलाया। लेकिन अभी भी कई ऐसी लाभुक हैं सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं और बरही प्रखंड मुख्यालय के चक्कर लगाते दिख रहे हैं। गुरुवार को बरही प्रखंड के पंचमाधव बसेरिया पंचायत के वृद्ध महिला सरिता देवी आवेदिका सुंदरी देवी पति दिनेश पंडित के नाम से आवेदन लेकर बरही ब्लॉक पहुंची और वे परेशानी हालत में बताई कि मेरा आवास जीर्ण अवस्था में है,



खपरैल आवास में गला और कान से विकलांग बहु के साथ रह रही हूं। हमारे पंचायत में लगे शिविर में उसके नाम से आवेदन देना चाही, लेकिन लेबर जॉब कार्ड नहीं होने के कारण आवेदन शिविर में देने से वंचित रह गई। मैं अत्यंत असहाय गरीब महिला हूं, मुझे सरकारी आवास की सख्त जरूरत है। वहीं दूसरे लाभुक पंचमाधव पंचायत के ही जलील मियां पिता शकूर मियां भी उनके साथ थे। उन्होंने बताया कि जिस दिन शिविर लगा था, बारिश हो रही थी, मेरा तबियत भी खराब था, मैं विकलांग भी हूं, उस दिन मै आवेदन नहीं दे सका। मै अपने भाइयों से अलग रह रहा हूं। मेरे पास हिस्से की जमीन है। आवास मिल जाता तो रहने का गुजारा भी हो जाता। वही बरही पश्चिमी पंचायत मल्लाह टोली के आवेदिका किरण देवी पति राजेश्वर निषाद ने बताई कि जिस दिन शिविर लगा मुझे मालूम नहीं, मेरा पति मजदूरी करने निकलें थे, उसी के साथ थी।

## बत्तीस लाख उन्चास हजार पांच सौ उड़ा ले गए साइबर अपराधी



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू के विभिन्न पंचायतो एवं पंचायत समिति मद के बत्तीस लाख उन्चास हजार पांच सौ रुपए उड़ा ले गए साइबर अपराधी। जिससे की पतरातू प्रखंड के अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों एवं मुखियाओं में हड़कंप मच गया।साइबर अपराधियों ने काफी चालाकी एवं होशियारी से पतरातू प्रखंड के कई पंचायत के 15ह्लद्ध फाइनेंस एवं पंचायत समिति मद के काफी रुपए एटीएम कार्ड से निकल है।सारे पैसे कोलकाता से निकल गया जैसे ही अधिकारियों को पता चला की पैसा विड्रोल हुआ है सारे एचडीएफसी बैंक पहुंचे और शिकायत की शिकायत मिलते ही तुरंत एचडीएफसी बैंक में प्रखंड कार्यालय के सारे बैंक अकाउंट को बंद कर दिया।उसके बाद तुरंत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अपराधियों ने दस दस हजार करके सारे रुपए निकाले है।सवालों के पूछे जाने पर एचडीएफसी बैंक के मैनेजर ने बताया कि छानबीन चल रही है जल्दी कार्रवाई की जाएगी। सारे पैसे एटीएम कार्ड से निकले गए हैं लेकिन इसमें गौर करने वाली बात यह थी कि किसी के पास भी कोई मैसेज विड्रोल का नहीं आ रहा था। जिससे कि किसी को कोई पता नहीं चल रहा था कि विड्रोल हो रहा है। और साइबर अपराधियों ने इसका भरपूर फायदा उठाया और 22 तारीख से विड्रोल करते आ रहे थे। इधर सारे अधिकारी सरकार आपके द्वारा एवं विकसित भारत में व्यस्त थे जैसे ही कार्यक्रम खत्म हुआ वैसे ही पता चला कि काफी सारे रुपए विड्रोल हो रहा हैं।

## किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की मगनपुर पंचायत कमिटी का हुआ गठन



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता)**किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले ग्राम जांगी में शनिवार को मगनपुर पंचायत कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता बबलू अंसारी व संचालन परवेज अंसारी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सभी नए सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि झारखंड बने 23 वर्ष हो गए पर खनिज संपदा से परिपूर्ण अमीर राज्य होते हुए भी यहाँ की अधिकांश जनता गरीब है जो अपनी मूलभूत समस्याओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पानी, सड़क, शिक्षा, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड बनवाने सरकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे है। हेमतपुर से जांगी तक की सड़क लगभग 20 वर्षों से जर्जर है इसे पूर्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी और पूर्व विधायक ममता देवी ने भी नहीं बनवाया। चुनाव के समय सिर्फ झूठा आश्वासन दिया गया आने वाले समय में शीघ्र इस सड़क को लेकर बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी और आने वाले समय में शीघ्र रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया जाएगा। सर्व सम्मति से मगनपुर पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र महतो, उपाध्यक्ष आसमा बेगम, सचिव मोहिद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष रूपन दांगी को बनाया गया एवं अशोक महतो, समसुल हक, कादरी हुसैन, रवि महतो, शीला देवी, राखी देवी आदि को सदस्य बनाया गया। मौके पर जिलानी खान, शंभू बेदिया, बाबू भाई करमाली, कौलेश्वर कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## जीएम औफिस अरगड्डा में स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की 221 वां जयंती दिवस मनाया गया



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोंगी जी एम औफिस सिरका में स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की 221 वां जयन्ती दिवस मनाया गया अध्यक्षता बंशी बेदिया व संचालन राजेश बेदिया ने किया। जयन्ती दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड सरकार व केन्द्र सरकार से चार सूत्री मांग की गई । , 1 शहीद जीतराम बेदिया की जीवनी की किताबें को सभी स्कूल कालेजों में पढ़ाई जाए , 2 राजा सम्पत बेदिया के गढ़ महोदीगढ को पर्यटक स्थल विकसित कर बेदिया समाज बेदिया विकास परिषद को सुपुर्द किया जाय , 3 जीतराम बेदिया शहीद स्थल गगारी स्थित घोड़ा गढ़ा को सुन्दरी करण किया जाय , 4 झारखंड सरकार ने बेदिया जनजाति को उपेक्षित जाति की सूची में दर्ज की है विशेष आरक्षण देकर उत्थान किया जाय। इस जयन्ती दिवस मुख्य रूप से उपस्थित अरुण बेदिया संदीप बेदिया शत्रुघ्न बेदिया मुखलाल बेदिया मदन दुखन श्रवण कुलदीप गुलचंद शिवदेव बहादुर दिनेश रती संजय गजेन्द्र दिलीप आदि उपस्थित थे।

## विस्थापित समिति के लोगों ने महाप्रबंधक को सम्मानित किया



**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में विस्थापित समिति के लोगों ने कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी व कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद एवं कोयला मंत्रालय के सचिव अमृतलाल मीणा के द्वारा बरकासयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को पुरस्कृत किए जाने व बिरसा परियोजना को फाइव स्टार रेटिंग मिलने पर शुक्रवार को महाप्रबंधक अजय सिंह को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।वहीं सम्मानित करने वालों में आदिवासी छात्र संघ के संरक्षक दसई मांझी, विस्थापित समिति के कार्तिक मांझी, दिनेश करमाली, रैना मांझी, सुक्खू मांझी, सुरेश मुर्मू,भवानी शंकर प्रसाद,तालो हांसदा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह, महाबीर सोरेन, विनोद सोरेन, जितेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद थे।

# उरीमारी में खुली न्यू साइडिंग में विस्थापितों ने की बैठक व प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी पंचायत के हेसाबेडा अंतर्गत न्यू उरीमारी साइडिंग के समीप शुक्रवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने उरीमारी साइडिंग में प्राइवेट रेक लोडिंग में विस्थापितों को रोजगार को लेकर प्रदर्शन कर बैठक की। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक सह राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव कर रहे थे??।वहीं इस बैठक का संचालन विसमो के सचिव महादेव बेसरा कर रहे थे। वहीं क्षेत्रीय सचिव सह विसमो संरक्षक राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उरीमारी कोलियरी में विस्थापितों को रोजगार मात्र रोडसेल है और उसमें भी प्रबंधन के द्वारा एक साजीश के तहत रोड सेल में पेलोडर लगवाकर विस्थापितों को ठगने का कार्य किया जा रहा है। उरीमारी साइडिंग में यदि आने वाले समय में प्राइवेट रेक लोडिंग होती है तो उसमें विस्थापित बेरोजगारो को रोजगार दिलाया जाएगा यदि रोजगार देने में प्रबंधन आनाकानी करती है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। राजू यादव ने यह भी कहा कि यदि प्राइवेट रेक लोडिंग शुरू होती है तो यहां के मजदूर उस डब्बे को भरने का कार्य करेगा। उरीमारी परियोजना मे आउटसोर्सिंग शुरू होते ही बेरोजगार युवाओं को उक्त परियोजना में रोजगार सुनिश्चित कराया जाएगा। वहीं विसमो के सचिव महादेव बेसरा ने कहा कि हमलोगों को उरीमारी रोड सेल मुखिया स्वर्गीय निर्मल कुमार यादव ने की देन है जिसपर हम सभी कार्य करते आए हैं?? लेकिन सीसीएल प्रबंधन हम विस्थापितों की रोजगार खत्म करना चाहती है। मशीन द्वारा कार्य कराकर विस्थापितों को बेरोजगार कर रही है। जिसे हम विस्थापित कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम सभी विस्थापित रोजगार के लिए आंदोलन करने को लेकर हमेशा तत्पर रहना होगा। वहीं इस प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कानू मांझी,डा जीआर भगत,कानू मरांडी,गीता देवी,महेश गंझू,कजरू उरांव,दशाराम हेम्ब्रोम,दीपक कुमार यादव,तालो बेसरा,सिगू मांझी, चरका करमाली,मनू टुडू, राकेश बेसरा, सीतामुनी देवी, फुलमती देवी,रामा उरांव, कमलेश गंझू,सुकर गंझू, राजकुमार गंझू, कंचन मांझी, चंदू जायसवाल, पप्पू मांझी,उमेश मांझी, विजय मरांडी, बहालाल, निखिल, रूपेश,कुला प्रजापति, बिनोद प्रजापति,सिबू ठाकुर,राज कुमार,मोहन हेम्ब्रोम, बासदेव सोरेन, तेतरी देवी, शांति देवी, फुलमनी देवी, ममता देवी,फुलासरी देवी, सुशीला देवी,रूसुमुनी देवी,देवंती देवी, मोनिका देवी, मिला देवी,रीता देवी,मालती देवी, मुनिया देवी,ललीता देवी, शकुंतला देवी, गंगीया देवी, सविता कुमारी,कोशिला कुमारी, मनोज सोरेन, जितेन्द्र सोरेन, लालदेव सोरेन,जीतू सोरेन,तालों हेम्ब्रोम,विक्की पावरीया,दीपक हेम्ब्रोम, आंनद टुडू,राजू, सोमरा किस्कू,चन्दन पावरीया, मनोज हेम्ब्रोम, सुरेन्द्र हेम्ब्रोम, विकास किस्कू,देवा हेम्ब्रम,जग्गी देवी,भोला किस्कू एवं अन्य विस्थापित उपस्थित थे।

# छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय का धनंजय कुमार पुटूस ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय को लेकर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति ( आरबीएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपना विरोध दर्ज किया है। जारी पत्र में धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि छावनी परिषद को समाप्त कर रामगढ़ शहर को राज्य सरकार द्वारा संचालित नगर निकाय बनाने की साजिश चल रही है। अगर ऐसा हो जाता है,तो यहां रहने वाले लगभग 01लाख आम नागरिकों व व्यापारियों पर टैक्स का आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। साथ ही साथ लोगो को अन्य बहुत सारी छुपी हुई टैक्स व प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसा नही है कि छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय हो जाने से रातों रात विकास की गंगा बहनी शुरू हो जाएगी। वर्तमान में नगर परिषद क्षेत्र की क्या स्थिति है ये खुद देखा जा सकता है। इस विषय को लेकर रामगढ़ की आम जनता को भी जागरूक होना चाहिए नही तो धीरे धीरे रामगढ़ शहर वीरान हो जाएगा। सांसद,विधायक को रामगढ़ शहर की जनता ने दिल खोल कर वोट दिया लेकिन दोनों ने रामगढ़ की जनता को ठगने का काम किया है।इन्होंने शहर के विकास के बजाए इसे नगर परिषद में विलय करने पर ज्यादा जोर दिया, ताकि यहाँ के नागरिको और व्यापारियों पर टैक्स का बोझ बढ़ जाए। इनके रामगढ़ शहर के प्रति सौतेले रवैये के कारण आज शहर वीरान होता जा रहा है।छावनी परिषद को बचाने के लिए भारत के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी को पूरे विषय से आवेदन के माध्यम से पुनःअवगत कराया जाएगा, ताकि शहर में रहने वाले लगभग 1 लाख गरीब, मजदूर,किसान,मिडिल क्लास व व्यापारियों पर टैक्स व अन्य छुपे हुए प्रशासनिक परेशानियों का बोझ नही पड़े। लगभग 1 लाख लोगो से भरे रामगढ़ को बचा पाऊंगा या नही ये मैं नही जानता, लेकिन रामगढ़ को बचाने के लिए मै प्रयास जारी रखूंगा।

# बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान परियोजना निदेशक आत्मा श्री प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त को बरसा किसान रथ के परिचालन के संबंध में जानकारी दी गई। राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड के द्वारा ÷बिरसा किसान रथ÷ का परिचालन कृषि प्रोद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण ÷आत्मा÷, रामगढ़ के माध्यम से प्रारम्भ की गयी है। किसानों के लिए



सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण आदि की जानकारी बिरसा किसान रथ के माध्यम से किसानों को दी जाएगी। बिरसा किसान रथ जिले के विभिन्न प्रखण्डों के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि वैज्ञानिकों, पदाधिकारियों, प्रसार कर्मियों, प्रगतिशील कृषकों के साथ जन-जन तक खेती से संबंधित तकनीकी समस्यों का समाधान, योजनाओं की जानकारी आदि को पहुँचाने हेतु परिभ्रमण करेगा।

# सिरका सीसीएल परियोजना पदाधिकारी को सौंपा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोलयरी मजदुर काग्रेस के एरिया सचीव प्रदीप रविदास ने सिरका सीसीएल परियोजना पदाधिकारी को पत्र सोपा गया। पत्र में परियोजना पदाधिकारी से वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में सिरका मेंनिकल सुपरवाइजर देने का आग्रह किया है । पत्र में लिखा गया है कि पानी सप्लाई के पंप, मोटर खराब होने के बाद काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । अगर मेकेनिकल सुपरवाइजर होता है तो उसे पता होता है कि इसमें क्या खराबी हुई हैऔर बिना टेक्निकल के आने से उन्हें तो समझ में नही आता है7 इसलिए परियोजना पदाधिकारी को पत्र देते हुए कहा गया कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में बिना टेक्निकल सुपरवाइजर का कोई काम नहीं है । इसलिए मजदूरों ने कहा है की सप्लाई में मैकेनिकल सुपरवाइजर को ही दिया जाए ताकि कॉलोनीवासीयो को सुचारू रूप से पानी सप्लाई हो सके।इस अवसर पर बंसी बेदिया प्रदीप बेदिया जय कुमार बेदिया अब्दुल रज्जाक महेंद्र मुंडा मनोज कुमार दुर्गा उरांव लाजरूस सोरेन संतोष कुमार महादेव गोसाई प्रदीप कुमार सिंह रघुनाथ मुंडा जगदीश बेदिया मनीष सोरेन सहित लोग उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का 221वीं जयंती मनाई गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ मेन रोड़ भाकपा-माले कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का 221वीं जयन्ती पर पार्टी कार्यालय में चित्र पर माल्यार्पण एवं उपस्थित साथियों ने सभी बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उक्त कार्यक्रम में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया,सरयू बेदिया,देवानंद गोप,अमल कुमार,लाल मोहन मुण्डा, महादेव राम,अजीत बेदिया,कांति देवी, शिल्पी कुमारी आदि अन्य शामिल थे।

# रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में शनिवार को छावनी फुटबॉल मैदान में ÷÷डिवीजन ज़िला लीग का आज मैच रॉयल क्रिकेट क्लब ÷क्क÷ बनाम शारदा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया । 40-40 ओवर के मैच में रॉयल क्रिकेट क्लब टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.5 ओवर में 122/10 बनाकर ऑल आउट हो गया जवाबी पारी खेलते हुए शारदा क्रिकेट अकादमी 20.5 ओवर में सभी विकेट के नुकसान पर 118 रन ही बनाये और 4 रन से रॉयल क्रिकेट क्लब मैच जीताद्य

रॉयल क्रिकेट क्लब के मुख्य बल्लेबाज विनीतशाह बाबु 28 रन हिमांशु 28 रन अनुज 13 रन मनीष राज 11 शारदा क्रिकेट अकादमी के




गेंदबाज शुभम यादव 6,20/2 अभिषेक 8,24/3 आदित्य, अनुज,राहुल को एक- एक विकेट शारदा के बल्लेबाज सुभाष यादव 24 रन कुमार एक्स 24 रन मंतोष 23 रन अभिषेक 15 रन रॉयल के गेंदबाज हिमांशु 7,29/4 धीरन 7,35/2 आशीष 01,13/2 विकेट, कल दिनांक 31/12/23 का मैच ज्ञत्रष्टष्ट मुरपा बनाम यंग क्रिकेट क्लब,मैच में अंपायरिंग संदीप कुमार व नीतीश कुमार एवं स्कोरिंग में रवि मुंडा ने किया। मौके पर आर सी ए सचिव अरुण कुमार राय, सुरज प्रसाद,महेंद्र राणा, सागर मुंडा, रवि मुंडा, दिनेश कुमार।

## जोगिया बाबा आश्रम के पास फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**गोला :** शनिवार को गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत के जोगिया बाबा आश्रम के पास फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी एंव रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी के पुत्र पीयूष चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू , आजसू अनुसूचित जाति महासभा प्रखंड अध्यक्ष विशु रजवार, नावडीह पंचायत मुखिया राजकिशोर कोटवार, पंचायत समिति सदस्य सुधीर कोटवार मौजूद थे। टूर्नामेंट के फाइनल सोनडिमरा बनाम सुतरी के बीच मे खेला गया जिसमें पैनाल्टी शूट आउट में खेल का निर्णय हुआ।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**
(लापता छोटु कुमार)



डंडई थाना सन्हा सं0–09/23, दिनांक–18.12.2023 में लापता छोटु कुमार, पे0–लालजी राम ग्राम–जरही, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वालें है। लापता ब्यक्ति के माता के द्वारा आवेदन में बताया गया कि इनका बेटा छोटु कुमार जो दिनांक–16.11.2023 को रात्री 08:00 बजे कमाने जाने कहकर अपने घर से गया था जो अभी तक घर वापस नहीं आया है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता छोटु कुमार ग्राम–जरही, थाना–डंडई, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलियाः–
नाम–छोटु कुमार
रंग–सावला
पहनावा–जींस एवं काला रंग का शर्ट

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 314830 (Police) 23-24 (D)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**IRRIGATION DIVISION BUNDU, RANCHI.**
E-mail.:- irrigationbundu@gmail.com

**e-Procurement Re-Tender Notice (2ND Call)**
PR.NO- 311332 IRRIGATION (23-24)
e- Procurement Reference No. –WRD/E.E./IRR.DIV./ BUNDU/NIT NO.-02SBD/2023-2024.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Restoration work of Ichagarh Branch Canal including Lining Under Kanchi Weir Irrigation Scheme. |
| 2 | Estimated Cost(Rs) | Rs.57,10,68,531.46 |
| 3 | Bid Security (Rs.) | Rs. 57,11,000.00 (Online mode) |
| 4 | Cost of Tender Document | Rs. 10,000.00 (Online mode) |
| 5 | Time of Completion | 24 (Twenty Four) Months. |
| 6 | Availability of Tender On Line | 04.01.2024 From 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission | From 04.01.2024, 03:00 PM to 24.01.2024upto 05:00 PM |
| 8 | Pre Bid Meeting | 09.01.2024, 03:00 PM Office of the Chief Engineer, Water Resources Department, (Jal Bhawan) Ranchi. |
| 9 | Date & Time of Opening of pre-Qualification Bid. | 25.01.2024, 02:00 PM |
| 10 | Time and Date of opening of Technical bid. | To be announced Later |
| 11 | Time and Date of opening of Financial bid. | To be announced Later |
| 12 | Name and address of officeinviting tender | Executive Engineer, Irrigation Division Bundu, Ranchi. |
| 13 | Contact No. of Procurement Officer | 9122872080. |
| 14 | Help Line No. e- Procurement | 8709567679. |

Note:-
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Additional performance security amount shall be applicable as prescribed inCE(Monitoring), Ranchi Letter No. 430 Dated 19-11-2020 and Secretary of RCDLetter No. 2146 (S) Dated 09-09-2020.
3. Payment of Mobilization advance / equipment advance shall be applicable as perJoint Secretary, WRD Ranchi Letter No. 656 Dated 22-12-2020.
4. The bidder should be fully acquainted with site before the tender.
5. Authority reserves the right to reject any or all the tender(s) received or to allotthe work to one or more contractor(s) without assigning any reason thereof.
6. Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
7. Tender Fee and Earnest Money should be deposited through online mode only as per WRD Jharkhand letter no-907, dated 04-10-2023 and I.T.& e-Governance Dept. Jharkhand letter no-120, dated 03-10-2023.
8. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Irrigation Division Bundu.

PR 314806 Irrigation(23-24)D



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्याः डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-120-124-2023, दिनांक:29.12.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम संख्या:** 1। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-120-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल: एडीईएन/रांची के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 133 अदद (1 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कम्प्लीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** रु. 9,89,76,206। **बयाना राशि का मूल्य:** रु. 6,44,900। **क्रम संख्या:** 2। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-121-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल : एडीईएन/मूरी के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 49 अदद (1 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कम्प्लीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** रु. 3,64,64,918। **बयाना राशि का मूल्य:** रु. 3,32,300। **क्रम संख्या:** 3। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-122-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल : रांची मंडल में आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 06 अदद (2 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कम्प्लीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** रु. 44,65,092। **बयाना राशि का मूल्य:** रु. 89,300। **क्रम संख्या:** 4। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-123-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल: एडीईएन/साउथ/एचटीई के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 39 अदद (1 किमी. के लिए हाइड्रोलिक टाइप) कम्प्लीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** रु. 2,90,23,098। **बयाना राशि का मूल्य:** रु. 2,95,100। **क्रम संख्या:** 5। **सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-124-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल: एडीईएन/साउथ/एचटीई के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरडीएसओ की तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार 60 किग्रा. रेल के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस लुब्रिकेटर 9 अदद (1 किमी. के लिए इलेक्ट्रॉनिक टाइप) कम्प्लीट सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, शुरुआत एवं परिचालन (5 वर्षों के लिए)। **निविदा मूल्य:** रु. 66,97,638। **बयाना राशि का मूल्य:** रु. 1,34,000। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 31.01.2024 को अपराह्न 3:00 बजे (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-977)


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जरुरतमंदों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने शनिवार को गिरिडीह विधानसभा के मध्य भाग मंडल के बदडीहा, हिरणपुर एवं खुटवाढाब में बढ़ते ठंड को देखते हुए भाजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्री गोपाल विश्वकर्मा, अनिल पंडित के नेतृत्व में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण किया । इस दौरान बुढ़े - बुजुर्गों ने कहा कि सुरेश साव जी हमारे घर के बेटे है जो हमारे हर परिस्थिति में मदद करते हैं, ठंड के मौसम में भी हम सभी के बीच सुरेश साव कंबल वितरण कर रहे हैं। इसी दौरान श्री साव जी ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा की जनता को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं होगी,कोई भी छोटी-बड़ी जरूरत हो, आप सभी निस्संकोच मेरे पास आइये, आप सभी की निश्चित तौर पर हर संभव मदद करूंगा। मौके पर पूर्व अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा एंव महामंत्री ईनोद साहू, गंगाधर दास, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्यामल घोष, शुभम पांडेय, रवि मंडल अनिल पंडित विक्की पंडित, अजय ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ईसीएल का अतिरिक्त प्रभार समीरन दत्ता को मिलने पर खान श्रमिक कांग्रेस भामसं ने किया स्वागत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता के इसीएल सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण करने पर खान श्रमिक कांग्रेस संबंध भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। तत्पश्चात संघ के कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर वार्ता की। इस वार्ता में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के उपाध्यक्ष जयनाथ चौबे, कोल इंडिया सुरक्षा बोर्ड सदस्य रामधारी, खान श्रमिक कांग्रेस इसीएल के सुरक्षा समिति के सदस्य महेंद्र गुप्ता, संघ के महामंत्री मृत्युंजय सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित थे। वार्ता के दौरान कंपनी की उत्थान हेतु सहयोग मांगा। महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष जयनाथ चौबे ने संगठन की ओर से पूर्ण रूप से सहयोग देने की बात कही। इस पर सीएमडी ने कहा की श्रम संगठन का पूर्ण रूप से सहयोग मिला तो बीसीसीएल की तरह ही इसीएल कंपनी को भी उच्च बुलंदियों पर ले जाएंगे।

## जोगता नागरिक समिति ने प्रदूषण को लेकर टाटा कंपनी का किया चक्का जाम



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को जोगता नागरिक समिति के द्वारा प्रदूषण को लेकर टाटा कंपनी का चक्का जाम किया गया। गौरतलब है कि जोगता नागरिक समिति के द्वारा लगातार ट्रान्सपोटींग से होने बाले प्रदूषण को लेकर समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा उर्फ पल्टू सिन्हा टाटा कंपनी को पत्राचार के माध्यम से जोगता मे होने वाले प्रदूषण से उच्च अधिकारियो को अवगत कराते रहे हैं। लेकिन फिर भी कंपनी के अधिकारियो के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया गया। इसिलिए अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय बन्दी किया गया। अपने सम्बोधन मे जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष पल्टू सिन्हा ने बताया कि टाटा कंपनी के हाइवा से जो ट्रान्सपोटींग किया जाता है, इसके प्रदूषण से जोगता वासियो का जीना दुभर हो गया है। प्रदूषण की वजह से यहां के लोगो मे अस्थमा जैसी बीमारी की संख्या बढ़ने लगी है। हाइवा के उपर न तो तिरपाल ढका जाता है और न ही पानी का छिडकाव किया जाता है। कंपनी से निवेदन के बावजूद भी इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है। अगर टाटा कंपनी की यही रवैया रही तो आने वाले समय मे कंपनी का चक्का अनिश्चितकालीन जाम किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन मंगल चौहान और धन्यवाद ज्ञापन मन्नू महतो ने किया। मौके पर दिनेश पासवान, निर्मल दा, पप्पु सहाय, श्रीधर पाण्डेय, संतोष पासवान, अजय चौहान, असगर मिया, हसीब खान, बिन्दीया देवी, बेबी खातून सहित सैकड़ों जोगता के ग्रामीण मौजूद थे।

संपादक को मिली धमकी को लेकर कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति ने की प्रेस वार्ता

## सरकार अपराधियों पर लगाम लगाएं, नही तो होगा आंदोलन : मुख्तार अहमद



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राँची प्रभात खबर के प्रधान संपादक को जेल से मिली धमकी को लेकर कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के केन्द्रीय कार्यालय शालीमार में संस्थापक सह अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने प्रेस वार्ता कर कड़ी निंदा व्यक्त किया है। प्रेस वार्ता के दौरान समिति के संस्थापक सह अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने कहा कि झारखण्ड सरकार ऐसे अपराधी पर मामला दर्ज कर लगाम लगाए, अन्यथा रांची डीजीपी कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में उपस्थित सचिव राहुल मिश्रा, संयुक्त सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह, सह कोषाध्यक्ष समीम हुसैन, सुझाव कमिटी के सदस्य सुनील सिंह सहित समिति के गुलज़ार आलम, कार्तिक वर्मा, जगत नारायण पाठक, आशीष कुमार घोष, रबिन्द्र प्रसाद, शशिधर मिश्रा आदि पदाधिकारियो ने एक स्वर में कहा कि संपादक पर धमकी देना लोकतंत्र के स्वतंत्रता को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। समिति शुरू से ही पत्रकारों कि अस्तित्व कि रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करते रही है। इस मामले को समिति ने गंभीरता से लिया है और मामले को लेकर धनबाद से लेकर रांची तक पत्रकारों की सुरक्षा कि माँग को लेकर आंदोलन करने कि घोषणा की है। दूसरी तरफ काँग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर अपराधियो द्वारा हमला करना ये कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। प्रशासन अविलंब करवाई करे।

# मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के लाभुक को उपायुक्त ने सौंपी वाहन की चाबी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के लाभुक राहुल कुमार एवं मनोलाल हांसदा को वाहन की चाबी सौंपी। मोहनलाल हांसदा बरवाअड्डा के नगरक्यारी में रहते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत उन्हें व्यवसाय हेतु Piaggio ऑटो मिली है। इसका उपयोग कर वह आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण पोषण करेंगे। का उपयोग कर वह खेती में कर आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण पोषण करेंगे। मौके पर कल्याण पदाधिकारी इंदु रानी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कल्याण विभाग के संजय कुमार, अनुज कुमार, शैलेंद्र कुमार वैद, आशीष कुमार, अरविंद कुमार मौजूद थे।

## दर्पण का राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में चयन पर भारतीय बांसफोर परिवार महासमिति ने जताई खुशी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को भारतीय बांसफोर परिवार महासमिति जिला धनबाद, झारखंड ईकाई की एक बैठक हीरापुर अग्रसेन भवन के प्रांगण में की गई।

इस बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच जिलाध्यक्ष ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी की आगामी 7 जनवरी को उड़ीसा राज्य के कटक जिले में होने वाली राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में धनबाद से दर्पण कुमारी बांसफोर का चयन किया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दर्पण कुमारी अपने प्रशिक्षण के साथ शुक्रवार को गोमो स्टेशन से पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से कटक उड़ीसा के लिए रवाना होगी। भारतीय बांसफोर परिवार महासमिति के सदस्यों ने उपस्थित होकर इस बच्ची को बहुत-बहुत बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं दर्पण के इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हुए। मौके पर बच्ची के प्रोत्साहन एवं हौसला अफजाई के लिए सभी सदस्यों ने केक काट कर नए वर्ष में कराटे की इस होनहार खिलाड़ी की सफलता की ऊंचाइयों को छूने के कामना की एवं सभी बांसफोर परिवार को शुभकामनाएं दी। बैठक में जिलाध्यक्ष कुंदन कुमार, बांसफोर जिला सचिव सुनील कुमार, बजरंगी बांसफोर, देवा बांसफोर, कन्या बांसफोर, रमाशंकर बांसफोर, गुड्डू बांसफोर एवं कुवर बांसफोर आदि उपस्थित थे।

# समाहरणालय के 2 कार्यालय अधीक्षक हुए सेवानिवृत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** समाहरणालय के ट्रांसिट विभाग के कार्यालय अधीक्षक दिनेश कुमार राम एवं नजारत के कार्यालय अधीक्षक कौड़ीराम रोहिदास आज सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने दोनों कार्यालय अधीक्षक को निष्ठा और समर्पण भाव से अपने दायित्व का पालन करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आभार प्रकट किया। दोनों कार्यालय अधीक्षक को पुष्पगुच्छ और शॉल ओढ़कर उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर दिनेश कुमार राम ने अपने 36 साल एवं कौड़ीराम रोहिदास ने अपने 38 साल के अनुभव सभी के समक्ष साझा किए। मौके पर उपायुक्त वरुण रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, स्थापना उप समाहर्ता सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार, जिला नाजीर आनंद कुमार, डीडीएमए के संजय कुमार झा, शांतनु सरकार, रमेश तिवारी, तापस रंजन पाल, शौकत अली अंसारी, रितेश मंडल, दिनेश कुमार महतो, ओमप्रकाश, एनके कुशवाहा के अलावा पंचायती राज, आपूर्ति, निर्वाचन, कल्याण, अनुमंडल, समाज कल्याण सहित अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद थे।

## महापुरुषों की प्रतिमा तोड़ने के खिलाफ एकदिवसीय धरना

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पलामू में तीन शहीदों नीलांबर पीतांबर और महाराज मेदनी राय की प्रतिमा को तोड़ने के खिलाफ शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना दिया गया। यह कार्यक्रम भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वधान में आयोजित की गई। धरना का नेतृत्व संगठन के प्रदेश सचिव डब्लू हाड़ी ने की। इस मौके पर भीम आर्मी धनबाद जिलाध्यक्ष लोकेश रवि ने अपने संबोधन में मांग की है कि 15 जनवरी से पहले तीनों महापुरुषों की प्रतिमाओं को फिर से स्थापित नहीं की जाती तो 20 जनवरी को धनबाद के हजारों की संख्या में भीम आर्मी कार्यकर्ता रांची पहुंच कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद की बैठक संपन्न

## 27 जनवरी को नेहरू क्लब में सम्मेलन आयोजित करने का हुआ निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शानिवार को स्टेट बार काउंसिल एक्सक्युटिव कमिटी के चेयरमेन राधेश्याम गोस्वामी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद की बैठक विज्ञान विहार कालोनी स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसमें हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु प्रवक्ताओं ने जोरदार ढंग से सम्मेलन का आयोजन धनबाद जिला कोयला भवन नेहरू क्लब में करने का विचार किया। सभा



को सम्बोधित करते हुए डॉ निलम मिश्र, बॉबी पाण्डेय, भागवत प्रसाद पाण्डेय, भवानी बंदोपाध्याय, काशी नाथ चौबे, किशोर कुमार पाण्डेय आदि ने कहा कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए हर एक जिला में सम्मेलन किया जाय तथा इसका विशाल समापन समारोह रांची में किया जाएगा, जहां पूरे राज्य में हिंदी प्रेमी जूट कर अपना विचार व्यक्त करेंगे। धनबाद में सम्मेलन आगामी माह के 27 जनवरी 2024 को किया जायेगा। मंच का संचालन सुरेश चन्द्र तिवारी ने किया।

कांग्रेस के नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मिले सुल्तान

## झारखंड कांग्रेस की मजबूती पर हुई चर्चा, धनबाद आने का दिया न्योता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस का क्राउडफंडिंग अभियान तथा धनबाद कांग्रेस को और मजबूत बनाने की मांग को लेकर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय में झारखंड के नये प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। सुल्तान अहमद ने डोनेट फॉर देश अभियान में भी सहयोग किया। बेहतर भारत अभियान में उन्होंने यह राशि नए प्रभारी को सौंपी।

नए प्रभारी मीर को दिया धनबाद आने का न्योता = सुल्तान अहमद ने झारखंड के नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर को धनबाद आने का भी न्योता दिया है। जिस पर श्री मीर ने धनबाद जल्द आने की बात भी कही। इसके साथ ही श्री अहमद ने धनबाद के साथ साथ झारखंड मे कांग्रेस को कैसे मजबूती मिले, इस पर भी विस्तार से चर्चा की।

## गिरिडीह में कोहरे से हो रही दिन की शुरुआत, दोपहर में बदल रहे हैं मिजाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला-बदला सा है। सुबह की शुरुआत ही कोहरे से हो रही है। धूंध छटने के बाद ही धूप निकल रही है। अमूमन सुबह के नौ बजे के बाद ही सूर्य के दर्शन हो रहे हैं, जबकि दोपहर तक मौसम सामान्य हो जाता है।शाम होते ही हल्के कोहरे की स्थिति बन जा रहा है। जबकि शाम होते ही कनकनी भी लग रही है। जबकि सुबह में कुछ अधिक ही कनकनी महसूस हो रही है। शनिवार की सुबह में गिरिडीह ज़िले में कोहरा छाया हुआ था। हालांकि सुबह दस बजे तक कोहरा पूरी तरह छंट गया और धूप निकला।गिरिडीह शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण इलाका पूरी तरह कोहरे के आवरण से ढका रहा, जो कमोवेश 10 बजे तक रहा। बताते चलें कि विगत तीन दिनों से देर रात से ही वातावरण में कोहरा दिखाई



दे रहा है। रात ढलने के साथ ही कोहरा बढ़ते जाता है। जबकि सुबह होते-होते चहुंओर कोहरे से ढका रहता है। घना कोहरा के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी रहती है। विदित हो कि दो-तीन दिन पहले तक ठंड कम थी, लेकिन कोहरे के कारण ठंड बढ़ी है।

# महाप्रबंधक ने पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, घोड़ासहन तथा रक्सौल स्टेषन पर कैटरिंग सेवा, साफ़-सफाई सहित उपलब्ध यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया गया और विकास कार्यों का जायजा लिया गया। महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेषन योजना के तहत स्टेषनों के पुनर्विकास कार्य का जायजा भी लिया।

महाप्रबंधक सर्वप्रथम मुजफ्फरपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, शौचालय, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया आदि का विस्तृत निरीक्षण कर साफ़-सफाई, यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने क्रू-लॉबी का जायजा लिया और उपलब्ध सुविधाओं को देखा ।

तत्पष्चात महाप्रबंधक ने सीतामढ़ी स्टेशन का गहन निरीक्षण कर साफ़-सफाई सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक घोड़ासहन स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, संरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण पैनल रूम सहित यात्री सुविधा एवं सुरक्षा/संरक्षा से जुड़े संपूर्ण व्यवस्थाओं का गहन मुआयना किया। महाप्रबंधक द्वारा रक्सौल स्टेषन का भी निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनय श्रीवास्तव सहित मुख्यालय तथा समस्तीपुर एवं सोनपुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर थाना क्षेत्र के माहुरी के पास ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना को लेकर बताया जाता है की बगोदर बाजार निवासी अर्जून साव के पुत्र राजा कुमार निजी काम से गया था ।

वहीं घर लौटने के दौरान सर्विस रोड माहुरी के पास उसी दिशा से आ रही ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसे उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को सी एच सी बगोदर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो जिप उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव प्रखण्ड प्रमुख आशा राज बगोदर सी एच सी पहुँच कर घटना के प्रति गहरा शोक संवेदना प्रकट कर परिजनों ढाढस बंधाया । वहीं बगोदर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम परिक्षण को लेकर पंचनामा कर बगोदर सीएच सी में ही पोस्मार्टम किया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के प्रति समाजिक कार्यकर्ताओं ने भी दुःख प्रकट किए जिसमें नवीन चौरसिया संजय गुप्ता कुलदीप साव गोल्डेन जयसवाल शामिल है।

## जेबीकेएसएस ने बिसनपुर में किया खलिहान सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटांड पंचायत के बिसनपुर मे जेबीकेएसएस के बेनर तले खलिहान सभा कि गई। इस सभा का अध्यक्षता पंचायत के उप मुखिया नीतेश यादव और संचालन रोहित दास ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रोहित कुमार दास ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के कथन ÷किसानों , एक नजर रखो खेत खलिहान पर , और दूजी नजर रखो लाल किले के मचान पर ÷ के द्वारा उन्हे याद किया । जैसा कि खलिहान सभा कार्यक्रम पिछले कुछ दिनों से प्रत्येक पंचायत में आयोजित हो रही है । ऐसे में किसान दिवस का इस कार्यक्रम के साथ टकराना बहुत अच्छी बात है। रोहित ने आगे कहा कि किसानों के लिए कई परेशानियां हैं पर ध्यान दिए बिना, किसानों के हित में कुछ नहीं किया जा सकता ।

उन्होंने धान क्रय केंद्र का ना खुलना, क्रय राशि को सही समय पर ना देना एवं बीजों का सभी के बीच भुगतान ना होने जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला बोला और कहा कि सरकार झूठे वादे करती है , लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता ।

## कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर विधायक व डीसी ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में कोरोना के नये वेरिएंट JN 1 को लेकर शनिवार को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया।बाद में ये लोग चेताडीह स्थित मातृत्व स्वास्थ्य केंद्र और बरहमोरिया स्थित एएनएम होस्टल पहुंच कर वहां भी व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू और नमन प्रियेश लकड़ा ने सदर अस्पताल, चैताडीह और बरमोरिया स्थित एएनएम हॉस्टल का घूम-घूम का निरीक्षण किया और सदर अस्पताल में कोरोना के नए नए वेरिएंट को लेकर सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी मिश्रा को जो भी कमियां है, उसे 10 जनवरी तक पूरा करने का निर्देश दिया।साथ ही साथ सदर अस्पताल में स्थित



ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, ऑक्सीजन प्लांट समेत अन्य उपकरणों की भी टेस्टिंग कर पूरी तरह से सभी मशीनों को चालू करने का 10 जनवरी तक का अल्टीमेट दिया है. उन्होंने कहा कि कोरोना के नए वेरिएंट को लेकर गिरिडीह जिला पूरी तरह से तैयार है, ईश्वर से कामना है कि इस नए वेरिएंट के प्रकोप में कोई भी व्यक्ति नहीं आए और सभी लोग स्वस्थ रहें।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



सीपी सिंह ने झारखंड सरकार की विफलता के चार साल विषय को लेकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# दफ्तरों में बिना पैसा काम नहीं हो रहा है और मुख्यमंत्री जश्न मना रहे हैं : सीपी सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा में रांची विधानसभा से माननीय पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक श्री सी.पी. सिंह झारखंड गठबंधन सरकार की विफलता के चार वर्ष विषय को लेकर लोहरदगा नगरपालिका अंतगर्त ठाकुराइन तालाब, गुदरी बाजार स्थित अटल भवन में प्रेस को संबोधित किया। मौके पर जिला प्रभारी मनोज मिश्रा,जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस शामिल थे। प्रेस को संबोधित करते हुए सी पी सिंह ने कहा कि झारखंड के प्रत्येक जिलों में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से 4 वर्ष की विफलताओं को लेकर भाजपा द्वारा आरोप पत्र जारी करते हुए अपनी बात को रखी जा रही है। और आरोप पत्र में 4 वर्ष में झारखंड गठबंधन सरकार की



विफलता एवं केंद्र के द्वारा दिए गए राशि का पूर्ण विवरण है। केंद्र सरकार के द्वारा दी गई राशि का खर्च नहीं कर पा रही है साथ ही उसकी हिसाब खिताब प्रस्तुत नहीं करती और केंद्र पर राशि नहीं देने का आरोप लगाती है। झारखंड की गठबंधन सरकार स्थानीय नीति, नियोजन नीति बहाल नहीं कर पाई। लेकिन हर बार सदन में पास करा कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम करती है यह सत्ता के नशे में इतनी चूर हैं कि उसमें कुछ सुझाव को बगैर जोड़े हुए राज्यपाल के पास भेज दिया जाता है। इनके बनाए गए स्थानीय नीति का माननीय न्यायालय ने भी खारिज कर दिया है। इससे स्पष्ट पता होता है कि वर्तमान सरकार केवल आम जनता को ठगने का कार्य कर रही है। इन्होंने कोई नीति तैयार नहीं किया है उनकी नीतियों में भी कूटनीति समाहित होती है। जिसका खामयाजा झारखंड के लोग भुगत रहे। झारखंड सरकार युवा और बेरोजगारों को को भरपूर ठगने का कार्य किया। इस प्रकार से सत्ता में आने से पूर्व 2019 नियुक्ति वर्ष कहा था परंतु या सरकार एक भी नियुक्ति स्वयं से नहीं कर पाई यहां तक की जो भी नियुक्तियां अभी तक हुई है वह पूर्व की भाजपा सरकार रघुवर दास के द्वारा निकाली गई नियुक्तियां थी। स्नाकोत्तर को 7000 एवं स्नातक 5000 रुपया प्रती महीने बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी परंतु एक पैसा नहीं दिया वहीं महिलाओं को निशुल्क शून्य से पी.एच डी तक शिक्षा की बात कही थी उसे पूर्ण करने के बजाय पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा दिए जा रहे हैं महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं को इन्होंने बंद कर दिया। एसटी एवं एससी को स्थानीय रोजगार में आरक्षण की बात कही थी वह भी नहीं लागू कर पाए। कहते हैं पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। और इस सरकार के काले कारनामे शुरुआती दिनों में ही दिख गया था। खान खदान में लूट सरकार के इशारों पर हो रही है सरकार में बैठे लोग आर्थिक लाभ ले रहे हैं। सरकार सफलता के 4 वर्ष का जश्न मना रही है वहीं इसी प्रदेश के दो-दो बड़े नेता इस जेल के अंदर हैं और कई और जाने वाले हैं वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री को इडी लगातार सम्मन भेज रही है। और यह उपस्थित नहीं हो रहे इससे आम जनता में गलत संदेश सरकारी एजेंसियों के प्रति जा रहा है। हम सभी जिम्मेदार व्यक्ति हैं हमें सरकारी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है मुख्यमंत्री का बार-बार इस प्रकार से बहाने बनाना गलत। कल कोई भी नागरिक इसी को सीख मानकर थाना के बुलावे एसीबी के बुलावे को नकार सकता है। आज लोग अपनी पेंशन को लेकर परेशान है किसी का 1 वर्ष तो किसी का 2 वर्ष से खातों में पैसे नहीं आ रहे बहाने यह है कि वह जीवित है या नहीं प्रमाण नहीं मिल रहा जबकि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चल रही है यह दिखावे साबित हो रहे हैं ।दफ्तरों में बिना पैसा काम नहीं हो रहा है मुख्यमंत्री जश्न मना रहे हैं। सड़क बन रहे हैं परंतु गुणवत्ता बिल्कुल नहीं है 2 दिन की सड़क का गिट्टी बिखरा हुआ है अलकतरा नहीं है। सरकार नगर निकाय चुनाव नहीं कर रही है ना ही पिछड़े आयोग का गठन कर पाइ है। जिला प्रभारी मनोज मिश्रा ने कहा कि राज्य का कोई ऐसा वर्ग नहीं है जो इस सत्ता में बैठे लोगों के कार्य शैली से जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है। राज्य के किसान भी परेशान हैं फसल बीमा का भी पैसा प्राप्त नहीं हो पा रहा है किसान दफ्तरों में जाता है तो उधर बताया जाता है कि आपका ऑनलाइन ही नहीं हुआ जबकि किसान सारे कागजात पहले जमा कर दिए हैं अब वह दफ्तरों के चक्कर काट निराशा घर को जा रहे हैं।

## पीड़ितों की सेवा करना जय श्री राम समिति का मुख्य लक्ष्य : ज्योति भगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मेन रोड में पेशरार चैनपुर निवासी बुजुर्ग जगशाई तुरी दुर्घटना में घायल जिससे उनके पैरों में काफी चोट लगी दुर्घटना से घायल जगशाई तुरी को जय श्रीराम समिति नगर कार्यकारी अध्यक्ष व जिला संचालन समिति सदस्य ज्योति भगत एवं नगर अध्यक्ष व संचालन समिति सदस्य दीपक साहू ने तत्काल सदर हॉस्पिटल ले जाकर इलाज करवाई इलाज के साथ-साथ घायल बुजुर्ग को आर्थिक सहयोग की मदद देकर स्वस्थ होने की कामना की। ज्योति भगत ने कहा पीड़ितों की सेवा करना समिति का लक्ष्य रहा है इस लक्ष्य को समिति के सारे लोग मिलकर पूर्ण कर रहे हैं आगे कहा दूर दराज पहाड़ी इलाकों से गरीब पीड़ितों को बहुत ही कठिनाइयों की सामना करनी पड़ती है ऐसे गरीब पीड़ितों की सेवा करने को लेकर समिति हमेशा तत्पर्य रहती है।

## 26 वां बख्तर साय मुण्डल सिंह स्मृति प्रखण्ड स्तरीय विराट रौतिया सम्मेलन का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** 26 वां बख्तर साय मुण्डल सिंह स्मृति प्रखण्ड स्तरीय विराट रौतिया सम्मेलन का आयोजन प्रखण्ड बोलबा के कच्छूपानी स्कूल परिसर में 27 - 29 दिसम्बर तक किया गया. जिसमें 27 दिसम्बर को सुबह 9 बजे भूमी पूजन रौतिया पहान धनेशवर सिंह, निर्मल सिंह और समरू सिंह के द्वारा किया गया। 10 बजे हॉकी और फुटबॉल खेल का उत्घाटन किया गया। शाम 6 बजे से 10 बजे



तक सामाजिक परिचर्चा एवं किर्तन भजन किया गया। 28 दिसम्बर को सुबह 6 बजे प्रभात फेरी किया गया। 7 से 8 बजे तक लाठी तलवार, बच्चों का एथलेटिक्स खेल का प्रदर्शन किया गया। दोपहर 3 बजे से विभिन्न प्रकार के सास्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य आतिथि आखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह उपस्थित थे। फाइनल मैच में हॉकी, फुटबॉल में महिला एवं पुरुष वर्ग का शानदार मैच खेला गया। फुटबॉल पुरुष वर्ग में फाइनल मैच समसेरा और जशपुर छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें जशपुर विजेता रहा वंही समसेरा उपविजेता रहा। पुरुष हॉकी में रनिया और खंजालिया के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें रनिया की टीम विजेता और खंजालोया की टीम उपविजेता रहा। बताया गया कि इस खेल में हॉकी के 48 पुरुष टीम एवं महिला के 10 हॉकी टीम उपस्थित थे।

## सिमडेगा जिला में एथलेटिक्स एशोशियन के द्वारा पहली बार हुआ जिला स्तरीय एशलेटिक्स मीट, कई प्रतिभागियों ने लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला एथलेटिक्स एशोशियन की अध्यक्ष एडलीन केरकेट्टा ने कहा की अब सिमडेगा में हमेशा एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित किए जाएंगे और जिला की टीम भाग लेगी । झारखड्ड एथलेटिक्स संघ निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित समय अनुसार सिमडेगा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा आज 30 दिसंबर को नेता जी सुभाष चंद्र बोस एथलेटिक्स स्टेडियम बाजार तांध सिमडेगा में 1ह्यह्र सिमडेगा जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट




बालक और बालिका 2023 का अस्योजन किया गया। पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता में काफी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसके तहत आयु वर्ग 14,.16 और 18 उम्र सीमा का अलग अलग खेल करता गया। इस प्रतियोगिता में सभी इभेंट्स के प्रथम और द्वितीय स्थान लाने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय, और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जिला टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। सिमडेगा एथलेटिक्स संघ की अध्यक्ष सह पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एडलीन केरकेट्टा ने कहा कि मैं सिमडेगा जिला की ही हूं और खेल के माध्यम से आज अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच के रेलवे में नौकरी कर रही हूं मेरी इच्छा थी कि जिला के खेल के विकास लिए कुछ कार्य करूं, हॉकी में लगातार अच्छा कार्य कर रहे हैं परंतु कुछ खेलों में नहीं हो रहा था विगत कुछ वर्षो से मैं लगातार प्रयासरत थी लेकिन छुट्टियां नहीं रहने के कारण समय नहीं दे पाती थी और वैसे मुझे कोई सहयोगी नहीं मिलता था पिछले दिनों हॉकी सिमडेगा का अध्यक्ष मनोज जी बात की उनका सहयोग का भरोसा मिला तब मैं एथलेटिक्स खेल को सिमडेगा जिला में प्रोत्साहित करने के लिए आगे आई।

## विद्यालय प्रबंध समिति के सुदेश्वर साहु अध्यक्ष और रेशमलाल बने सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा के विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंधन कार्य कारणी समिति की बैठक रामकिशोर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। अयोजित बैठक में विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार एवं प्रांतीय प्रीतिनिधि बिपिन कुमार दास मौजूद थे। वही अध्यक्ष रामकिशोर शुक्ला द्वारा वर्तमान समिति को भंग करने की घोषणा की गई। जिसे की प्रांतीय प्रतिनिधि अखिलेश कुमार द्वारा विद्यालय के संचलन के लिये नया



समिति की गठन के लिये निर्देश दिया गया। वही उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य के सर्वसम्मति से सुदेश्वर साहू को अध्यक्ष और हर्षनाथ महतो को उपाध्यक्ष तथा रेशमलाल साहू को सचिव बनाया गया। साथ ही विजय सोनी को सहसचिव, मंजीत लाल यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं रामकिशोर शुक्ल को संरकक्षक और गौतम कुमार को अभिभावक प्रतिनिधि बनाया गया।

## किसान समय से पशुओं को जोंक का दवा दिलायें और टीकाकरण करायें : डॉ. रोहित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड शी के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत मुर्कि ग्राम में बाएफ संस्था और एच. डी. एफ. सी बैंक द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित पशु शिविर कार्यक्रम में पशु चिकित्सक डॉ. रोहित ने लाभुक किसानों को गाय, बकरी, शूकर पालन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही पशुओं का बीमारी और बचाव के बारे में बताते हुए कहा कि समय पर पशुओं को बीमारी से बचाव के लिये जोंक और कृमि का दवा खिलाने तथा टीकाकरण कराने के लिये निर्देश दिया। साथ ही मौसम के अनुसार जानवरों का रहने या रखने के बारे में बताते हुए कहा कि जाड़ा, गर्मी और बरसात में पशुओं को रखने का व्यवस्थापन करने के लिये पशुपालक किसानों को बताया गया। वही आयोजित शिविर में बाएफ संस्था द्वारा पशुपालक किसानों के बीच विटामिन, प्रोटीन, कृमि व जोंक का दवा मुफ्त में वितरण किया गया। मौके पर शिविर में बाएफ संस्था से प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रवीण कुमार, अनशुमन पाढी, फिल्ड गाईड सुमरारेन बखला के अलावे रामजीत उराँव, सहदेव उराँव, आशिक अंसारी, मनोज उराँव सहित सैकड़ों पशुपालक किसान उपस्थित थे।

## इदारा-ए शरिया तहरीके बेदारी व इसलाहे मोआशरा कांफ्रेंस की हुई समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा ईदगाह मैदान मे अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा द्वारा इदारा-ए शरिया तहरीके बेदारी व इसलाहे मोआशरा कांफ्रेंस का विगत 18दिसंबर 2023 को आयोजित जलसा का समीक्षा बैठक लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी की अध्यक्षता में शनिवार को हाजी अफसर कुरैशी के निवास स्थान में संपन्न हुआ। बैठक में हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि जेमैतूल कोरेश इस्लाम नगर और राहत नगर के नव जवानों का काफी अच्छा



योगदान था किसी भी आयोजन का सफल करने में युवा कार्यकर्ता से ही संभव होता है। नौजवानो का बहुत ज्यादा मेहनत रहा और ग्रामीण क्षेत्रों के अंजुमन इस्लामिया के सदर वा सेक्रेट्री और अवाम का सहयोग मिला। समीक्षा बैठक में आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया और बाकी राशि को बाबा दुखन शाह में मजार कमेटी को देने का निर्णय लिया गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी अफसर कुरैशी, मौलाना रियाजुद्दीन अंसारी, महिबुल्लाह अंसारी, मुख्तार अंसारी, इमरान आजाद अंसारी, इमतियाज अहमद, जहूर अंसारी, हनीफ अंसारी, फिरोज अंसारी, अब्दुल रऊफ खान, यूसुफ अंसारी, मुमताज अंसारी, हातिम अंसारी, ऐनुल अंसारी, हाजी शमसेर कुरैशी, मोबीन हाफिज मोबीन आदि उपस्थित थे।

## अयोध्या से श्री रामलला का पूजित अच्छ्त गजनी ग्राम पहूंचा रामभक्तो ने ढोल नगाड़ो से किया स्वागत



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 दिसंबर शनिवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय से अयोध्या श्री राम जन्मभूमि से आये हुए श्री रामलला का पूजित अच्छ्त गजनी ग्राम मे लाया गया जहाँ राम भक्तो ने ढोल नगाडो बाजे गाजे से भव्य स्वागत करते हुए अच्छ्त कलश को ग्राम भ्रमण कराया तत्पश्चात अच्छ्त कलश को देवी मंडप मे रखा गया। विदित है कि 22 जनवरी को अयोध्या श्री राम जन्मभूमि मे भव्य मन्दिर व श्री राम लला की मुर्ति का अनावरण कार्यक्रम को पुरे देश भर मे एक उत्सव के रुप मे मनाने का रामभक्तो ने निर्णय लिया है,वही उस दिन मंदिरो मे कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखने एवं हर घर मे दीपक जलाकर एक विशेष उत्सव मनाने का निर्णय राम भक्तो ने लिया है उसी के निमित हर घर मे पूजित अच्छ्त वितरण व आमंत्रण दी जा रही है। इस अवसर पर राधेश्याम साहू, गोपाल महतो, अजय महतो, पूजन साहू, विकास महतो, महेश महतो, मालती देवी, कौशल्या देवी, राखी देवी, करण महतो इत्यादि राम भक्त कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## कैरो सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर प्रवंधकारिणी समिति का पुनर्गठन, शरत कुमार विद्यार्थी बने अध्यक्ष



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत विद्या विकास समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पुरानी प्रवंधकारिणी समिति को भंग कर 30 दिसंबर शनिवार को नई प्रवंधकारिणी समिति का गठन कर दिया गया है। नई प्रवंधकारिणी समिति का पुनर्गठन एक बैठक आहुत कर सर्वसम्मति से शरत कुमार विद्यार्थी को अध्यक्ष बनाये जाने के लेकर बैठक मे प्रस्ताव आया जिसे बैठक मे सभी लोगो ने उक्त नाम की सहमति जताते हुए विद्यार्थी को अध्यक्ष घोषित किया गया वही उपाध्यक्ष मे डा0 भोला प्रसाद एव बजरंग सोनी सचिव संजय कुमार साहू, एवं सुरेन्द्र कुमार साहू को सह सचिव एवं मुरारी सोनी को कोषाध्यक्ष के नाम की घोषणा विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार एवं संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास के उपस्थिति मे की गई। पदेन सद्स्य विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद, बजरंग सोनी, एवं शम्भु सोनी वही सद्स्य बीरेन्द्र साहू, रामलखन साहू, सुचिता देवी, सुमन उराँव व विनोद रविदास को नई कमिटी मे सद्स्य बनाया गया है। वही विशेष आमंत्रित सद्स्य बालेश्वर साहू, सुकरा उराँव, आनन्द साहू,धर्मशाय उराँव, अमरदीप उराँव को चयनित करते हुए शांति मंत्र के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

## संत लूकस मण्डली किलेसेरा में नव निर्मित गिरजाघर संस्कार दिवस में शामिल हुए पूर्व मंत्री



**बोलबा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के किलेसेरा में संत लूकस मंडली नव निर्मित गिरजाघर आशीष संस्कार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का , विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतियस बागे शामिल हुए। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों के द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए मंच तक ले जाया गया जिसके बाद फादर कुलदीप बेक के द्वारा विशेष धार्मिक मिस्सा पूजा का आयोजन किया। जिसका सहयोग फादर राफेल केरकेट्टा, फादर शांतिएल समद के द्वारा किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा आज बहुत ही पवित्र दिन है जहां पर हम सभी एकत्रित होकर परमेश्वर की प्रार्थना के लिए बनाए गए नव निर्मित गिरजाघर के आशीष संस्कार में शामिल हुए है । परमेश्वर ने हम सभी का उद्धार के लिए मानव रूप में अवतार लेकर हम सभी का कल्याण किया हम इस परमेश्वर को याद करने के लिए गिरजाघर में प्रार्थना करते हैं। हम सभी समाज में पहले बुराई कुरीति अंधविश्वास तथा समाज में कलीसिया समुदाय को मजबूत करने के लिए सभी प्रकार के प्रयास करना की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को आगे आने के लिए आवाहन करता हूं ।उन्होंने कहा कि जब मैं मंत्री था उसे समय कोरेबिरा विधानसभा में कुल 33 नए गिरजाघर का निर्माण हुआ था और आज पुन~ गिरजाघर का आशीष संस्कार हो रहा है। जिसकी शुरुआत मेरे कार्यकाल में हुई थी और मुझे गर्व हो रहा है कि इसकी संस्कार कार्यक्रम में मैं पहुंचा हूँ।अपने धर्म समुदाय और समाज को संगठित करने के लिए सभी लोग प्रयास करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार की राजनीति हो रही है यह किसी से छिपा हुआ नहीं है भोले भाले लोगों को बरगलाकर राष्ट्रीय पार्टियों के द्वारा सिर्फ वोट लेने का कार्य करती है लेकिन जब कार्य की बारी आती है तो पीछे हट जाते हैं। आज इस क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं वह दूर नहीं हुई ,आज भी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं। इसलिए अपने कलीसिया समुदाय को मजबूत करने के लिए संगठित होकर योग्य व्यक्ति को चयनकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका दें। जिससे कि समाज का उत्थान हो सके।मौके पर अमन खेस, ललित आदि उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार लागू करें सरना कोड नहीं तो होगी आर्थिक नाकेबंदी : चैतू उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिला में विभिन्न आदिवासी संगठन द्वारा भारत बंद का कार्यक्रम किया गया। भारत के 12 करोड़ आदिवासी का पुराना मांग सरना धर्म कोड है परंतु केंद्र सरकार लंबे समय से लटका के रखा हुआ है। झारखंड सरकार अपने राज से पास कर भारत सरकार को भेजा हुआ है परंतु भारत सरकार का किसी तरह का कोई जवाब नहीं मिल रहा है। इसलिए आदिवासी समाज का आशा टूटता जा रहा है जिसका परिणाम आए दिन सड़कों पर उत्तर रहे हैं इस बंदी से भारत सरकार नहीं चेती तो आगे आर्थिक नाकेबंदी भी किया जा सकता है। आज कचहरी चौक लोहरदगा स्टेशन में सवारी ट्रेन



को भी रोका गया क्योंकि आदिवासी को अधिकार नहीं मिलने के कारण बहुत दुखी हैं। हमेशा सरकार आदिवासियों को कमजोर समझते आ रहा है इसलिए आदिवासी रोड जाम रेल जाम कर अपने ताकत को दिखाने का प्रयास किया। मौके पर जिला सरना समिति के अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि यदि भारत सरकार आदिवासियों को जल्द सरना कोड नहीं देती है तो लोहरदगा में आर्थिक नाकेबंदी किया जाएगा। इस बंदी में जिला राजी पड़हा लोहरदगा के अध्यक्ष सह जिला सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष सोमदेव उरांव, लोहार समाज के केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा, पूर्व मुखिया वीरेंद्र उरांव, जिले के सचिव सरना समिति यशपाल भगत, जिला सरना समिति के महिला प्रमुख, आदिवासी छात्र संघ के सचिन फूलचंद उरांव, पड़हा व्यवस्था के गोसाई भगत, सुरेंद्र उरांव, राजीव पड़ा प्रार्थना सभा दिनेश उरांव, लक्ष्मण लोहरा, प्रमोद उरांव, आकाश भगत, सुंदरमणी उरांव, रानी उरांव, जर्मनी उरांव, फूल कुमारी, क्रिकेटर निर्मला उरांव, सनी उरांव, बिहारी उरांव, दीपक उरांव, शुक्र उरांव, कृष्ण लोहरा, रंजीत लोहरा, शंकर लोहरा, उदय उरांव, तथा आदिवासी संगठन के सभी अधिकारी एवं ग्रामीण कैरो के जिला परिषद सुखदेव उरांव उपस्थित थे।

गोंडवाना विकास विद्यालय परिसर में वेलफेयर सोसाइटी का तृतीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न

## समाज के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार को बढ़ावा देना ही हमारा उद्देश्य : देवनंदन प्रधान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** गोंडवाना विकास विद्यालय सलडेगा परिसर में गोंडवाना वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित चार दिवसीय गोटूल केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण, शिविर वार्षिक बैठक सह पिकनिक मिलन समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। सबसे पहले पदाधिकारियों ने गत वर्ष के आय - व्यय को सदस्यों के बीच रखे और आने वाले वर्षो के लिए कार्य योजना तैयार किए। वेलफेयर सोसाइटी का समिति विस्तार किया गया जिसमें सर्व सहमति से पुनः श्री देवनंदन प्रधान को अध्यक्ष नियुक्त किया गया और पिछले वर्ष के समिती और कार्यकारिणी को अगले वर्ष के लिए स्वीकारा गया। श्री देवनंदन प्रधान ने



पुनः अध्यक्ष नियुक्त होने पर सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सामाजिक प्राणि होने के नाते समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के लिए जागरूक कर उन्हें सुझाव और आर्थिक सहयोग देना हमारा कर्तव्य है। वेलफेयर सोसाइटी समाज के लिए कई लोगों को रोजगार और उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग कर रहा है। कई गांव में गोटूल केंद्र स्थापित कर नौनिहालों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। सोसाइटी के संरक्षक कमलेश्वर मांझी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया और सोसाइटी के उद्देश्यों को पढ़ कर सुनाए और कहा कि निस्वार्थ भाव से हम समाज को नई दिशा में ले जाने के लिए जुड़ें हैं। समाज के प्रमाण पत्र के कारण हमें नौकरी मिली है इसलिए समाज का सेवा करना हमारी जिम्मेदारी है। *गोटूल केंद्र के शिक्षकों को सम्मानित किया गया* चार दिन से आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विभिन्न गोटूल केंद्र के शिक्षकों को पदाधिकारियों ने प्रमाण पत्र और आर्थिक सहयोग देकर सम्मानित किया। गोटूल केंद्र के लिए दरी और पठन पाठन सामग्री की व्यवस्था किया गया। चार दिन के इस प्रशिक्षण शिविर में उन्हें पढ़ाने का तरीका, विषय वस्तु की जानकारी और विद्यार्थी व्यवहार की जानकारी दी गई। अंत में वार्षिक पिकनिक मिलन समारोह का अयोजन किया गया जहां सबसे पहले सोसाइटी में जुड़े नए सदस्यों का स्वागत किया गया और एक साथ बैठकर समिति के पदाधिकारी और प्रशिक्षु शिक्षक भोजन किए। सभी ने आने वाले वर्षों के लिए एक दूसरे को शुभकामना दिए।

**चलते चलते एक नजर**

## मंत्री की पहल से शहर की लाइफ लाइन सड़को का होगा सुंदरीकरण

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता ):** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की अनुपस्थिति में उनके निर्देश पर गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र की पांच जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल द्वारा कुल 3,07,78,370.55 (तीन करोड़ सात लाख अठहत्तर हजार तीन सौ सत्तर रुपया पचपन पैसा) रुपए की लागत से निर्माण के लिए नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र सिन्हा द्वारा स्थानीय झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेताओं, विभिन्न वार्ड कमेटी के अध्यक्ष, सचिव के साथ मिलकर संयुक्त रुप से भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। इस संबंध में नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि गढ़वा शहर की प्रमुख लाइफ लाइन माने जाने वाली प्रमुख सड़क रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य पथ की सड़क, शिव ढोढा रोड की सड़क, सोनपुरवा राम बांध तालाब सड़क, इंदिरा गांधी रोड सड़क, मदरसा रोड सड़क, शमीम टेलर के पास से नगवा जाने वाली सड़क, टंडवा टांडी पर, पानी टंकी के पास वाली सड़क की स्थिति पिछले 10 वर्षो से अत्यंत जर्जर हो गई थी। इस सड़क से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सूचना के पश्चात मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने इसे काफी गंभीरता से संज्ञान लिया और इन सड़कों को पथ निर्माण विभाग झारखंड द्वारा कुल 3,07,78,370.55 रुपए की लागत से अविलंब बनाए जाने की स्वीकृति दिलवाई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र सिन्हा द्वारा योजनाओं के संवेदक को कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ ही मुहल्ले वासियों को भी काम की गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ-साथ सड़क विकास कार्य में कोई गतिरोध एवं व्यवधान ना हो इसका भी ध्यान रखने को कहा गया। इस मौके पर झामुमो नेता अनीता दत्त, दिव्य प्रकाश केसरी, संतोष केसरी, भरत केसरी, भोला केसरी, उमेश विश्वकर्मा, साबिर अंसारी, आरिफ रजा, सतीश चंद्र, गुड्डू तिवारी, संजू सिंह, राजू कुमार, रोहित कुमार, राकेश मेहता, शशि प्रकाश, संतोष कमलापुरी, सुरेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## बीएसकेडी को पराजित कर ज्ञान निकेतन क्वार्टर फाइनल में

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता ):** 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा की टीम ने बीएसकेडी की टीम को छह विकेट से हराकर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। गोबिंद हाई स्कूल के मैदान में 15वें दिन ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल ने टॉस जीतकर बीएसकेडी की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसकेडी की टीम ने निर्धारित ओवरों में कृष के शानदार अर्धशतक 80 रन के बदौलत छह विकेट खोकर 136 रन बनाए। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा की और से प्रियांशु ने दो विकेट लिया। 137 रनो के लक्ष्य को खेलने उतरी ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा की टीम की और से कुशल के शानदार अर्धशतक 51 रनो की बदौलत पांच गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा के कुशल को मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, पर्यवेक्षक मुजीबउद्दीन खान, सचिव आनंद सिन्हा ने सयुक्त रूप से प्रदान किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डीएसपी संतोष कुमार ने कहा कि खेल में हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। इसकी परवाह किए बगैर खिलाड़ियों को खेल के मैदान में डटे रहना चाहिए। मौके पर विशाल कुमार, अभिषेक, मौसिन, नवनीत, प्रिंस खान, प्रिंस दुबे आदि शामिल थे। कमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी ने निभायी।

**एक जनवरी को भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे दिउड़ी मंदिर**

# मंदिर परिसर में भरा पड़ा है गंदगी का अंबार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग-33 रांची टाटा पथ पर अवस्थित विख्यात प्राचीन कालीन सोलहभुजी मां दिउड़ी मंदिर के प्रांगण में चारो ओर कचरे का अंबार पड़ा है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। मुख्य द्वार के महज पचास मीटर पर तालाब के समीप नारियल के छिलके,डिस्पोजल प्लेट ग्लास कटोरी,बोतल,मलमूत्र से पुरे परिसर में गंदगी और दुर्गंध से श्रद्धालु परेशान हैं। मंदिर के परिसर में एक छोटा सा तलाब है जहां की गंदगी बड़ी-बड़ी बिमारियों को आमंत्रण दे रहा है, पुरे तालाब का पानी पुरी तरह से दूषित हो गया है।जहां एक ओर मां दिउड़ी शक्ति भक्ति और स्वच्छता की प्रतीक है वहीं मंदिर परिसर के चारों गंदगी यहां की साफ-सफाई और उच्च स्तरीय स्वच्छता के मानकों का पोल खोल रही है।मंदिर की तमाम व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए एक ट्रस्ट बनाई गई है जिसका मंदिर परिसर में एक कार्यालय बनाया गया है जहां कर्मचारी भी तैनात हैं पर ताज्जुब की बात है कि मंदिर का देख-रेख रखरखाव और सफाई देखकर साफ तौर पर कहा जा सकता है कि सब बस अपनी ड्यूटी बजाने में लगे हैं। कैसे यह मंदिर स्वच्छ रहेगा और इसका संदेश देश के कोने-कोने तक पहुंचेगा,मन और तन के साथ ही साथ कैसे हर चीज स्वच्छ होगा इससे किसी को कोई मतलब नहीं है।मंदिर परिसर के किसी भी कोने में आप चले जाईए आपको कूड़ा कचरा दिखाई देगा आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है? ये एक बड़ा सवाल है? वास्तव में मंदिर परिसर में को स्वच्छ बनाए रखने में मंदिर परिसर के सफाई कर्मी ,ट्रस्ट के कर्मचारी,दुकानदारों,पहान पुजारियों से लेकर श्रद्धालुओं की बड़ी भूमिका है पर ये स्वच्छता संभव क्यु नहीं हो पा रहा है आखिर कौन अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। प्रतिदिन देश के कोने-कोने से हजारों श्रद्धालु मंदिर में मां दिउड़ी का दर्शन करने आते हैं,वर्ष के प्रथम दिन तो ये संख्या बहुत बड़ी होती है महज एक दिन बाद 1 जनवरी है बावजूद ये गंदगी का अंबार अपना अलग ही रोना रो रहा है।इधर मामले पर ट्रस्ट के कर्मचारी कार्यालय सचिव अरूण शांडिल्य गंदगी पर पत्रकारों के सवाल पर टालमटोल करते नजर आए उनका कहना था हम भीड़ देखते हैं पर भीड़ जाने के बाद गंदगी जो फैल जाती है इसका जिम्मेदारी कौन लेगा इसका जवाब उनके पास नहीं है।वो कहते हैं गंदगी पर ट्रस्ट के बैठक में चर्चा करेंगे। बहरहाल 1 जनवरी के दिन मंदिर में आने वाले हजारों हजार श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से मां दिउड़ी का दर्शन कराने के लिए बांस की बैरिकेडिंग की जा रही है।

## हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस के समय में बदलाव

**रांची :** आद्रा मंडल के तहत कांटाडी स्टेशन पर प्रस्तावित आदिवासी सेंगल अभियान आंदोलन की वजह से ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 30 दिसम्बर को रद्द किया गया था लेकिन अब यह ट्रेन अपने निर्धारित समय के स्थान परिवर्तित समय 11:50 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी। यह जानकारी रेलवे ने आधिकारिक रूप से शनिवार को दी है।



## गरीबों व जरुरतमंदों के लिए वरदान बन चुके हैं शौकत खान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गरीब,असहायों के लिए वरदान बन चुके शहर के शौकत खान अपने जज्बे से गरीबों की सेवा में तल्लीन होकर वर्ष भर विभिन्न प्रकार की सेवा पहुंचाते रहते हैं। समय, साल बदलता है किन्तु बदलते वक्त के साथ जरुरतमंदों की सेवा में ये निःस्वार्थ भाव से लगे रहते हैं। इसी क्रम में शनिवार को भी कम्बल और गर्म कपड़े लेने वालों कि तांता लगा रहा। शहर के प्रखंड कार्यालय के समक्ष स्थित इनके निःशुल्क कपड़ा, चावल, सत्तू, पुस्तक बैंक में आज जब ये अपना कपड़ा बैंक चला रहे थे तभी इनकी नजर एक दिव्यांग पर पड़ी। उन्होने उक्त युवक को फौरन अपने कार्यालय के पास बुलाकर कम्बल समेत जरुरत की अन्य सामग्री उपलब्ध करायी। प्रत्येक वर्ष करीब एक लाख से अधिक गरीबों को ये मदद पहुंचाने का निःस्वार्थ सेवा कार्य करते है। इन कार्यो के लिए इन्हे दर्जनों सम्मान से भी नवाजा गया है। सरल स्वभाव के शौकत ख़ान अपने जज्बे और जुनून से असहाय, बीमार, लाचारों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं चाहे सुख का कार्य हो अथवा दुख का। वर्तमान समय में पड़ रही ठंड की रात में ये अपने घर के सदस्यों के साथ निकल कर गरीब और लाचार लोगों को कंबल उपलब्ध करा रहे हैं। लोग अब यहां तक कहने लगे हैं कि जहां कोई नहीं पहुंचता वहां पहुंचते हैं शौकत ख़ान। आम नागरिकों के सहयोग से कर रहे इनकी निःस्वार्थ सेवा कार्य से इन्हे अपने घर से सराहनीय योगदान मिलता रहा है। तिरंगा यात्रा, शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम समेंत विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यो में ये वर्ष भर लगे रहते हैं। अमूमन दीपावली की रात से निःशुल्क कम्बल वितरण शुरू करते हैं और ठंड रहने तक इनका कंबल वितरण कार्य जारी रहता है। साथ ही मौसम एवं त्यौहारों के अनुसार भी ये अपने बैंक से गरीबों एवं जरुरतमंदों को निःशुल्क सामग्री लगातार उपलब्ध कराते हैं।

## पिकनिक का पल बेहद सुखद : अविनाश देव

*** संत मरियम के शिक्षकों ने पिकनिक का उठाया आनंद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** आज के बदलते दौर एवं भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनों के साथ कुछ वक्त बिताना तो दूर की बात है। लोगों को अपने लिए भी वक्त निकालना मुश्किल होते जा रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव के दिशा निर्देश अधीन शिक्षकों के साथ कुछ यादगार पल व उनके हंसमुख व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श के नेतृत्व में शुक्रवार को कजरी कोयल नदी के तट पर स्कूल के सभी शिक्षकों के लिए एक पिकनिक पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो शिक्षकों ने अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाने के साथ-साथ कई खेल जैसे वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, कैरम बोर्ड, कबड्डी, डांसिंग का भी भरपूर आनंद उठाया। साथ ही इस गेम में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को कैश प्राइज भी वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित श्री देव ने कहा की स्कूल पिकनिक सदैव ही रोमांचित करता है। ये वो समय होता है जो हमारी स्मृतियों में हमेशा ताजा रहता है। प्रकृति की सैर करना पिकनिक के सबसे रोमांचक हिस्से का समय है ,पिकनिक अपने संत मरियम परिवार के साथ बिताये सबसे मनोरंजक और यादगार लम्हों में से एक है। साथ ही साथ इन्होंने कहा कि पिकनिक का आनंद लेने के बाद, हम नए ऊर्जा से भर जाते हैं और हम जीवन के नए सिरे की शुरुआत करते हैं यह बेहद सुखद, मनोरंजक और ज्ञान से परिपूर्ण होता है।मौके पर उपस्थित स्कूल के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास प्रभारी उत्कर्ष देव उप प्राचार्य एस बी शाहा के साथ-साथ सभी शिक्षक गण मौजूद थे।

# सांसद वीडी राम ने की दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** परिसदन भवन में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम जी की अध्यक्षता में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुयी। उक्त बैठक में रांची व्यापार क्षेत्र के महाप्रबंधक उमेश प्रसाद शाह ने दूरसंचार सेवाओं की जानकारी दी एवं एक वर्ष की उपलब्धियां तथा वर्तमान में संचालित योजनाओं के बारे में बताया। सांसद श्री राम ने जनता को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने का सुझाव दिया साथ ही साथ बीएसएनएल टावरों का स्थापना करने का भी निदेश दिया। समिति सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए। महाप्रबंधक ने बताया कि जुलाई 2024 तक डालटनगंज परिचालन क्षेत्र के सभी तीन राजस्व जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में 4त्र मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मुहैया होगी और भारत नेट प्रोजेक्ट के तहत प्रत्येक पंचायत में हाई स्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड की सुविधा पहुंचाई जा रही है। बीएसएनल शहरी क्षेत्रों में 300 एमबीपीएस की सुविधा पहले से ही शुरू की गई है। साथ ही पुराने लैंडलाइन नंबर को फाइबर में कन्वर्ट किया जा रहा है। सदस्यों ने अंतिम व्यक्ति तक संचार सुविधा देने की मांग की। मौके पर दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य अविनाश कुमार वर्मा,संध्या सिंह, राजन तिवारी, चंदन सोनी,ईश्वरी पांडेय और बीएसएनएल के उप महाप्रबंधक राम कृपाल सिंह, सहायक महाप्रबंधक सुनील कुमार, कमलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

**सांसद ने की विद्युत समिति की बैठक :** सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में पलामू जिला विद्युत समिति की बैठक जिला समाहरणालय के सभागार में हुई। बैठक में सांसद श्री राम ने बिजली सबस्टेशन का निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने, जर्जर तारों को बदलने तथा बिजली में सुधार एवं बिजली बिल की विसंगतियों को दूर करने एवं बिजली विभाग को पारदर्शी बनाने संबंधी निदेश दिया। साथ ही कहा कि किसी भी कंज्यूमर पर बिजली का केश दर्ज करने से पूर्व विभाग द्वारा संबंधित को नोटिस देना सुनिश्चित करें। साथ ही सबस्टेशनों के संवेदकों के द्वारा ग्रिड में कार्य करने वाले आपरेटर एवं कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं करने पर संबंधित संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं समय पर भुगतान करने का निदेश दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त पलामू शशि रंजन, महाप्रबंधक बिजली विभाग मनमोहन सिंह, कार्यपालक अभियंता मेदिनीनगर, छतरपुर एवं विधायक प्रतिनिधिगण, सांसद निजी के सचिव अलख दुबे, जिला परिषद सदस्य श्री प्रमोद सिंह एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## आदिवासी सेंगल आंदोलन के चलते चार ट्रेनें प्रभावित

**रांची :** आद्रा मंडल के तहत कांटाडी स्टेशन पर प्रस्तावित आदिवासी सेंगल अभियान आंदोलन के वजह से चार ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 30 दिसम्बर को रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 18602 हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस 30 दिसम्बर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-चांडिल-टाटानगर होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 20898 रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस 30 दिसम्बर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पुरुलिया-कोटशिला-मूरी-चांडिल-टाटानगर होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 22892 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन 30 दिसम्बर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-चांडिल-टाटानगर होकर चलेगी।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आत्मा को जगाया : अमित शाह



**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि वर्षो तक राममंदिर का मुद्दा लटका कर रखा गया। अब 22 जनवरी को अयोध्या में राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। काशी कॉरिडोर का भी निर्माण हुआ। यह शुरुआत देश में शुभ संकेत है। देश की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवें स्थान पर है। प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आत्मा को जगाया है। वर्ष 2046 में जब देश आजादी का 100 वर्ष मनाएगा तब भारत विश्व का श्रेष्ठ देश होगा। नरेन्द्र मोदी को वर्ष 2024 में फिर से पीएम बना दें और 2027 में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री शनिवार को अहमदाबाद प्रवास पर थे। वे श्री स्वामीनारायण गुरुकुल विश्वविद्या प्रतिष्ठानम (एसजीवीपी) में श्री पुराणी स्वामी स्मृति महोत्सव में हाजिरी देने पहुंचे थे। इस दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री ने स्वामीनारायण संप्रदाय के मंच से लोगों को संबोधित करते हुए संप्रदाय के किए कार्यों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वामीनारायण गुरुकुल ने देशभर में अच्छे नागरिक दिए हैं, जिससे देश को लाभ पहुंचा है। ऐसी संस्थाओं ने गुलामी के समय में सनातन धर्म से लोगों को जोड़े रखने का काम किया है। स्वामीनारायण संप्रदाय की अलग-अलग संस्थाएं हैं। यदि ऐसी संस्थाएं गुजरात में नहीं होती तो यहां का शिक्षा संबंधी कार्य कठिन हो जाता। यहां का सर्वशिक्षा अभियान अधूरा रह जाता। शाह ने कहा कि स्वामीनाराण संप्रदाय ने जनजातीय क्षेत्रों में धर्म परिवर्तन होने से रोका है। गौसेवा के संबंध में चर्चा करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि गौसेवा से खेती तक जोड़े रखने का काम गुरुकुल करता है। इस अवसर पर शाह ने गुरुकुल के संबंध में अपनी स्मृतियों को भी साझा किया। इस अवसर पर एसजीवीपी के बालास्वामी ने कहा कि यह देश का स्वर्णयुग है। स्वर्णयुग को जारी रखना है तो वर्ष 2024 में इसे संभाल लेना होगा।

## भाजपा व एआईएमआईएम नेता सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा एवं एआईएमआईएम नेताओं सहित एक दर्जन से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर रंका प्रखंड के खपरो पंचायत के भाजपा नेता पूर्व मुखिया जुम्मन अंसारी, एआईएमआईएम के नेता खपरो पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नाजिर अंसारी, उप मुखिया मुनताजिर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, शफी आलम आदि ने झामुमो प्रखंड टीम रंका के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों ने कहा कि सभी लोग मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। इन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के कुशल नेतृत्व में गढ़वा का जिस गति से विकास हो रहा है यह काफी सराहनीय एवं अभूतपूर्व है। मंत्री श्री ठाकुर से पूर्व आज तक गढ़वा में किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस तरह से विकास कार्य नहीं किया था। आज संपूर्ण गढ़वा में हर क्षेत्र में चौतरफा विकास कार्य हो रहा है। गढ़वा की जनता को अब महसूस हो रहा है कि यहां विकास कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि हैं। गढ़वा में पहले जहां चारों तरफ विकास के नाम पर विरानी छाई हुई थी अब वहीं गढ़वा में जहां भी खड़े हो जाएं हर तरफ विकास की नई रोशनी दिखाई पड़ती है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता की बदलाव की सोच के बदौलत ही आज गढ़वा में बदलाव नजर आ रहा है। गढ़वा की जनता ने जब दिल से चाहा तो विकास के लिए परिवर्तन कर दिया। अब जनता की उम्मीद है पूरी हो रही है। यदि जनता का आशीर्वाद मिलता रहा तो आगे और भी बेहतर विकास कार्य होता रहेगा।

## रांची सहित राज्य के छह जिलों में 17 थानों का 40.48 करोड़ से होगा निर्माण

**रांची :** रांची सहित झारखंड के छह जिलों में 17 थानों के निर्माण के लिए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 40.48 करोड़ की राशि आवंटित कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गृह विभाग से आवंटित राशि से रांची में खलारी थाना 1.65 करोड़ से, रांची में धुर्वा थाना 1.63 करोड़ से, रांची में एयरपोर्ट थाना 1.57 करोड़ से, रांची में नगड़ी थाना 1.63 करोड़ से, रांची में बुंडू स्मार्ट थाना 2.94 करोड़ से, रांची में बरियातू स्मार्ट थाना 2.94 करोड़ से, गोड्डा में बेलबड्डा थाना 03 करोड़ से, राजाभीटा थाना 03 करोड़ से, पथरगामा थाना 3.51 करोड़ से, देओदाड थाना 3.79 करोड़ से,गोड्डा में हनवारा थाना 03 करोड़ से, पलामू में पाटन थाना 2.65 करोड़ से, विश्रामपुर थाना 2.66 करोड़ से, जामताड़ा में बागदाहरी थाना 1.65 करोड़ से, पाकुड में महिला थाना 1.55 करोड़ से, हिरणपुर थाना 1.66 करोड़ से साहिबगंज में बोरियो थाना 1.65 करोड़ से निर्माण होगा।

# मानव सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : बीडीओ

*** गुरी सर्वेश्वरी समूह की ओर से गरीबों के बीच किया गया कंबल व ऊनी वस्त्र का वितरण**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के गुरी गांव में शनिवार को श्री सर्वेश्वरी समूह मरहटिया ग?वा के तत्वाधान में गुरी स्थित प्रार्थना गृह परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां जरुरतमंदों के बीच उंनी वस्त्र व कंबल का वितरण किया गया। इसके पूर्व सर्वेश्वरी समूह के श्रद्धालुओं ने अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विश्रामपुर राज परिवार के अजय बक्सराय, गोष्ठी के अध्यक्ष राम लखन पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विक्रम आनंद, रविन्द्र नाथ दुबे, संजीत मिश्रा, समिति सदस्य आशा देवी, भानू प्रताप सिंह, सुधीर सिंह, संतोष राय आदि ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विक्रम आनंद ने कहा कि गरीबों की सेवा करना बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। अतिथि अजय बक्सराय ने कहा कि मानव सेवा देव सेवा के बराबर है। इस लिए आश्रम के सदस्य जरूरतमंदों तक पहुंचकर उनकी सेवा व मदद करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि हर साधन संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों के मदद हेतु आगे आना चाहिए। इस दौरान सैकड़ों गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर गोष्ठी के अध्यक्ष राम लखन पांडेय, मुख्य अतिथि अजय बक्सराय, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विक्रम आनंद, रविन्द्र नाथ दुबे, समिति सदस्य आशा देवी, भानू प्रताप सिंह, सुधीर सिंह, संतोष राय जय राम मिश्र, राधेश्याम मिश्रा, मलकानी भुईयां, चंद्रदेव राम, विनोद पांडेय, साहेब राम, बीरबल प्रजापति, शिखा देवी, मंगलवाश देवी, सुशीला देवी, ओम प्रकाश पांडे सत्येंद्र मिश्रा संजीत मिश्रा सोनू रूपेश श्रीकांत मिश्रा रघुनाथ सिंह, अनुराधा देवी, श्रैया कुमारी, बिजय यादव शामिल थे।

**शोक सभा का किया गया आयोजन:** विश्रामपुर प्रखंड के गुरी गांव में आयोजित सर्वेश्वरी समूह के कंबल वितरण सह पूजन कार्यक्रम में शोकसभा का आयोजन किया गया। जहां दो मिनट का मौन रखकर गुरी गांव निवासी मृतक युवा स्व अंजनी कुमार मिश्र की आत्मा की शांति को ले प्रार्थना की गई। विदित हो कि अंजनी कुमार मिश्र का निधन 2 दिन पूर्व घर में विद्युत कार्य करने के क्रम में करंट लगने से हो गई थी।